फाल्गुन शुक्ल पक्ष 07, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, गुरुवार
06 मार्च 2025
वर्ष-26, अंक- 35, पृष्ठ-12



पेज 12

रांची का तापमान

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधि. 30.0° | अधि. 30.5° |
| न्यून. 18.0° | न्यून. 15.2° |

₹79500 10 ग्राम

₹976000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 73,730.23 | 86.883 |
| +740.30 | -0.372 |

माह-ए-रमजान

| इफ्तार | सेहरी |
|---|---|
| 5:56 | 4:47 |
| 6 मार्च | 7 मार्च |

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नवचयनित 49 प्रशिक्षण अधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र, कहा

# सभी के सहयोग से ही राज्य का सर्वांगीण विकास संभव

- आईटीआई संस्थानों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का पाठ्यक्रम शामिल करने पर दिया जोर
- नौजवानों को हुनरमंद बनाने एवं रोजगार से जोड़ने के लिए उठाए जा रहे हैं कई कदम

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 49 नव चयनित प्रशिक्षण पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड मंत्रालय में श्रम, प्रशिक्षण, नियोजन एवं कौशल विकास विभाग द्वारा किया गया था। मौक पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्तियों का यह कारवां बढ़ता रहेगा। युवाओं को रोजगार से जोड़कर राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।

### जिम्मेदारियों से भरे एक नए सफर की हो रही शुरूआत

मुख्यमंत्री ने नव चयनित प्रशिक्षण अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। वहीं कहा कि आज से सरकार की एक अभिन्न अंग के रूप में जिम्मेदारियों से भरे नए सफर की आप शुरूआत कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि आप प्रशिक्षण देकर युवाओं के हुनर को इस तरह से निखारेंगे कि उन्हें रोजगार के लिए मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्हें रोजगार के भरपूर अवसर प्राप्त होंगे। वे अपने हुनर तथा क्षमता की बदौलत देश -विदेश में मान सम्मान और गर्व के साथ कार्य कर अपने परिवार और राज्य का नाम आगे बढ़ाएंगे।

शेष पेज 11 पर



### कौशल विकास के साथ रोजगार उपलब्ध करा रही है सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं का कौशल विकास के साथ उनके रोजगार के लिए भी कार्य कर रही है। कैंपस प्लेसमेंट और रोजगार मेला तथा कई अन्य माध्यमों से पिछले वर्ष 50 हजार से अधिक युवाओं को देश-विदेश के संस्थानों में सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराया गया। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि किसी एक व्यक्ति के बलबूते राज्य आगे नहीं बढ़ सकता है । सभी की भागीदारी से झारखंड जैसे राज्य का सर्वांगीण विकास संभव है। इस अवसर पर श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार , श्रम विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, श्रमायुक्त संजीव कुमार बेसरा एवं कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### प्रशिक्षण में नई-नई तकनीकों के इस्तेमाल पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तेजी से तकनीकें बदल रही हैं। औद्योगिक जगत में अत्याधुनिक मशीनों का इस्तेमाल हो रहा है। मजदूरों के कार्य भी मशीनों के जरिए हो रहे हैं। ऐसे में अगर समय के अनुरूप आप अपने हुनर को नहीं निखारेंगे तो जमाने से काफी पीछे रह जाएंगे। रोजगार प्राप्त करना आपके लिए बड़ी चुनौती बन जाएगी। हमारा प्रयास है कि नई -नई तकनीको के माध्यम से आपको प्रशिक्षण मिले ताकि रोजगार के रास्ते आपके लिए हमेशा खुले रहें।

### एक-एक कड़ी को जोड़ने का हो रहा प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई बार पॉलीटेक्निक संस्थानों के विद्यार्थियों ने मुलाकात कर पठन- पाठन एवं प्रशिक्षण को लेकर हो रही समस्याओं से अवगत कराया था। इसी बात को संज्ञान में लेकर आईटीआई संस्थानों को मजबूत और संसाधनयुक्त बनाने का कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में आईटीआई संस्थानों में पढ़ाई और प्रशिक्षण की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में प्रशिक्षण पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई है । यह हमारे द्वारा किए जा रहे प्रयासों का एक हिस्सा है और आने वाले दिनों में इसमें कई और कड़ियां जुड़ेंगी। हमारी कोशिश है कि झारखंड जैसे पिछड़े राज्य में रोजगार को लेकर नौजवानों की चिंताएं दूर हों।

### हुनर अनमोल होता है

मुख्यमंत्री ने कहा कि हुनर का कोई मोल नहीं होता है। हुनर तो अनमोल है। अगर आपके पास हुनर हो तो आपको रोजगार के लिए दौड़ने की जरूरत नहीं है। रोजगार खुद आपके दरवाजे पर आएगा, क्योंकि हुनरमंद को हर कोई अपने साथ जोड़कर रखना चाहता है। यही वजह है कि हमारी सरकार राज्य के नौजवानों के कौशल विकास के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। अब नौजवानों के प्रशिक्षण के लिए टेक्नोलॉजी पर विशेष जोर दिया जा रहा है, क्योंकि तकनीक के जरिए ही आज के युवा आगे बढ़ सकेंगे।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को आईटीआई पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे जीवन का अहम हिस्सा बनता जा रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए तकनीक काफी आगे बढ़ चुका है। आज कृषि हो या उद्योग अथवा कोई और क्षेत्र- हर जगह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल तेज होता जा रहा है। ऐसे में हमारे नौजवान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में आगे बढ़ें, इसके लिए आईटीआई संस्थानों के पाठ्यक्रम में इसे शामिल करने की जरूरत है। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों की मरम्मत का प्रशिक्षण देने के लिए भी कोर्स संचालित होगा।

### युवाओं को एंटरप्रेन्योर एवं स्टार्टअप शुरू करने के लिए तैयार करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हम एक ऐसी व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जहां युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर ना सिर्फ उन्हें रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं बल्कि उनके हुनर को इस तरह से निखारने का प्रयास हो रहा है कि वे एक एंटरप्रेन्योर के रूप में आगे आकर अपना स्टार्टअप स्थापित कर सकें। इससे ना सिर्फ वे रोजगार प्राप्त करेंगे बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार से जोड़ने में सफल होंगे। इसके अलावा राज्य में बेरोजगारी भी कम होगी। वहीं राज्य को भी आमदनी होगी।

## एक नजर

### राहुल गांधी पर कोर्ट ने लगाया 200 रु का जुर्माना

**लखनऊ।** कांग्रेस और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लखनऊ की अदालत में एक बार फिर बुधवार को पेश नहीं हुए। इससे कोर्ट नाराज हो गया और उन पर 200 रुपए का जुर्माना लगाने के साथ ही अगली तारीख पर पेश होने का आदेश दिया। कोर्ट ने अगली सुनवाई पर भी नहीं पेश होने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। राहुल गांधी ने वीर सावरकर को लेकर बयान दिया था।



### झारखंड को जल्द मिलेगा नेता प्रतिपक्ष

**रांची।** झारखंड को जल्द नेता प्रतिपक्ष मिल जाएगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा संसदीय बोर्ड ने झारखंड विधानसभा में भाजपा के विधायक दल के नेता के चयन के लिए 2 केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। दोनों पर्यवेक्षक जल्द ही झारखंड आएंगे और विधायकों से रायशुमारी करने के बाद विधायक दल के नेता का चयन करेंगे। पर्यवेक्षकों के नाम भूपेंद्र यादव और डॉ के लक्ष्मण हैं। भूपेंद्र यादव केंद्रीय वन, पर्यावरण मंत्री हैं। डॉ के लक्ष्मण ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। वह सांसद भी हैं। राष्ट्रीय मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## विधायक प्रदीप यादव ने सदन में रहे मुखर, कहा

# अभियंताओं पर करें कार्रवाई नहीं तो सदन में धरने पर बैठेंगे

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के सातवें दिन सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रश्नकाल के दौरान विधायक प्रदीप यादव ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से जुड़े 100 करोड़ के गबन मामले पर सवाल किया। इसके बाद विभागीय मंत्री और सदन के सदस्यों के बीच जमकर खींचतान हुई। विधायक प्रदीप ने सवाल किया कि स्वर्णरेखा परियोजना के अधीन शीर्ष कार्य प्रमंडल में फर्जी खाता खोलकर करोड़ों रुपये की फर्जी निकासी का मामला वित्त विभाग की जांच रिपोर्ट में आया है। रांची और लोहरदगा में कार्यपालक अभियंता ने एल एंड टी कंपनी की जगह रोकड़पाल के खाते में बिल भुगतान कर बंदरबांट किया है। इस मामले में मुख्य अभियंता प्रभात कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता चंद्रशेखर समेत अन्य अभियंताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।

जवाब में प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि चलते सत्र में जांच कर सभा को अवगत कराया जाएगा। इस पर सत्ता पक्ष की ओर से स्टीफन मरांडी ने कहा कि कार्यपालक अभियंता को बचाने की साजिश चल रही है। स्टीफन मरांडी का साथ देते हुए रामेश्वर उरांव ने कहा कि कार्रवाई को तीन तरीके से पेश किया जाता है। पहला फंसा दो, दूसरा धंसा दो और तीसरा दूध का दूध और पानी का पानी कर दो। उन्होंने कहा कि इस मामले में धंसा दो वाला काम हो रहा है। इसका मतलब है कि अधिकारी को बचाया जा रहा है। पूरे मामले को सिर्फ संतोष कुमार रोकडपाल पर सिर्फ एफआईआर कर मामले को समाप्त नहीं किया जा सकता। मथुरा महतो और हेमलाल मुर्मू ने प्रदीप यादव का पक्ष लेते हुए कहा कि विभागीय जांच का मतलब लीपापोती है। इसलिए प्राथमिकी होनी चाहिए, क्योंकि इस मामले में सिर्फ रोकड़पाल संतोष कुमार पर कार्रवाई की गई है। जब वित विभाग ने सभी को दोषी पाया है तो कारेरवाई एक पर क्यों, इस बीच पूरे मामले में व्यंग करते हुए विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि यदि सत्ता पक्ष के विधायकों को दोषियों पर कार्रवाई करने में इतनी मशक्कत करनी पड़ रही है, तो विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों पर कार्रवाई करने में क्या स्थिति होगी।



रांची और लोहरदगा में कार्यपालक अभियंता ने एल एंड टी कंपनी की जगह रोकड़पाल के खाते में बिल भुगतान कर बंदरबांट किया है

शेष पेज 11 पर

## प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों से लूट पर सर्वोच्च न्यायालय का कड़ा रूख

# केंद्र व राज्य सरकार इस पर स्पष्ट नीति बनाए, ताकि मरीज का शोषण ना हो

अस्पताल अपनी ही फार्मेसी से दवा खरीदने पर मजबूर करते हैं

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने भुक्तभोगी सिद्धार्थ डालमिया की एक याचिका जिसमें है कि प्राइवेट अस्पतालों में किसी बीमारी का उपचार कराने पर बहुत ज्यादा खर्च आ रहा है , कंगाली की हालत हो जा रही है , सो इसके लिए कुछ किया जाना चाहिए , पर सुनवाई करते हुए निजी अस्पतालों को लेकर एक अहम आदेश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र व राज्य सरकारों से इस पर स्पष्ट नीति बनाने को कहा है, ताकि मरीज का शोषण ना हो, यह राज्य की जिम्मेदारी है।सर्वोच्च न्यायालय ने सुनवाई के दौरान इस बात को स्वीकार किया है कि कई बार निजी अस्पताल अपनी ही फामेर्सी से दवा खरीदने पर मजबूर किया जाता है, वहीं ट्रांसप्लांट के नाम भी मरीजों को लूटा जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर भी जोर दिया है कि जो भी नीति बने, उसमें बैलेंस रहना चाहिए।

तर्क दिया गया है कि कई राज्य प्राइवेट अस्पताल पर निर्भर हैं, ऐसे में उनका निवेश ना रुक जाए, इसका भी ध्यान रखना होगा। एनएसओ के मुताबिक सरकारी अस्पताल में भर्ती होने का औसत खर्च 4452 रू. रहता है, जबकि प्राइवेट अस्पताल में यही आंकड़ा 31854 रू. रहता है। कुछ मामलों में प्राइवेट और सरकारी अस्पतालों में खर्च का अंतर 200% तक का हो जाता है।

### ट्रांसप्लांट के नाम भी मरीजों को लूटा जाता है



- सरकारी अस्पताल में भर्ती होने का औसत खर्च 4452 रु.होता है, जबकि प्राइवेट अस्पताल में 31854 रु. होता है
- कई मामलों में प्राइवेट व सरकारी अस्पतालों में खर्च का अंतर 200% तक का हो जाता है

### केदारनाथ की यात्रा होगी आसान, 9 घंटे का सफर केवल 36 मिनट में होगी पूरी

**मोदी कैबिनेट ने दी मंजूरी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम की पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। फैसले की जानकारी देते हुए मंत्री ने कहा, इस परियोजना का बड़ा फायदा यह होगा कि जिस यात्रा में वर्तमान में 8-9 घंटे लगते हैं, इसके बनने के बाद घटकर 36 मिनट की हो जाएगी...इसमें 36 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को केदारनाथ रोपवे परियोजना को मंजूरी दे दी।

शेष पेज 11 पर

# सारंडा में नक्सलियों का आईईडी ब्लास्ट सीआरपीएफ के तीन जवान हुए घायल

नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा।** सुरक्षाबलों द्वारा चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया है। यह घटना बुधवार को जिले के जराइकेला थाना क्षेत्र के बलीबा में हुई है। इस विस्फोट में सीआरपीएफ के तीन जवान घायल हुए हैं। इनमें से दो जवान को मामूली, जबकि एक जवान को ज्यादा चोट लगी है। घायल जवानों को एयरलिफ्ट करने के लिए रांची से हेलीकॉप्टर चाईबासा भेज दिया गया है।

**सर्च अभियान के दौरान हुआ ब्लास्ट :** जानकारी के मुताबिक, सीआरपीएफ का 197 बटालियन सर्च अभियान चला रहा था। इस दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट हो गया। इसमें सीआरपीएफ के तीन जवान घायल हो गए। घायल जवानों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची एयरलिफ्ट किया जा रहा है।



शेष पेज 11 पर

## इंडिया

# टूट रहे विवाह प्री वेडिंग शूट से



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत में विवाह किसी भी परिवार का चाहे वह अमीर हो या गरीब सबसे बड़ा आयोजन होता है जो सामान्यतः जीवन में एक ही बार होने के कारण ऐतिहासिक होता है इसी लिए इसके लिए वर्षों की तैयारी और क्षमता से अधिक खर्च कर लोग इसे एक दिन का सही राजसी रूप देने का प्रयास करते हैं। यह पैसेवालों के लिए वैभव और पुराने रईसों के लिए शक्ति प्रदर्शन के अवसर में बदल गया है जिसमें देखादेखी या प्रतिष्ठा के नाम पर खेत बेचकर बंधक रखकर भी दिखावा करने वाले लोगों की संख्या बहुत है । आजकल इसमें नई नई बुराइयां बढ़ती जा रही हैं जो फिल्में देखकर या पश्चिमी संस्कृति की नकल करने के कारण बढ़ी हैं। इसमें विवाह के वैदिक या संस्कार गौण होते जा रहे हैं और अपने को मॉडर्न या अल्ट्रामॉर्डन साबित करने की होड़ में फूहड़ता की सारी सीमाएं लांघी जा रही हैं। इन चोंचलों में वरमाला के समय दुल्हन के हाथों शराब पीना या डांस करना से लेकर दुल्हन का राइफल से हवाई फायर करना तक शामिल है। इसके लिए तैनात वीडियोग्राफर और कैमरामैन वर वधु को ऐसे घेर लेते हैं कि उनकी झलक के लिए इकट्ठे रिश्तेदार मुंह ताकते रह जाते हैं। यही हाल विवाह के समय के सात फेरों, कन्यादान और पाणिग्रहण संस्कार का है जो औपचारिकता बनते जा रहे हैं। सबसे वीभत्स काम विवाह पूर्व कन्या और वर का फिल्मों की तरह प्री वेडिंग शूटिंग है जिसमें शूट की हुई फिल्में देखकर पार्टी के समय मेहमानों के मुंह खुले के खुले रह जाते हैं और कई बार घरवालों को भी शर्मिंदा होना पड़ता है जब नई बहुरानी बड़ी स्क्रीन पर बिकनी पहने डांस करती या दूल्हे राजा को चूमा चाटी करती दिखती है।हाल ही में असम में ऐसी शूटिंग के बाद सगाई टूट गई क्योंकि वर वधु ने शराब पीकर न सिर्फ सारी सीमाएं लांघ दीं थीं बल्कि अपने पूर्व के अंतरंग संबंधों के राज से पर्दा उठा दिया था। इन घटनाओं से आहत कई संपन्न परिवारों ने इस पर रोक लगानी की है।समाज भी जागृत हुआ है भोपाल में जैन, सिंधी और गुजराती समूहों ने विवाह पूर्व फोटोशूट और विवाह के दौरान पुरुष कोरियोग्राफरों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है क्योंकि वे "परंपराओं का उल्लंघन करते हैं" और "संबंधों को तोड़ते हैं" और "परिवारों के लिए शर्मिंदगी" हैं।भोपाल के सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष कहते हैं, "यह पैसे खर्च करने की बात नहीं है, बल्कि अश्लीलता फैलाने की बात है।" "शूटिंग के दौरान, सगाई करने वाले जोड़े को अजीबोगरीब पोज में फोटो खिंचवाते हैं, वह भी शादी से पहले। कई बार सगाई टूट जाती है और परिवारों को शर्मिंदगी उठानी पड़ती है।"अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन ने देश भर में प्री-वेडिंग शूट पर प्रतिबंध लगा दिया है। छत्तीसगढ़ समेत देशभर में अब शादी से पहले कपल फोटो-वीडियो शूट नहीं कराएंगे। रायपुर में संगठन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल ने कहा कि, इससे कई रिश्ते पहले ही टूट रहे और वैवाहिक संबंध में भी दरारें आ रही हैं। लाखों में होता है वेडिंग और प्री-वेडिंग का पैकेज कई फोटो स्टूडियो या फोटोग्राफर, वेडिंग और प्री-वेडिंग मिलाकर भी पैकेज देते हैं। इसमें कम से कम 5 से 6 दिनों का काम होता है। इस पैकेज के लिए कम से कम 1 लाख से लेकर 2.5 लाख तक आता है। इस पैकेज में फोटो, वीडियो और ड्रोन जैसे शूट शामिल रहते हैं। इसमें फोटोग्राफर के साथ प्री-वेडिंग से लेकर पूरी शादी का कॉन्ट्रैक्ट रहता है। इसके लिए अलग-अलग लोकेशन के हिसाब से यह खर्च और भी बढ़ता है।



## अमेरिकी संसद में दिए पहले भाषण में ट्रंप का ऐलान

# 2 अप्रैल से भारत पर 100 फीसदी टैरिफ लगाएंगे

वाशिंगटन (आईएएनएस)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए एक बार फिर रेसिप्रोकल टैरिफ की बात की। उन्होंने कहा कि अब हाई टैरिफ के बदले रेसिप्रकोल टैरिफ लगाया जाएगा। अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कई बड़े ऐलान किए। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, कनाडा, मेक्सिको, भारत और दक्षिण कोरिया जैसे देश अमेरिका पर उच्च टैरिफ लगाते हैं। उन्होंने घोषणा की कि 2 अप्रैल से इन देशों पर रेसिप्रोकल टैक्स लगाए जाएंगे, यानी जो देश अमेरिका पर टैक्स लगाते हैं, अमेरिका भी उन देशों पर उतना ही टैक्स लगाएगा। ट्रंप ने कहा कि यह कदम अमेरिकी अर्थव्यवस्था को निष्पक्षता और संतुलन प्रदान करने के लिए उठाया जा रहा है। अपने भाषण में ट्रंप ने कहा, हम पहले 1 अप्रैल से यह लागू करना चाहते थे, लेकिन अप्रैल फूल के कारण इसे अब 2 अप्रैल से लागू करेंगे।



शेष पेज 11 पर

## झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 12 को

**रांची।** मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक 12 मार्च को पूर्वाह्न 11:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन )स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

## लोकल फॉल्ट के कारण कई मुहल्लों में घंटों कटी रही बिजली

**रांची।** लोकल फॉल्ट के कारण बुधवार को रांची शहर के आसपास के इलाकों में बिजली की खूब आंख मिचौनी चली। कई क्षेत्र ऐसे थे, जहां पर घंटों बिजली आपूर्ति ठप रही। बहुबाजार में दोपहर के समय घंटों बिजली आपूर्ति ठप रही। वहीं, सुबह में भी लोकल फॉल्ट के कारण बाधित बिजली आपूर्ति हुई। इसके अलावा तकनीकी खराबी के चलते मिल्लत कॉलोनी, हाजी मार्केट इलाका, बोड़ेया में सुबह करीब छह से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। हालांकि शिकायत के बाद इसे ठीक कर दिया गया। आज हटिया सब स्टेशन से बंद रहेगी बिजली हटिया सब स्टेशन से 11 केवी लटमा फीडर से गुरुवार सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। वहीं, तुपुदाना सब स्टेशन से 11 केवी सतरंजी फीडर से भी सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक बिजली कटी रहेगी।

आंखो देखा सदन | बजट में आय-व्यय पर चर्चा के बाद सरकार ने दिया उत्तर

# अबुआ बजट गांधी व अंबेडकर के विचारों वाला बजट : वित्तमंत्री

### हरिजन विद्यालय का नया नाम अनुसूचित जाति विद्यालय होगा





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधान सभा बजट सत्र 2025-26 के सातवें दिन आय व्यय पर चर्चा हुई, जिसके बाद सरकार ने अपना उत्तर सदन के समक्ष रखा। वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बजट पर सरकार का उत्तर देते हुए कहा कि अबुआ बजट पर दो दिवसीय चर्चा हुई जिसमें 15 सदस्यों ने भाग लिया। वित्तमंत्री ने कहा कि बजट में राजनीति की गंजाइश नहीं रह जाती है, क्योंकि राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता परिवार है और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार के मुखिया हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष कहती है कि कल्याणकारी योजनाओं में सरकार कटौती की है उनको बताना चाहता हूं कि योजनाओं में मामूली कटौती की गई है। वहीं यह भी बताना चाहूंगा कि मंईयां सम्मान योजना की राशि किसी दूसरे योजना मद से नहीं ली जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र से हम भीख नहीं मांग रहे, केंद्रीय करों में राजस्व की हिस्सेदारी होती है उसी का अनुदान मांग रहे हैं। यह भी कहा कि हरिजन शब्द प्रयोग करना गलत है तो हरिजन विद्यालय के जगह अनुसूचित जाति शब्द का प्रयोग किया जाएगा और सारे हरिजन विद्यालय के नाम बदलकर अनुसूचित जाति विद्यालय रखे जाएंगे। वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि अबुआ बजट हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महात्मा गांधी और भीमराव अंबेडकर के विचारों वाला बजट है।

वहीं विधानसभा में विपक्ष ने सत्ता पक्ष पर कई आरोप लगाए। उन आरोपों को सत्ता पक्ष ने जवाब देने की कोशिश की और कुछ मामलों के जवाब के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। सदन में स्वर्ण रेखा परियोजना के अधीन शीर्ष कार्य मंडल में फर्जी खाता खोलकर करोड़ों रुपए के अवैध निकासी के मामले को लेकर गहमा गहमी रही और मंत्री योगेंद्र प्रसाद पर कार्यपालक अभियंता को बचाने के आरोप भी लगे। वहीं जल जीवन मिशन, पथों के निर्माण, गांवों को पंचायत का दर्जा, सरकारी नौकरी की मांग, बेरोजगारी भत्ते की मांग, विस्थापितों के पुर्नवास, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, वृद्धा पेंशन की मांग सदन में गूंज रही थी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरन ने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट के अलावे अन्य जगहों पर भी भू-अर्जन सरकार ने की है। समय - समय पर उन विस्थापितों से बात होती आ रही है। उन्होंने कहा कि कुछ गांव ऐसे हैं जो निगम से संक्रमित है, जिनमें न तो निगम जैसी सुविधा उपलब्ध है और न ही पंचायती राज्य की योजनाएं। ऐसे में उन गांवों का विकास थम गया है। श्री सोरेन ने बताया कि उन गांवों को पंचायत का दर्जा देने के लिए केंद्र सरकार से वार्ता के बाद ही संभव है।

## सेल अधिग्रहित भूमि पर बसे गांवों में सुविधाएं बहाल पर सरकार करेगी पहल : हेमंत सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने विधानसभा में सेल द्वारा अधिग्रहित भूमि पर बसे पुराने गांवों में बुनियादी सुविधाओं की कमी का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि विस्थापित ग्रामीणों ने अपनी जमीन दी, लेकिन वे अब भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं और खानाबदोश जैसी स्थिति में जीने को मजबूर हैं। इन गांवों को पंचायत की सूची में शामिल नहीं किया गया है, जिससे लगभग 50 से 60 हजार की आबादी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित है।

इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जवाब देते हुए कहा कि इन गांवों को पंचायती राज व्यवस्था में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार से बातचीत करनी होगी। हालांकि, सरकार अधिग्रहित गांवों में बुनियादी सुविधाएं बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए जल्द ही सेल प्रबंधन से चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि सेल के अधिकारी आज उनसे मुलाकात करने आ रहे हैं और अधिग्रहित इलाकों के रखरखाव व सुविधाओं की बहाली को लेकर उनसे बातचीत की जाएगी।

### बोकारो उपायुक्त को उद्दंड बताया विधायक ने

## स्पीकर ने विशेषाधिकार के रक्षा की बात कही



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र में बुधवार को बजट पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह ने बोकारो डीसी विजया जाधव की शिकायत सूचना के माध्यम से दी। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो को बताया कि उनके साथ बोकारो डीसी ने फोन पर बदतमीजी की है। उन्होंने ऐसे अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इस पर चंदनकियारी के विधायक उमाकांत रजक ने श्वेता सिंह का समर्थन किया। कहा कि बोकारो डीसी बहुत ही उद्दंड हैं। हमलोग जनप्रतिनिधि हैं। हमारा विशेषाधिकार है।

श्वेता सिंह व उमाकांत रजक की शिकायत पर स्पीकर ने कहा कि संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आपकी बातों पर संज्ञान लिया है। सबके सम्मान की रक्षा होगी। निश्चित रहें, नियमानुसार कार्रवाई होगी। संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था है। सदन में सदस्यों का विशेषाधिकार है। जिस प्रकार से आपने डीसी की शिकायत की है, इससे प्रतीत होता है कि आपको दुख हुआ है। भरोसा रखें सरकार पक्ष-विपक्ष के सभी सदस्यों के विशेषाधिकार की रक्षा करेगी। इस पर व्यक्तिगत रूप से बात की जायेगी। इधर श्वेता सिंह ने बोकारो डीसी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का मामला लाने की बात भी कही।

## स्पीकर की मनमानी के कारण भाजपा ने किया सदन से वॉकआउट : मरांडी

- *अवैध कोयला तस्करी के लिए झामुमो कर रहा नाकेबंदी का नाटक*
- *रॉयल्टी बकाया, विस्थापन कांग्रेस की देन जिसकी गोद में खेलता और खाता है झामुमो*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा के विधायकों ने आज बजट पर चल रहे वाद विवाद के बीच सदन से वॉकआउट किया। सदन के बाहर मीडिया से बात करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष सदन को मनमाने ढंग से चलाना चाहते हैं। सत्ता पक्ष को बोलने में तरजीह दी जाती है, आसन के द्वारा ज्यादा समय दिए जाते हैं ।

कहा कि वहीं जब विपक्ष के सदस्य जब बोलने के लिए खड़ा होते हैं तो बार बार टोका टोकी की जाती है। कहा कि आज भी कुछ ऐसा . हुआ। भाजपा विधायक नीरा यादव जब सदन में बोल रही थी तो सत्ता पक्ष के विधायकों ने टोका।

कहा कि दुर्भाग्य जनक यह है कि आसन से उनको संरक्षण प्राप्त हुआ। नीरा यादव ने स्पीकर । से टोका टोकी में बर्बाद समय के बदले समय की मांग की तो अध्यक्ष ने अस्वीकृत कर दिया। यह पूरी तरह से मनमानी है। सत्ता पक्ष के इशारे पर विपक्ष की बातों को दबाने की साजिश है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। भाजपा के विधायकों ने आज इस मुद्दे पर विरोध दर्ज करते हुए सदन से वॉकआउट किया। झामुमो द्वारा खनिजों की नाकेबंदी की घोषणा पर श्री मरांडी ने कहा कि यह झामुमो की पुरानी आदत है। ये सब केवल कोयले की अवैध ढुलाई के लिए दिखावा है। उन्होंने कहा कि आज प्रतिदिन धनबाद, बोकारो से 400 से 500ट्रक कोयले की अवैध ढुलाई हो रही। जिसे राज्य सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन का पूरा संरक्षण प्राप्त है।

केंद्र सरकार पर बकाए की बात पर कहा कि बार-बार ब्रेकअप मांगने के बाद भी झामुमो यह नहीं बताता कि कब का कितना बकाया है। उन्होंने कहा कि आज जिस कांग्रेस पार्टी की गोद में बैठकर झामुमो खेल रहा है,खा रहा है,ये सब उसी कांग्रेस पार्टी की देन है।

राज्य में चाहे सीसीएल, बीसीसीएल, एचईसी के विस्थापितों की समस्या हो इसके समाधान केलिए कांग्रेस पार्टी ने 60वर्षों के शासन में कोई चिंता नहीं की। कहा कि आज मोदी सरकार राज्य की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है लेकिन कांग्रेस झामुमो को समाधान की चिंता नहीं। इन्हें राज्य को लूटने का केवल अवसर चाहिए।

## होली को लेकर विस की कार्यवाही 17 को स्थगित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आज बजट सत्र सातवें दिन सदन के कार्यवाहियों के अतिरिक्त झारखंड विधानसभा में अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो के कार्यालय कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई। बैठक में होली के त्योहार के मद्देनजर सदस्यों के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए चलते बजट सत्र के 17 मार्च के कार्यदिवस को स्थगित करते हुए उस दिन होने वाली सदन में समस्त कार्यवाहियों को 22 मार्च को लिए जाने का निर्णय लिया गया।

विधानसभा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में नागरमल मोदी सेवा सदन ब्लड सेंटर के तत्वाधान में झारखंड विधानसभा परिसर में तीन दिवसीय ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया जा रहा है। इस ब्लड डोनेशन कैंप में भारी संख्या में लोग रक्तदान कर रहे हैं। बुधवार को सांकेतिक रूप से विस अध्यक्ष के विशेष कार्य पदाधिकारी विवेक कुमार, राहुल कुमार, स्टेट प्रोटोकॉल ऑफिसर रविंद्र कुमार मिश्रा ,प्रशाखा पदाधिकारी झारखंड विधानसभा के अतिरिक्त अन्य लोगों ने भी रक्तदान किए।

## पत्नी की हत्या के आरोपी पति को नहीं मिली जमानत

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त 6 की अदालत ने दहेज हत्या के आरोप में जेल में बंद मृतका का पति टिंकू कुमार यादव उर्फ टिंकू कुमार की नियमित जमानत याचिका सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। आरोपी ने घटना का अंजाम 27 मार्च 2024 को दिया था। चुटिया पुलिस ने आरोपी को 16 अक्तूबर 2024 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से वह जेल में ही है। घटना को लेकर मृतका का पिता ने चुटिया थाना में मार्च 2024 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना का अंजाम शादी के दूसरे साल दिया गया था। दोनों की शादी 30 जनवरी 2023 को हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद, वह अपने ससुराल वालों द्वारा मारपीट और क्रूरता का शिकार हुई। यह भी आरोप है कि 27 मार्च 2024 को सुबह लगभग 06:42 बजे उसकी बेटी ने उसे फोन करके बताया कि उसे एक कमरे में बंद करके रखा गया है और उसके ससुराल वालों द्वारा उसे खाना नहीं दिया जा रहा है। उसके बाद, लगभग 10.24 बजे उसे बताया गया कि उनकी बेटी की मौत हो गई है। तथ्यों और परिस्थितियों के साथ-साथ अपराध की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए। अदालत जमानत देने से इनकार किया है।

### रमजान व होली पर स्वास्थ्य मंत्री का बड़ा तोहफा

## 1800 एमपीडब्ल्यू कर्मियों के मानदेय में 5000 की बढ़ोतरी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत मल्टी पर्पस वर्कर्स (एमपीडब्ल्यू) के मानदेय में बड़ी वृद्धि करते हुए 5,000 रुपये की बढ़ोतरी का ऐलान किया है। अब एमपीडब्ल्यू कर्मियों को 25,000 रुपये मानदेय मिलेगा, जिसका एरियर 1 सितंबर 2024 से प्रभावी होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने यह निर्णय लिया है, जिससे प्रदेश के ग 1,800 एमपीडब्ल्यू कर्मियों में खुशी है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा, ये सभी कर्मचारी जान हथेली पर रखकर जनता की सेवा कर रहे हैं। हमारी सरकार उनकी मेहनत और समर्पण का पूरा सम्मान करती है। यह केवल वेतन वृद्धि नहीं, बल्कि उनके अद्वितीय योगदान को सलाम करने का एक प्रयास है। जिस विश्वास के साथ झारखंड की जनता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चुना है, हम उस विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। लंबे समय से वेतन बढ़ोतरी की मांग हो रही थी । रमजान और होली त्यौवहार पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के इस फैसले से एमपीडब्ल्यू कर्मियों में उत्साह है।

## चांदी के मुकुट पर भाजपा प्रवक्ता ने उठाए सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रवक्ता रमाकांत महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के चांदी के मुकुट पहनने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह झारखंडी संस्कृति के प्रतिकूल है। भाजपा प्रवक्ता रमाकांत महतो ने मंईयां सम्मान योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि योजना की राशि सत्ताधारी दल के दलालों के खाते में भेजी गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर आर्थिक नाकेबंदी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश में अशांति का वातावरण तैयार करने की कोशिश है।

## जनप्रतिनिधियों ने केंद्रीय मंत्री को समस्याओं से कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव के नेतृत्व में बुधवार को कांके के जिला परिषद प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, उप मुखिया के साथ अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मुलाकात की। सभी जनप्रतिनिधियों ने ब्लॉक में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर अपनी बातों को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री के समक्ष रखा। साथ ही क्षेत्र की समस्याओं को भी रखा। मंत्री संजय सेठ ने कहा सभी समस्याओं का निराकरण जल्द किया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री ने आए सभी लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मिलने वालों मे सोमा उरांव प्रदेश मुखिया संघ अध्यक्ष, सुषमा देवी जिला परिषद कांके, गुरुचरण मुंडा मुखिया चंदवे, साधो उरांव मुखिया नेवरी, पूनम देवी मुखिया मनातू, राहुल मुंडा मुखिया केदल, उज्जवल पहान मुखिया कोकदोरो, राम लखन मुंडा मुखिया सुकुरहुटू, फूलमणि नाग मुखिया गागी, कुशल मुंडा मुखिया मेसरा पूर्वी, लक्ष्मी देवी मुखिया चुट्टू, रजनी देवी मुखिया हुंडूर, सुशीला देवी मुखिया मेसरा पश्चिमी व संदीप पहान पंचायत समिति सदस्य नेवरी शामिल थे।

## रक्षा राज्यमंत्री से मिले राजेंद्र प्रसाद

- *परिसीमन कराने व विधानसभा व लोकसभा सीटों को बढ़ाने को लेकर सौंपा मांग पत्र*
- *राज्य की वर्तमान राजनीति परिस्थितियां पर दोनों के बीच हुई विस्तार से चर्चा*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने बुधवार कोा रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ से रांची स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान परिसीमन कराने, लोकसभा व विधानसभा की सीटों को बढ़ाने को लेकर भारत सरकार से पहल करने का आग्रह किया।

राजेन्द्र प्रसाद ने रक्षा राज्यमंत्री को ओबीसी की फर्जीवाड़ा सर्वेक्षण, पेसा कानून और पंचायत चुनावों में मूलवासी सदानों को अधिकारों से किस तरह वंचित किया गया, इन सभी बातों से अवगत कराया। राजेन्द्र प्रसाद और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ के बीच झारखंड की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियां पर विस्तार से चर्चा हुई। वार्ता में मूलवासी सदान मोर्चा के मीडिया प्रभारी विशाल कुमार सिंह भी शामिल थे। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद को इस अवसर पर अपने आवास पर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## दलमा शिव मंदिर को तिरुपति बालाजी की तर्ज पर विकसित करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जुगशलाई विधायक मंगल कालिंदी ने झारखंड विधान सभा में शून्यकाल के दौरान सरकार से दलमा शिवमंदिर को तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर विकसित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि दलमा पहाड़ में स्थित 'दलमा बाबा' शिवमंदिर एक प्राचीन और जागृत धार्मिक स्थल है, जहां हर वर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए आते हैं, विशेषकर शिवरात्रि और श्रावण माह में इस मंदिर पर भारी भीड़ होती है। मंगल कालिंदी ने यह भी बताया कि मंदिर तक जाने वाली एकमात्र सड़क की हालत खराब है और श्रद्धालुओं और पर्यटकों के ठहरने की उचित व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण उन्हें काफी परेशानी होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि दलमा पहाड़ को तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर विकसित किया जाए, तो न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि पर्यटन को बढ़ावा मिलने से स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार के नए अवसर भी मिल सकेंगे।

## चोरी की बाइक के कलपुर्जे बेचने वाले गिरोह के चार गुर्गों को पुलिस ने पकड़ा

**रांची।** राजधानी में अब बाइक चोर गिरोह चोरी के वाहनों को खपाने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। गिरोह के गुर्गे ऐसे वाहनों को बाजार में न बेचकर उसके कलपुर्जों को खोलकर बेच दे रहे हैं। ऐसे ही बाइक चोर गिरोह के चार गुर्गों को पुलिस के पकड़ा है। इनके पास से पुलिस टीम ने आधा दर्जन चोरी की गाड़ियों के साथ इंजन और कलपुर्जों को बरामद किया है। बताया जा रहा है कि बाइक चोर गिरोह का एक गुर्गा सिविल कोर्ट में सरेंडर करने की नियत से पहुंचा था। तभी पुलिस को भनक लग गई। टीम ने घेराबंदी कर मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को गिरोह के अन्य गुर्गों का भंडाफोड़ कर दिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने रांची के अलग-अलग इलाकों से न सिर्फ गिरोह के गुर्गों को पकड़ा, बल्कि उनके पास से चोरी की बाइक व अन्य सामान भी बरामद किए हैं।

## लोकायुक्त व राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए : चैंबर




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड लोकायुक्त व राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति को लेकर झारखंड चैंबर ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्राचार कर हस्तक्षेप का आग्रह किया। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि झारखंड राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त सहित सभी छह सूचना आयुक्तों की नियुक्ति शीघ्र होनी चाहिए, जिससे सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत लंबित मामलों की सुनवाई शुरू हो सके और व्यापार एवं उद्योग जगत को आवश्यक प्रशासनिक सूचनाएं समय पर उपलब्ध हो सकें। इससे पहले चैंबर भवन में बैठक के दौरान सदस्यों ने कहा कि लोकायुक्त के अभाव में लगभग 3000 से अधिक भ्रष्टाचार संबंधी मामले लंबित हैं। फरवरी 2022 से किसी भी नए परिवाद पर रिपोर्ट मंगाने या समन जारी करने जैसी प्रक्रियाएं पूरी तरह से ठप हो गई हैं। इसी प्रकार उद्योगों से संबंधित भूमि आवंटन, सरकारी योजनाओं, पर्यावरणीय मंजूरी, नीतिगत निर्णयों एवं व्यापार से जुड़े अन्य मामलों में समय पर सूचना प्राप्त न होने के कारण अनावश्यक विलंब हो रहा है। इससे व्यापारिक गतिविधियां बाधित हो रही हैं और औद्योगिक विकास प्रभावित हो रहा है। वहीं, इनकी नियुक्ति से व्यापारियों एवं उद्यमियों को प्रशासनिक भ्रष्टाचार से सुरक्षा मिलेगी और राज्य का कारोबारी माहौल सुधरेगा।

### संगठन मजबूती को लेकर जदयू ने की बैठक, बोले सरयू राय

# विधवा व वृद्धा पेंशन ढाई हजार किया जाए

- *पार्टी को हर जिले में मजबूत करना है : खीरु महतो*




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** संगठन की मजबूती को लेकर जनता दल (यूनाइटेड) प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में झारखंड प्रदेश के प्रमुख नेताओं, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, प्रदेश प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद खीरु महतो और विधायक सारयू राय ने पार्टी कार्यकर्ताओं और झारखंड नेतृत्व से संवाद किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करना था। बैठक के दौरान खीरु महतो ने कहा कि प्रदेश स्तर पर सदस्यता प्रभारी नियुक्त किए जाएं और जिलों में सदस्यता के लिए बैठकें आयोजित की जाएं। हर बैठक में एक पदाधिकारी को भेजा जाए। हमारी पार्टी झारखंड की जनता की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है और हम पार्टी को हर जिले और गांव में मजबूत करना चाहते हैं। हम सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील करते हैं कि वे सक्रिय होकर सदस्यता अभियान में भाग लें और पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।

सरयू राय ने कहा कि हमारी पार्टी की प्राथमिकता जनता की भलाई है। विधवा और वृद्धा पेंशन की राशि को बढ़ाकर ढाई हजार रुपये किया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता जिला अध्यक्षों के संपर्क में रहें और हर जिले की गतिविधियों की निगरानी करें। बैठक में सदस्यता अभियान को बढ़ाने और पार्टी के संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। दोनों नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता के बीच जाकर समस्याओं का समाधान करें और पार्टी की सदस्यता को व्यापक रूप से बढ़ाएं।

# 30 डिग्री के पार रांची का तापमान



## 2 दिन में अधिकतम तापमान में 3 डिग्री तक की होगी गिरावट

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने कहा है कि गुरुवार (6 मार्च 2025) को आसमान मुख्यत: साफ रहेगा। मौसम शुष्क रहने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 2 दिन में झारखंड के अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की जाएगी। इसके बाद अगले 3 दिन में अधिकतम तापमान 3 से 4 डिग्री तक बढ़ जाएगा।

नवीन मेल संवाददाता रांची। राजधानी रांची समेत कई जिलों का उच्चतम और न्यूनतम तापमान बढ़ गया है। राजधानी रांची का अधिकतम पारा 30. 5 डिग्री सेंटीग्रेड पहुंच गया है। यह सामान्य से 0.7 डिग्री अधिक है। रांची का न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़कर 17.6 डिग्री हो गया है, जो सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक है।

## 38 डिग्री तक पहुंच सकता है झारखंड का तापमान

मौसम विभाग के मुताबिक, अभी झारखंड का उच्चतम तापमान 37.4 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री सेंटीग्रेड है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि अगले 2 दिन में झारखंड का अधिकतम तापमान घटकर 34 डिग्री सेंटीग्रेड हो सकता है। इसके बाद राज्य का उच्चतम पारा 38 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच सकता है।

## सरायकेला का उच्चतम तापमान 37.4 डिग्री सेंटीग्रेड

मौसम विभाग के मुताबिक, अभी झारखंड में सबसे अधिक उच्चतम तापमान सरायकेला-खरसावां जिले के सरायकेला में है। यहां का उच्चतम पारा 37.4 डिग्री है। राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान गढ़वा जिले में रिकॉर्ड किया गया है। यहां का न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया है।

## मामले निपटाने का बेहतर जरिया है प्ली बारगेनिंग : दिवाकर

**रांची।** राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत बुधवार को रांची स्टेशन के रेलवे कोर्ट परिसर में लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए प्ली बारगेनिंग विशेष कैंप लगा। मौके पर मुख्य अतिथि न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने कहा कि समय-समय पर ऐसे कैंप लगाकर केस का निष्पादन किया जाता है, जो काफी कारगर है। कैंप में रेलवे कोर्ट के लंबित 95 मामले निष्पादित किए गए। इससे रेलवे को मुआवजा के रूप में 7.80 लाख रुपये प्राप्त हुआ। इन मामलों के निपटारे के बाद रेलवे कोर्ट में लंबित केस 189 रह गए हैं। मौके पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी बिजय कुमार यादव, सहायक वाणिज्य प्रबंधक अनिल जेराय, आरपीएफ पोस्ट के पदाधिकारी, रेलवे कोर्टकर्मी एवं मुवक्किल मौजूद थे।शिविर में चार साल पुराने एक मामले में आरोपी आरपीएफ हटिया के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता सिग्नल एके मेहता ने रेल एक्ट के तहत अपना दोष स्वीकर किया। इस पर रेलवे मजिस्ट्रेट ने 15 हजार रुपये क्षतिपूर्ति भुगतान का आदेश दिया। साथ ही प्रोवेशन का लाभ प्रदान किया।

# न्यूज बॉक्स

## होली मिलन सह सम्मान समारोह आयोजित



**रांची।** अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू का झारखंड सिख फेडरेशन महिला इकाई के कन्वेनर रविंदर मेहता के अध्यक्षता मे रांची वेस्टेंड पार्क अमृत निवास में स्वागत हुआ। स्वागत के बाद नृत्य गान के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। समारोह मे उपस्थित सभी महिलाओं ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर राज्य मंत्री ज्योति सिंह मथारू ने सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा, नेहा सिंह, रीत कौर, जसविंदर कौर, रानी कौर, गुरविंदर कौर, मनिंदर कौर, डॉक्टर बलविंदर बरार, रीता कौर, रंजीत कौर, सोना कौर आदि मौजूद थे।

## मेगा स्पोर्ट्स मीट आज से

**रांची।** संतोष कॉलेज का टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के आइक्यूएसी एवं खेल विभाग द्वारा 6 एवं 7 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दो दिवसीय महिला खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बिरसा कॉलेज खूंटी, आरएलएसवाई कॉलेज, एसएस मेमोरियल कॉलेज, जेएन कॉलेज बेथेसदा बीएड कॉलेज निर्मला कॉलेज सेंटर फॉर बायोइनफॉर्मेटिक्स पॉलिटेक्निक कॉलेज संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग संतोष इंटर कॉलेज एवं संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के विद्यार्थियों की प्रतियोगिता होगी।

## अग्निशमन सेवा खेल-कूद प्रतियोगिता आज

**रांची।** झारखंड राज्य गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा खेल-कूद प्रतियोगिता -2025 का आयोजन गुरुवार को किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार सुबह 8.85 बजे करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी ,धुर्वा ,रांची के प्रांगण में किया जाएगा।

## साहित्योत्सव में डॉ बीरेंद्र महतो आमंत्रित

**रांची।** साहित्य अकादमी, नई दिल्ली की ओर से रवींद्र भवन, नई दिल्ली में 7-12 मार्च तक एशिया का सबसे बड़ा साहित्योत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसमें एशिया के 500 से अधिक साहित्यकार भागीदारी करेंगे। उत्सव के दौरान साहित्य की विभिन्न विधाओं पर लगभग 150 से अधिक सत्र आयोजित होंगे। ये सभी 24 भारतीय भाषाओं के होंगे। इसमें रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के नागपुरी विभाग के प्राध्यापक डॉ बीरेंद्र कुमार महतो को भी आमंत्रित किया गया है। डॉ महतो नागपुरी भाषा में अपनी बातें रखेंगे। डॉ महतो पिछले वर्ष भी साहित्य अकादमी की ओर से आयोजित साहित्योत्सव में भाग ले चुके हैं।

## रांची नगर निगम के बाहर मृत कर्मियों के परिजनों का अनिश्चितकालीन अनशन जारी



**रांची।** नगर निगम के दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों ने मंगलवार से नगर निगम कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया है। इनका कहना है कि या तो उन्हें पारिवारिक पेंशन और अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी जाए या फिर सरकार उनकी जिंदगी ही खत्म कर दे। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने कहा कि नगर निगम में काम करते हुए 52 कर्मचारियों की बीमारी से मृत्यु हो चुकी है। लेकिन नगर निगम मृतकों के परिवारवालों को न नौकरी दे रही है और न ही पेंशन दे रही है। इस पर नगर निगम का कहना है कि फिलहाल वैकेंसी नहीं है, लेकिन परिजनों का आरोप है कि वे वर्षों से सिर्फ आश्वासन ही सुनते आ रहे हैं। इस मामले को लेकर नगर निगम कार्यालय के बाहर माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

# शिक्षक नियुक्त को लेकर अबुआ अधिकार मंच ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

- चार महाविद्यालय में अविलंब शिक्षकों की हो नियुक्ति: अभिषेक शुक्ला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



अबुआ अधिकार मंच का एक प्रतिनिधिमंडलअभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें विश्वविद्यालय के शिक्षक विहीन 4 कॉलेजों मॉडल डिग्री कॉलेज बानो सिमडेगा, महिला कॉलेज लोहरदगा, महिला कॉलेज सिमडेगा, मॉडल डिग्री कॉलेज घाघरा में शिक्षक नियुक्त करने की मांग को लेकर मांग पत्र सौंपा। मौके पर अभिषेक शुक्ला ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के लिए यह बहुत ही दुभायगपूर्ण बात है कि विश्वविद्यालय के चार महाविद्यालय में एक भी शिक्षक नहीं हैं। जबकि यहां पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या लगभग 2500 है। इन महाविद्यालय में शिक्षक नहीं होना यह साफ साफ दर्शाता है कि समस्याओं पर विश्वविद्यालय कितना गंभीर है। उन्होंने कहा कि इन चार महाविद्यालय में शिक्षक नहीं होने का असर सीधा यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के भविष्य पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा के विश्वविद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं के प्रति यह उदासीन रवैया अबुआ अधिकार मंच द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति जीत कुमार सिन्हा ने कहा के विश्वविद्यालय के तरफ से इस समस्या के समाधान का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही शिक्षकों को नियुक्त कर इस समस्या का निदान कर दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में विक्रम कुमार यादव, विशाल कुमार यादव, आकाश नयन, अमित तिर्की, सुमित कुमार के अलावा कोई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## जेपीएससी मेधा घोटाले में कुंवर सिंह पाहन समेत 6 आरोपियों को झटका, याचिका खारिज

**रांची।** जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले में आरोपी रांची नगर निगम के पूर्व अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन समेत 6 आरोपियों को अग्रिम जमानत देने से अदालत ने इनकार किया है। आरोपियों की ओर से दाखिल याचिका को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने सुनवाई के पश्चात खारिज कर दी है। अदालत ने पिछले दिनों याचिकाकर्ता कुंवर सिंह पाहन, मोहन लाल मरांडी, अलका कुमारी, परमेश्वर मुंडा, जितेंद्र मुंडा एवं पूनम कच्छप की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। मामले में अब तक अदालत ने 25 आरोपियों को अग्रिम राहत देने से इनकार किया है। बता दें कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है।

### एसएस मेमोरियल में बजट पर सेमिनार ने कहा

## बजट का फोकस ग्रामीण एवं कृषि विकास पर है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एसएस मेमोरियल कॉलेज में बुधवार को बजट के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया। इस क्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीपी वर्मा ने कहा कि इस बार का बजट को अबुआ बजट के नाम से जाना जाएगा। यह बजट 2025- 2026 के आर्थिक विकास के लिए माइलस्टोन का कार्य करेगा। संपूर्ण बजट को देखा जाए तो इस बार का बजट से राज्य के विकास को और गति मिलेगी। डॉ. विनय प्रकाश अखौरी ने कहा कि रोजगार और कल्याणकारी योजनाओं सहित ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को लेकर इस बार का बजट फोकस है जो राज्य के विकास के लिए बहुत अच्छा है। बजट गरीबों, किसानों, आदिवासियों और महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। डॉ अनील वीरेंद्र कुल्लू ने कहा कि बजट का फोकस ग्रामीण एवं कृषि विकास पर है. ग्रामीण विकास के लिए 9,841 करोड़ और कृषि क्षेत्र के लिए कुल 4,587 करोड़ 66 लाख 24 हजार रुपए की राशि निर्धारित की गई है। डॉ प्रेमा कुमारी ने बताया कि कुल 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया। इस वर्ष पेश किए गए बजट का आकार पिछले वर्ष की तुलना में 12.81 प्रतिशत ज्यादा है।आर्थिक विकास दर स्थिर मूल्यों पर 7.5 फीसदी एवं वर्तमान मूल्य पर 9.9 फीसदी रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। डॉ आर. एन. सिंह ने कहा कि बजट में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के लिए 13,363 करोड़ 35 लाख रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है जो आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। बच्चों को बताते हुए डॉ रंजीत कुमार चौधरी ने बताया कि बजट का फोकस ग्रामीण एवं कृषि विकास पर है। ग्रामीण विकास के लिए 9,841 करोड़ और कृषि क्षेत्र के लिए कुल 4,587 करोड़ 66 लाख 24 हजार रुपए की राशि निर्धारित की गई है. किसानों को कृषि यंत्रों के लिए 140 करोड़, तालाब निर्माण और डीप बोरिंग के लिए 203 करोड़, उद्यान विकास योजना के लिए 304 करोड़, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए 255 करोड़, फसल बीमा के लिए 350 करोड़, कृषि उपज भंडारण के लिए 259 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है. पंचायती राज के लिए 2,144 करोड़ 78 लाख 14 हजार रुपए और जल संसाधन के लिए 2,257 करोड़ 45 लाख रुपए की राशि दी गई है।

### आज / कल




# सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में मंदबुद्धि निराश्रितों को कराया गया भोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पुंदाग स्थित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार)में बुधवार को वहां रह रहे 37 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित एवं आश्रम में रहकर उनकी सेवा करने वाले सेवादारों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन खिलाया गया। अपना घर आश्रम के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 19 फरवरी से 28 फरवरी तक 10 दिनों मे लगभग 1880 निराश्रित एवं उनकी देखभाल करने वाले सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। इस पुनीत कार्य को सर्वेश कुमार, प्रेमचंद मिश्रा, अंकित अग्रवाल, आकांक्षा अग्रवाल, मनोज कुमार, मदन प्रसाद सोनी, राहुल कुमार, मधु छावनिका, अंशु अभिषेक, ऋषि कुमार, ज्ञानचंद शर्मा, नवीन मोदी के सौजन्य से सभी निराश्रित प्रभुजी को भोजन प्रसादी खिलाकर सेवा की गई। सभी ने ट्रस्ट के सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद एवं अपना अमूल्य आशीर्वाद दिया। अन्नपूर्णा सेवा के पुनीत कार्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुर्णमल सर्राफ, चिरंजीलाल खण्डेलवाल, सुरेश अग्रवाल, सज्जन पाड़िया,नन्द किशोर चौधरी, संजय सर्राफ, विशाल जालान,पवन कुमार पोद्दार, सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।



# हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में रंग रंगीलो श्री श्याम अमृत महोत्सव कल

## राजस्थान की छटा और गुजरात का डांडिया होगा आकर्षण का केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल के 53 वें स्थापना दिवस के अवसर पर हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में रंग रंगीलो श्री श्याम अमृत महोत्सव का आयोजन हो रहा है। प्रथम दिवस शुक्रवार को प्रातः 7:30 बजे से गणेश पूजन ध्वज स्थापना हवन पूजन का आयोजन मंदिर में किया जाएगा।

इसके बाद दोपहर 1:00 बजे से बाबा श्याम की भव्य निशान शोभायात्रा महादेव सरोवर मंदिर बड़ा तालाब के पास सेवा सदन पथ से निकलेगी। लगभग 1100 श्याम प्रेमी राजस्थानी वेशभूषा में हाथों में ध्वजा लहराते हुए नगर भ्रमण करेंगे। इस भव्य शोभायात्रा में हाथी घोड़ा ऊंट मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगे। गुजराती डांडिया का कार्यक्रम पूरे शोभायात्रा में भक्तों के साथ-साथ चलेगी। महादेव सरोवर मंदिर से दोपहर 1:00 बजे यात्रा प्रारंभ होकर रंगलाल जालान रोड रांची एक्सप्रेस गली मौलाना आजाद कॉलेज कोतवाली थाना शहीद चौक से पुस्तक पथ होते हुए गांधी चौक से होकर ढिबरी पट्टी अप्पर बाजार की ओर मुड़ जाएगी इसके बाद ईस्ट मार्केट रोड से लोहिया चौक कार्ट सराय रोड से बारूद चौक गाड़ीखाना चौक होते हुए हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। इस भव्य शोभायात्रा में धनबाद से आए हुए महेंद्र अग्रवाल रोमित बंसल आशीष सिंघल द्वारा भजनों की गंगा बहाई जाएगी। स्थानीय कलाकार एवं श्री श्याम मित्र मंडल के सदस्य भक्तों को अपने भजनो से झुमाएंगे । राजस्थानी वेशभूषा में महिलाएं बाबा श्याम के निशान और सर पर राजस्थानी पगड़ी लगाकर झूमते गाते हुए अपने आराध्य को निशान अर्पण करेंगे। शहर के विभिन्न संस्थाएं जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत करेगी।




श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में सभी कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रोजाना मंदिर में सैकड़ो कार्यकर्ता तैयारी में लगे हुए हैं। इस बार हरमू रोड के श्याम मंदिर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। प्रवेश गेट को भव्य रूप से सजाया जा रहा है,जो कि मंदिर का मुख्य आकर्षण का केंद्र होगी। कोलकाता के अभिषेक जालान लगभग 1 महीने से अपने कारीगरों से मंदिर में तैयारी करवा रहे हैं। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया महोत्सव संयोजक श्रवण ढानढनिया मंत्री श्याम सुंदर शर्मा मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया उपमंत्री अनिल नारनौली उपमंत्री आदित्य लोहिया राजेश कतारुका संजय सराफ कमलेश सावा कौशल चौधरी वेद भूषण जैन पप्पू आदि सैकड़ों कार्यकर्ता तैयारी में लगे हुए है। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।





## मुख्यमंत्री से मिले सेल के अध्यक्ष

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष- सह -प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश, बोकारो स्टील प्लांट, (बीएसएल) के डायरेक्टर -इन- चार्ज बीरेंद्र कुमार तिवारी एवं माइंस (सेल, बोकारो ) के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर विकास मनवटी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री के साथ उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद थे।

### रांची विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह कल

# 63 गोल्ड मेडल में से 48 पर लड़कियों का कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय का 38वां दीक्षांत समारोह सात मार्च 2025 को मोरहाबादी स्थित दीक्षांत मंडप में होगा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से एक दिन पूर्व आयोजित इस समारोह में लड़कियों का बोलबाला रहेगा। कुल 63 गोल्ड मेडल में 48 पर लड़कियों ने कब्जा कर लिया है, जबकि 15 गोल्ड मेडल लड़कों के खाते में है। वहीं डिग्री प्राप्त करनेवाले कुल 4410 विद्यार्थियों में भी सबसे अधिक लड़कियां हैं। इनमें 3291 डिग्री लड़कियों के नाम हैं, जबकि लड़कों के नाम पर 1119 डिग्रियां हैं। उक्त जानकारी कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने बुधवार को पत्रकारों को दी।

कुलपति ने बताया कि इस समारोह में एक फरवरी 2024 से 31 जनवरी 2025 तक जारी परीक्षाफल में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री व गोल्ड मेडल दिए जा रहे हैं। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष



कुमार गंगवार होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। पत्रकारों को समारोह की विस्तृत जानकारी विवि के वित्त परामर्शी अजय कुमार, डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश साहु, प्रॉक्टर डॉ एमसी मेहता, परीक्षा नियंत्रक डॉ विकास कुमार, रजिस्ट्रार डॉ जीसी साहु, उप कुलसचिव सह वित्त पदाधिकारी डॉ प्रीतम कुमार, सीसीडीसी डॉ पीके झा, ओएसडी डॉ रोहित श्रीवास्तव, नोडल अफसर प्रो अरुण कुमार, वीरेंद्र कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से दी।

**●पीजी आइटी को शामिल नहीं किया गया**

रांची वीमेंस कॉलेज में पीजी आइटी की पढ़ाई होती है, लेकिन इस दीक्षांत समारोह में उक्त विषय को शामिल ही नहीं किया गया है। रांची वीमेंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ सुप्रिया ने अपनी आपत्ति विवि के परीक्षा नियंत्रक के समक्ष दर्ज करायी है।

**12 गोल्ड ओवरऑल व बेस्ट को मिलेगा**

इस समारोह में कुल 63 गोल्ड मेडल में 51 विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल मिल रहा है, जबकि 12 गोल्ड ओवरऑल/बेस्ट को दिया जा रहा है। मेडिकल के एक विषय का रिजल्ट समय पर नहीं निकलने के कारण उसे शामिल नहीं किया गया है।

**●2579 पीजी आर्ट्स के विद्यार्थी होंगे शामिल**

समारोह में कुल 4410 में पीजी आर्ट्स के 2579 विद्यार्थी शामिल होंगे, जबकि बीडीएस, बीएड, डीएससी, एलएलबी, एमबीबीएस, एमएसएन, बीएससी, बीकॉम के एक-एक विद्यार्थी, एमकॉम के 568, डीलिट के 11, एलएलएम के 29, एमबीए के 166, एमसीए के 93, एमएड के 103, एमफिल के 45, पीएचडी के 163, एमएससी के 642, बीए के तीन विद्यार्थी हैं।

## विधायक प्रतिनिधि नियुक्त होने पर अजय को दी गई बधाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने बुधवार को खलारी केडी प्रगति नगर निवासी अजय कुमार उर्फ बबलू को भवन निर्माण विभाग के लिए खलारी का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। कांग्रेस जिला महासचिव राजेशसिंह मिंटू ने विधायक द्वारा जारी नियुक्ति पत्र अजय कुमार को सौंपा। साथ ही आशा जताया कि अजय कुमार अपने कर्त्तव्यों को पूरी लगन एवं निष्ठा से पालन करेंगे तथा क्षेत्र में जनता के प्रति अपने कार्यों से विश्वास बनाए रखेंगे। वहीं बबलू को नया दायित्व मिलने पर कार्यकताओं ने बधाई दिया है। बधाई देने वालों में राजनसिंह राजा, राजेशसिंह मिंटू, मोनू रजक, प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी, तनवीर आलम, रंजनसिंह बिट्टू, विक्की सिंह, सुरेंद्र चौहान, बाबू खान, वीरेंद्र यादव, गोपाल सिंह, मोनू सिंह, मनोजकुमार यादव, रवि सिंह, जावेद अंसारी, सत्येंद्र खरवार, विकास सिंह, पवनराज सिंह, सुनील रावत, आकाश राम, रूबल अंसारी, माझा अंसारी, पवन चंद्रवंशी, सूरज रावत, जहीर अंसारी सहित अन्य शामिल है।

### हर्बल गुलाल की गुणवत्ता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता हो: सीईओ

**रांची।** जेएसएलपीएस की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी कंचन सिंह ने बुधवार को जिले के बुंडू प्रखंड स्थित पलाश हर्बल गुलाल उत्पादन इकाई का दौरा किया। उत्पादन प्रक्रिया का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित उत्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि हर्बल गुलाल की गुणवत्ता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं को शुद्ध और सुरक्षित उत्पाद उपलब्ध हो। सुझाव दिया कि विभिन्न प्रकार के फूलों और प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग कर हर्बल गुलाल के और अधिक रंग विकसित किए जाएं।

## सीनियर राष्ट्रीय फेडरेशन कप कुश्ती में भाग लेंगे झारखंड के 17 पहलवान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एपीयू पंजाब में 8-9 मार्च को होनेवाली सीनियर राष्ट्रीय फेडरेशन कप पुरुष फ्रीस्टाइल/ग्रीको रोमन और महिला फ्रीस्टाइल राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने झारखंड की 19 सदस्यीय (13 पुरुष, 04 महिला व 02 प्रशिक्षक) टीम बुधवार को पंजाब रवाना हुई। झारखंड राज्य कुश्ती संघ के सचिव रजनीश कुमार ने बताया कि टीम में रिंपा कुमारी, अंशु लकड़ा, कोमल मरांडी, सरस्वती कुमारी, रोहित कुमार, अभिषेक कुमार, जुगल साव, रोहित कुमार, प्रभु कुमार साहू, सूरज कुमार, पीयूष



कुमार साह, शुभम शर्मा, विवेक कुमार चौधरी, नीतीश कुमार, सत्यम सुमित्रा, चंदन कुमार और प्रकाश पांडेय शामिल हैं।

वहीं, पूजा रानी और रामकिशोर टाना भगत टीम के कोच बनाये गये हैं। टीम रवाना होने से पहले सभी पहलवानों को खेल विभाग के सहयोग से किट देकर रवाना किया गया। टीम को झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर, के रवि कुमार, संदीप कुमार, भोलानाथ सिंह, रजनीश कुमार, बिजय शंकर सिंह समेत अन्य ने शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

## न्यूज | बॉक्स

### डीएसपीएमयू के सामने चला अभियान



**रांची।** राजधानी रांची के लालपुर थाना प्रभारी रूपेश सिंह और मोरहाबादी टीओपी प्रभारी सत्य प्रकाश उपाध्याय ने मोरहाबादी स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के पास ईव टीजिंग के खिलाफ अभियान चलाया। छात्राओं से कॉलेजों, सार्वजनिक परिवहन और सड़कों पर सुरक्षा चिंताओं के बारे में बातचीत की। पुलिस ने विश्वविद्यालय की छात्राओं को स्थानीय पुलिस स्टेशन के प्रभारियों के संपर्क नंबर दिए और उन्हें छेड़छाड़ या छेड़छाड़ की किसी भी घटना की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया। अधिकांश छात्राएं 100,112 जैसे आपातकालीन नंबरों और क्यूआर कोड प्रणाली से अनजान पाई गईं। वहीं पुलिस ने बाइक में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले के खिलाफ भी कार्रवाई की है। कई बाइक से मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किया और यातायात नियमों के अनुसार चालान भी काटा गया।

### चांदनी उरांव को मिला वूशु प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल




**मांडर।** मांडर नारो स्थित हॉली चाइल्ड पब्लिक स्कूल की छात्रा चांदनी उरांव वर्ग आठ को ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इनडोर स्टेडियम खेलगांव में आयोजित जिला स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल मिला। विद्यालय के निदेशक आलोक विपिन टोप्पो और प्रधानाध्यापक आलोक कुमार तिवारी ने बधाई देते हुए कहा कि इन्होंने गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता का आयोजन अस्मिता वूशु सिटी लीग द्वारा किया गया । सभी विजेता को रांची के माननीय विधायक सी पी सिंह द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। चांदनी को प्रशिक्षण देने में वासुदेव टोप्पो , दीपक गोप और विद्यालय के शिक्षक पुनीत खलखो ने अपनी अहम भूमिका निभाई तथा चांदनी उरांव की उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

### यूनियन बैंक ने आउटरीच कैंप का आयोजन किया गया



**सिल्ली।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय में आउटरीच कैम्प का आयोजन किया गया। आयोजित कैम्प में झारखंड सरकार के एमएसएमई विभाग के संयुक्त निदेशक इंद्रजीत यादव, केंद्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक अनिल कुरील, अंचल प्रमुख बैजनाथ सिंह,क्षेत्रीय प्रमुख आलोक कुमार सहित रांची जिले के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सभी शाखा प्रबंधक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मुरी शाखा के शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार के नेतृत्व में सिल्ली मुरी के विभिन्न समितियां की महिलाओं के बीच कुल 75 लाख की ऋण स्वीकृत पत्र बांटे गए। दिनेश कुमार ने बताया कि शिविर के माध्यम से महिलाओं को रोजगार सृजन करने में काफी मदद मिलेगी तथा अन्य कई तरह की कारोबार कर सकती हैं। बैंक कम ब्याज दर पर महिलाओं को लोन देती है ताकि महिलाएं व्यापार कर स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बन सके। मौके पर यूनियन बैंक मुरी के कृषि विभाग अधिकारी रवि राजधन के साथ रीता देवी, रीना देवी, पपीता देवी, उषा देवी, मंगली देवी, लतिका देवी, सिंधु देवी समेत अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं ।

### सीआरपीएफ डीजी ने डीजीपी से की शिष्टाचार मुलाकात



**रांची।** सीआरपीएफ के डीजी जीपी सिंह ने बुधवार को झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनो पदाधिकारियों ने झारखंड में नक्सल विरोधी अभियानों को तेज करने और नक्सल विरोधी रणनीतियों को परिष्कृत करने एवं हाल के दिनों में प्राप्त सफलताओं पर व्यापक रूप से चर्चा की। दोनों ने एक दूसरे को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान डॉ संजय आनन्दराव लाठकर अपर पुलिस महानिदेशक अभियान, झारखण्ड जगुआर तथा अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### घायल महिला को पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती



**रांची।** लोअर बाजार थाना पुलिस का मानवीय चेहरा बुधवार को देखने को मिला। पुलिस ने जनता के सहयोग से घायल महिला को उठाकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। पुरुलिया रोड स्थित एक्सआईएसएस के पास एक महिला को बाइक सवार ने धक्का मार दिया। जिससे वह घायल होकर सड़क पर गिर गई। पुलिस ने उसे वहां से उठाकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## उपायुक्त ने किया खूंटी अंचल कार्यालय का निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** नागरिकों को सुगम और पारदर्शी सेवा प्रदान कराने के उद्देश्य से उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने बुधवार को खूंटी अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। दो घंटे से अधिक चले निरीक्षण में उपायुक्त ने अंचल कार्यालय में संचालित कार्यो की समीक्षा की और कई निर्देश दिये। उपायुक्त ने कार्यालय में कर्मियों की उपस्थिति, उनके कार्यों की प्रगति, भूमि जमाबंदी, दाखिल खारिज, सर्टिफिकेट से जुड़े मामलों के निष्पादन एवं अंचल से जुड़े विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि वे कार्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा अंचल में उत्तरदायित्व पूर्ण एवं ईमानदारी पूर्वक अपने कार्यों का निष्पादन करें। लंबित मामलों का भी त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से निपटारा करें। नागरिकों को सुगम और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने आम जनता को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के लिए कार्यालय व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नागरिकों की शिकायतों का शीघ्र समाधान करें। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता परमेश्वर मुंडा, कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## हीरालाल दास बने आजसू के तमाड़ प्रखंड प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**अड़की।** आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर आजसू पार्टी की बैठक आमलेशा स्कूल मैदान में हुई। जिसमें पार्टी को बेहतर मजबूती के लिए तमाड़ प्रखंड संयोजक प्रभारी एवं तमाड़ पूर्वी और पश्चिमी जोन प्रभारी का चुनाव किया गया। बैठक मे प्रखंड संयोजक प्रभारी हीरालाल दास को चुना गया। इसके दिशा निर्देश पर तमाड़ पूर्वी क्षेत्र से जोन प्रभारी अनिल कुमार महतो हरदेव महतो, धनेश्वर महतो, पश्चिम क्षेत्र से जोन प्रभारी धनेश्वर महतो ,उमेश नायक ,पंकज कुमार महतो, गुलाम चंद्र महतो, को चुना गया। इस मौके पर प्रभारी के रूप में केंद्रीय सचिव रांची जिला प्रभारी संजय महतो , रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा की उपस्थिति में सर्वसम्मति से निम्न प्रभारी का चुनाव किया गया। इस मौके पर रांची जिला उपाध्यक्ष भय भंजन महतो, पार्टी के वरिष्ठ नेता शक्ति पद महतो, बुंडू खेल प्रभारी मोहम्मद सिराज ,जलेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

## आईआईएम में संचालित पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेशन प्रोग्राम का समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आईआईएम रांची में संचालित वार्षिक पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेशन प्रोग्राम (पीजीसीपी) इन एडवांस जेनरल मैनेजमेंट के दूसरे बैच का समापन हुआ। दूसरे बैच की शुरूआत 31 मार्च, 2024 से हुई थी। पीजीसीपी में विभिन्न कार्यक्षेत्र से जुड़े दर्जनों प्रतिभागी शामिल रहे, जिन्हें शैक्षणिक सत्र के दौरान बहुआयामी कौशल और कार्यक्षेत्र में उपयोगी सिद्धांतों की जानकारी दी गई। प्रोग्राम के समापन सत्र में डीन एग्जीक्यूटिव एजुकेशन एंड कंसल्टेंसी प्रो अमित सचान, प्रोग्राम डायरेक्टर प्रो राजीव वर्मा और प्रो मनीष बंसल समेत अन्य संकाय सदस्य उपस्थित थे। संकाय सदस्यों ने प्रतिभागियों से वार्ता कर कोर्स के मूल्य और भविष्य में इसकी उपयोगिता पर चर्चा की । साथ ही प्रतिभागियों के समर्पण और शैक्षणिक प्रगति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को सराहा। शैक्षणिक सत्र के समापन पर प्रोग्राम में शामिल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को उद्योग और प्रबंधन क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी मिली। इसमें खासकर - प्रबंधकों में अर्थशास्त्र की समझ को विकसित किया गया। इनके अलावा उपभोक्ता के व्यवहार, व्यावसायिक रणनीति, फाइनांशियल एंड रिस्क मैनेजमेंट, मार्केटिंग मैनेजमेंट, डिजाइन थिंकिंग एंड इनोवेशन मैनेजमेंट, एनालिटिक्स एंड डिसिजन मेकिंग जैसे विषयों पर सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिए गए।

### पोषण शिविर का हुआ समापन

## बच्चों को समय पर संतुलित आहार जरूर दें : अरुण राय

**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**

हिंडालको मुरी वर्कस सीएसआर और राजकुमारी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे पोषित बचपन अभियान के तहत बांसारूली पंचायत में आयोजित 15 दिवसीय पोषण शिविर का समापन सोमवार को किया गया। बांसारूली पंचायत में कुल 38 कुपोषित बच्चे पाए गए थे जिसके तहत बच्चों को 15 दिनों तक देखरेख कर संतुलित आहार दिया गया। हिंडाल्को के एचआर हेड अरुण राय ने लाभार्थी के माताओं से अपील किया कि बच्चों को समय पर संतुलित आहार जरूर दें ताकि बच्चों का शारीरिक विकास तेजी से हो पाए। हिंडालको सामाजिक कार्य के प्रति हमेशा



तत्पर है और भविष्य में भी समाज के प्रति अपने दायित्व को निर्वहन करने के लिए प्रतिबद्ध है। डाइटिशियन मौसम ने बताया कि बच्चों को संतुलित आहार मिलने से शरीर तंदुरुस्त हो रहा है और वजन में भी वृद्धि हुई है। संतुलित भोजन मिलने से बच्चों का विकास तेजी से होता है। पोषण कैंप के समापन पर सभी लाभार्थी बच्चों के माताओं को एक माह का पोषण किट वितरण किया गया।

### झामुमो पंचायत समितियों का गठन शीघ्र करें: जुबैर अहमद

**खूंटी।** झामुमो के जिला कार्यालय में बुधवार को पार्टी कार्यकताओं की हुई बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई और पंचायत एवं प्रखंड कमेटियों के शीघ्र गठन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर जिला संयोजक जुबैर अहमद ने सभी सदस्यों को निर्देश दिया कि पंचायत कमेटियों का गठन कर इसकी सूचना संयोजक मंडली को दें और सदस्यता रसीद जमा करें। बैठक की अध्यक्षता झामुमो जिला संयोजक ने की। बैठक में जिला संयोजक मंडली सदस्य मकसूद अंसारी, सुशील पाहन, अमृत हेमरोम, भोलानाथ लाल, राहुल केशरी, खूंटी प्रखण्ड संयोजक मंडली सदस्य शेख फिरोज, गंदूर मुंडा, फिरोज अंसारी, मोजीर अंसारी, संदीप तिड़ू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मां भगवती अनेक रूपों ने आकर अहंकार का विनाश करती है : देवी रश्मि किशोरी

### भागवत कथा के दौरान शुंभ और निशुंभ के वध का जीवंत झांकी दिखाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

दशभुजी मां देवी दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा शतचंडी महायज्ञ के पांचवें दिन बुधवार को महादानी दुर्गा मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के दौरान कथावाचिका कथा व्यास देवी रश्मि किशोरी ने मां काली एवं मां कौशिकी की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जिसके अंदर मैं की भावना आ जाती है जो यह सोचता है कि मैं ही संसार का सर्वश्रेष्ठ इंसान हूं। मैं ही सबसे अच्छा हूं। मैं ही अच्छा कर सकता हूं। उस व्यक्ति को सामने




वाला का गुण नजर नहीं आता। उसके सदगुण भी उसे बुरे लगते हैं तब समझ जाइए कि मैं ने आपके अंदर अहंकार का बीजारोपण कर दिया है। ऐसे समय में आपके अंदर का अभिमान आपको बुराईयों की राह पर चलने को विवश कर देता है। ऐसे समय में मां भगवती अनेक रूपों ने आकर अहंकार का विनाश करती है। जब जब अहंकार आतंक बनकर आती है। कभी काली, कभी दुर्गा कभी चंडिका, कभी कौशिकी कभी महालक्ष्मी कभी महाकाली। राजा जन्मेंजय ने वेद व्यास से पूछा कहा कि इतना सुंदर चरित्र के बारे में विस्तार से बताएं। वेद व्यास ने बताया कि दुर्गा सप्तशती में तीन चरित्रों प्रथम चरित्र में मधु एवं कैटभ का वध, मध्यम चरित्र में महिषासुर का वध एवं उत्तम चरित्र में शुम्भ निशुम्भ के वध का वर्णन है। इसके श्रवण मात्र से इन्हीं तीन चरित्रों को सुनकर मां भगवती खुद आकर अपना दर्शन करातीं है। देवी रश्मि किशोरी ने अपने कथा का रसपान कराते हुए राजा सुरथ एवं समाधि वैश्य की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि राजा सुरथ कलिंग राज्य के महान शासक थे और देवी दुर्गा के भक्त थे। एक समय राजा सुरथ के सैनिकों, उसके दास दासियों सहित उनके अपनों ने विद्रोह कर पड़ोसी राजाओं से मिल गए और उनपर हमला करवा दिया।

## खलारी चर्च में राख बुध मनाकर की गई लेन्ट की शुरूआत

**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** खलारी शांतिनगर स्थित कैथेलिक चर्च में बुधवार की सुबह मसीही समुदाय के लोगों के द्वारा राख बुध मनाया गया। मौके पर फादर आस्कर टोप्पो ने मिस्सा पूजा कराकर राख बुध पर्व की शुरूआत की। मौके पर फादर आस्कर टोप्पो ने कहा कि राख बुध मनाकर लेन्ट की शुरूआत की जाती है। आज से चालीसवें दिन ईस्टर पर्व मनाया जाएगा। ईस्टर के बाद उपवास परहेज समाप्त हो जाएगा। उन्होने संदेश देते हुए कहा कि हमें ईश्वर की उपासना में अपना समय देना चाहिए, क्योंकि हमारा यह शरीर मिट्टी से बना है और एक दिन यह मिट्टी में ही मिल जाएगा। यह शरीर भी ईश्वर का दिया हुआ है इसलिए इसे ईश्वर के लिए समर्पित करें। अंत में खजूर पर्व के दौरान



व्यवहार में लाए गए खजूर की डाली को राख बनाकर फादर आस्कर टोप्पो तथा डा सिस्टर निर्मला सामुवेल द्वारा उपस्थित लोगों के माथे पर लगाया गया। बुधवार शाम में आने वाले मसीही विश्वासियों के लिए भी इसी तरह का कार्यक्रम किया गया और मिस्सा पूजा किया गया। अंत में लोगो को परम प्रसाद दिया गया। इस अवसर पर जान, सरोज डुंगडुंग, अलबीना तोपनो, जायसी, अंजना, सुषमा कश्यप सहित काफी संख्या में मसीही विष्वासी उपस्थित थे।

# सिविल सर्जन डॉ. एस.पी. सिंह ने हजारीबाग यूथ विंग को किया सम्मानित

## 221 यूनिट रक्त संग्रह की उपलब्धि की हुई सराहना

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग यूथ विंग को बुधवार को सिविल सर्जन डॉ. एस.पी. सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। ब्लड बैंक के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीरज कुमार, आर खैरी भी मौजूद रहें, हाल ही में संस्था द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 221 यूनिट रक्त संग्रह करने की महत्वपूर्ण उपलब्धि पर सिविल सर्जन ने अपनी ओर से टीम को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सिविल सर्जन डॉ. एस.पी. सिंह ने कहा की रक्तदान एक महादान है, जो न सिर्फ जरूरतमंदों की जिंदगी बचाता है, बल्कि समाज में मानवता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है। हजारीबाग यूथ विंग ने जिस समर्पण और संगठन के साथ यह रक्तदान शिविर आयोजित किया, वह सराहनीय है। हर सामाजिक संस्था को इस तरह के कार्यों में योगदान देना चाहिए।

हम इस प्रयास की जितनी प्रशंसा करें, वह कम होगी। पूरी टीम को मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई और रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को हार्दिक शुभकामनाएं। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की हमारा मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना और युवाओं को समाज सेवा के प्रति प्रेरित करना है। रक्तदान शिविर में युवाओं और समाज के सभी वर्गों का जोश और सहयोग देखकर हमें गर्व महसूस हो रहा है। यह सम्मान हमारे पूरे संगठन और उन सभी रक्तदाताओं के प्रयासों की सराहना है, जिन्होंने निःस्वार्थ भाव से रक्तदान किया।सम्मानित समारोह में सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य विवेक तिवारी, कुल्तार सिंह मौजूद रहें।

# न्यूज बॉक्स

## जंगली हाथी के कुचलने से वृद्ध की हुई मौत



**रामगढ़।** चितरपुर प्रखंड के भुचुंगडीह पंचायत के कोईहारा गांव में बुधवार की सुबह हाथी ने पटक कर एक वृद्ध को मौत के घाट उतार दिया। 60 वर्षीय मेघनाथ मुंडा जंगल की ओर जा रहा था। उसी दौरान एक हाथी ने उसपर हमला कर दिया और पटक-पटक कर उसकी जान ले ली। घटना के बाद वनपाल ने गांव पहुंच कर पीड़ित परिवार को पचीस हजार रुपए सहायता राशि दी। जबकि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु रामगढ़ सदर भेज दिया। इधर, मेघनाथ की मौत से नाराज ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जंगली हाथी लगातार क्षेत्र में विचरण कर लोगों के घरों व फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बावजूद इसके वन विभाग क्षेत्र से हाथियों को खदेड़ने में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

## वन विभाग ने अवैध आरा मिल के खिलाफ चलाया छापामारी अभियान



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के चुगलामो और बंडासिंघा में अवैध रूप से संचालित लकड़ी आरा मशीन को लेकर वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने संचालित अवैध आरा मशीन संचालक समेत मजदूर को भी हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई वन विभाग के जिला सहायक वन संरक्षक अविनाश कुमार परमार ने बताया की बरकट्ठा थाना क्षेत्र के चुगलामो में प्रकाश चौधरी के द्वारा अवैध आरा मील का संचालन किया जा रहा था। इसकी सूचना कई बार मिल रही थी। सत्यपान के बाद बुधवार के सुबह दल बल के साथ चुगलामो पहुंचे। आरा मील संचालित पाया गया। मौके पर से आरा मील मशीन समेत चिरान पटरा और लकड़ी का बोटा बरामद किया गया। प्रकाश चौधरी के अवैध आरा मील पर कई बार कार्रवाई की गई है। वर्षो से कई मामले भी लंबित है। पहले बड़े पैमाने पर बड़ा मशीन रखा था। उस समय भी वन विभाग ने कार्रवाई की थी। उखाड़ कर जब्त कर लिया गया था। लेकिन छोटा मशीन इस बार उपयोग कर रहा था जिसे उखाड़ कर साथ लाया गया है। सोनू सोरेन पिता लखन सोरेन एवं मनोज सोरेन पिता मझला सोरेन दोनों छहरामो बरकट्ठा निवासी को भी हिरासत मे लिया गया है जो बतौर मजदूर आरा मील मे काम कर रहा था। मामले को लेकर प्रथमिकी दर्ज करते हुए सभी को नयायिक हिरासत मे भेजा जाएगा।

## मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डो फेडरेशन का कराटे प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**रामगढ़।** मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया-झारखंड भुरकुंडा शाखा के तत्वाधान में भुरकुंडा पंचायत भवन के प्रांगण बुधवार को एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रशिक्षक सेसाई कंचन दास के देखरेख में महिला कराटे प्रशिक्षिका सृष्टि कुजूर ब्लैक बेल्ट द्वितीय डॉन के द्वारा छात्र-छात्राओं को काता, कुमीते, फाइट, बोमकाई तथा सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर सृष्टि कुजूर ने कहा कि लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग जरूर लेना चाहिए। कराटे से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। कराटे बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। सृष्टि कुजूर ने अभिभावकों से अपने-अपने बच्चों को खास करके लड़कियों को मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग जरूर दिलाने की अपील की। ताकि छात्राएं आत्मरक्षा का गुर सिख सखें। सृष्टि ने सेंसाई कंचन दास की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं इनके वजह से ही हूं। शिविर में विकास, शिवांश, रेयांश, खुशी कुमारी, चित्रलेखा, भूमि, नीति, सृष्टि भारती, स्नेहलता तिग्गा आदि बच्चों ने कराटे का प्रशिक्षण लिया।

# गृह मंत्रालय से तीसरी बार सम्मानित हुआ डीवीसी




नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** पूर्व एवं पूर्वोत्तर क्षेत्रों के13 राज्यों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में दामोदर घाटी निगम भूमि संरक्षण विभाग, हजारीबाग को वर्ष 2023-24 के लिए द्वितीय राजभाषा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व विभाग को वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में भी गृह मंत्रालय द्वारा यह सम्मान प्राप्त हो चुका है।

यह गरिमामयी समारोह मेफेयर होटल्स एंड रिसॉर्ट्स, कमारकुची सोनपुर, टेपेसिया, गुवाहाटी, असम में गृह मंत्रालय भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ हेमन्त बिस्वा शर्मा ने डीवीसी, हजारीबाग के परियोजना प्रमुख संजय कुमार को राजभाषा शील्ड तथा राजभाषा अधिकारी डॉ जितेंद्र झा को राजभाषा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय उपस्थित थें।उक्त समारोह में राजभाषा सचिव अंशुल आर्या एवं संयुक्त सचिव डॉ मीनाक्षी जॉली की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय पूर्व क्षेत्र के अंतर्गत बिहार, झारखंड एवं अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु हजारीबाग भूमि संरक्षण विभाग को गृह मंत्रालय द्वारा द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

विस में गूंजा हजारीबाग का जल संकट, विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरकार को घेरा

# जनता के अधिकारों की रक्षा करना मेरी प्राथमिकता है : प्रदीप प्रसाद



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** विस के बजट सत्र में हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद ने राज्य में पेयजल संकट, खराब चापाकल और अधूरी जलापूर्ति योजनाओं को लेकर सरकार से जवाब मांगा। कहा कि सरकार की उदासीनता के कारण हजारों परिवार पीने के पानी के लिए जूझ रहे हैं, लेकिन प्रशासन अब भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा।

### 40,376 चापाकल खराब और 535 से अधिक बेकार

विधानसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में सरकार ने स्वीकार किया कि झारखंड में कुल 1,81,823 चापाकल हैं, जिनमें से 40,376 खराब पड़े हैं। हजारीबाग जिले में ही 535 से अधिक चापाकल बंद हैं, जिससे हजारों ग्रामीणों को पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। सरकार ने यह भी बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 19,918 चापाकलों की मरम्मत की योजना बनाई गई है, लेकिन यह पूरी स्थिति के मुकाबले बहुत कम है। इस पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने आपत्ति जताते हुए कहा कि सरकार को सभी खराब चापाकलों की मरम्मत सुनिश्चित करनी चाहिए और जिन इलाकों में पानी की उपलब्धता नहीं है, वहां नए चापाकलों और जलापूर्ति योजनाओं की व्यवस्था करनी चाहिए।

### हजारीबाग जलापूर्ति योजना, 416.56 करोड़ की योजना अब भी अधूरी

हजारीबाग सदर क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए रु 416.56 करोड़ की लागत से बनाई गई जलापूर्ति योजना 2024 तक पूरी होनी थी, लेकिन यह आज भी अधूरी है। जलमग्न एक परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण में देरी। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण वन विभाग की एन ओ सी न मिलने के कारण रुका। एन एच ए आई से एन ओ सी न मिलने के कारण 11.35 किमी पाइपलाइन का कार्य ठप। डीवीसी से मंजूरी लंबित रहने के कारण इंटेक वैल का निर्माण अधर में। इस पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने नाराजगी जताई और सरकार से जल्द से जल्द सभी लंबित कार्यों को पूरा करने की मांग की।

### विधायक प्रदीप प्रसाद की प्रमुख मांगें

सभी खराब चापाकलों की तत्काल मरम्मत हो। हजारीबाग जलापूर्ति योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर शीघ्र पूरा किया जाए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। विधानसभा में सरकार से जवाब मांगने के बाद विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे जनता के साथ मिलकर बड़ा कदम उठाएंगे उन्होंने कहा कि जल संकट झेल रही जनता को उनका अधिकार दिलाने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे।

## कुम्हार टोली में पौधारोपण का हुआ आयोजन



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,कुम्हार टोली,हजारीबाग में बालक-बालिका शिक्षा के अंतर्गत औषधिए पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ । इस कार्यक्रम में विद्यालय में पढ़ने वाले भैया- बहनों ने विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधा तुलसी, गिलोय आदि को लगाया एवं उनका उनकी देखभाल करने का संकल्प भी लिया । मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने पौधारोपण कार्यक्रम करने के लिए बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम में विद्यालय के भैया बहन एवं आचार्य बंधु-भगिनी उपस्थित थे ।

# अंडर वाटर ड्रोन पर डॉ प्रियांक सक्सेना बी. आई. टी. मेसरा का व्याख्यान

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** 5 मार्च को राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में एक सप्ताह के बूट कैम्प मैं दूसरे और तीसरे दिन भी ड्रोन संबंधित तकनीक पर प्रतिभागियों के बीच जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। दूसरे दिन बी. आई. टी. मेसरा के डॉ प्रियांक सक्सेना ने अंडर वाटर ड्रोन पर व्याख्यान दिया और इस से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की। बूट कैम्प के तीसरे दिन एन. आई. टी राउरकेला के प्रोफेसर डॉ अभिषेक वर्मा एवं डॉ संतोष दास ने प्रतिभागियों के बीच अपने शोध को प्रस्तुत किया। डॉ अभिषेक वर्मा ने स्वान ड्रोन के परिचालन एवं उसके उपयोगिता पर जानकारी साझा किया। डॉ संतोष दास ने इंटरनेट ऑफ थिंग्स पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया और प्रतिभागियों में इसके बारे में विस्तार से चर्चा की।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने बूट कैंप सफलता की कामना की और शुभकामनाएं दीं। सचिव महोदया ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। तीसरे दिन की दूसरे सत्र में ड्रोन असेम्बली का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बिप्लब चक्रबर्ती और डॉ चिकेश रंजन ने भी ड्रोन ऐरोदयनामिक्स और ड्रोन फ्लाइंग कंट्रोलर पर आधारित जानकारी साझा की। फैक्लटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ अवनीश कुमार ने सभी एक्पर्ट का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया एवं सभी का धन्यवाद देते हुए प्रतिभागियों को ड्रोन से संबंधित अहम शोध साझा करने के लिए धन्यवाद भी दिया।

इस अवसर पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि , डॉ संजय कुमार, डॉ धीरज कुशवाहा एंव फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सभी व्याख्याता मौजूद थे।

उज्जवला फांउडेशन द्वारा किया गया मासिक बैठक

# अध्यक्ष ने 101 सदस्यों के बीच किया खाद्य सामग्री का वितरण

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** बोंगावार स्थित मोतीरात कॉम्प्लेक्स में बुधवार को उज्जवला फाउंडेशन की मासिक बैठक संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन अनिता देवी ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह वरिष्ठ नेता रंजीज कुमार सिन्हा शामिल हुए। बैठक के दौरान फांउडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने फाउंडेशन के विकास को लेकर विभिन्न बातों को रखा। साथ ही पिछले एक वर्ष से फाउंडेशन में जमा राशि को सदस्यों के बीच दिया गया। मौके पर रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि कोई भी फाउंडेशन को शुरूआत में बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लेकिन जब फाउंडेशन अपनी गति पकड़ता है तो उससे जुड़े सभी सदस्यों को आत्म निर्भर बनाने का काम करता है। ठीक इसी तरह से उज्जवला फाउंडेशन भी आप सभी सदस्यों को आत्म निर्भर बनाने की दिशा में पहल कर रहा है। आप सभी लोग धैर्य के साथ फांउडेशन से जुड़कर रहे। वहीं अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि पिछले 11 वर्ष से मेरे द्वारा फाउंडेशन में महिलाओं को एकत्रित कर उनको आत्म निर्भर बनाने की दिशा में पहल करने का कार्य किया गया है। बस अब कुछ ही दिनों के अंदर सदस्यों को सिलाई व कंप्यूटर प्रशिक्षण देकर उनको रोजगार मुहैया कराया जायेगा।

भव्य रुप से मनाई गई ठाकुरजी की वृंदावन होली

# संस्कृति और परंपराओं को सहेजने के लिए ऐसे आयोजन आवश्यक हैं : रूना खण्डेलवाल



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** खंडेलवाल महिला संघ द्वारा ठाकुरजी की वृंदावन होली का भव्य आयोजन शहर के बड़ा अखाड़ा के समीप स्थित अतिथि भवन में संपन्न हुआ। यह आयोजन पूरी श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया, जिसमें संघ की सभी सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ठाकुरजी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम की शुरुआत राधा-कृष्ण की प्रतिमा स्थापना और विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेलकर उत्सव का आनंद लिया। भक्ति रस से सराबोर इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने रंग बरसे, होली खेलें रघुवीरा जैसे पारंपरिक भजनों पर झूमते हुए होली का उत्सव मनाया। इस आयोजन में महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेलों में राधा-कृष्ण से संबंधित प्रश्नोत्तरी, होजी खेल का आयोजन हुआ. पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा। भजन-कीर्तन का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें भजनों की मधुर स्वर लहरियों ने सभी को भक्ति के रंग में रंग दिया। प्रमुख भजनों में राधा नाम की गूंज,श्याम तेरी बंसी, और होली आई रे शामिल रहें,कार्यक्रम के अंत में प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण कर ठाकुरजी की कृपा प्राप्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्डेलवाल महिला संघ की अध्यक्ष रुना खण्डेलवाल ने किया।

# मजदूरों का हित सर्वोपरि है : बीपी लाल



**रामगढ़।** क्षेत्रीय कार्यालय सौन्दा डी में बुधवार को दि झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता राजेन्द्र यादव और संचालक यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय अनिल कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि यूनियन सीसीएल उपाध्यक्ष बीपी लाल, विशिष्ट अतिथ सीसीएल उपाध्यक्ष बबीता सिंह, सह सचिव अवधेश कुमार उपस्थित थे। बैठक में मुख्य अतिथि बीपी लाल ने यूनियन की मजबुती पर बल देते हुए कहा कि मजदूरों का हित सर्वोपरि है, इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि निश्चित रहें हर समस्या का समाधान होगा। बैठक के दौरान मो. इकबाल हुसैन के नेतृत्व में फिरदौस आलम, मुमताज अंसारी, जितेन्द्र साव ने यूनियन की सदस्यता ग्रहण की। अतिथियों ने सभी नये सदस्यों को फूल माला पहनाकर झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन में स्वागत किया।

मधुमक्खी के दंश से स्कूटी सवार पति- पत्नी बुरी तरह हुए घायल

# मधुमक्खी को ना छेडें, उनसे दूर रहने का : रंजन

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के दारू थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम कोय निवासी श्यामसुंदर प्रसाद और उनकी पत्नी रूबी देवी सहित एक अन्य व्यक्ति मधुमक्खी के हमले से बुरी तरह घायल हो गए। श्यामसुंदर प्रसाद और उनकी पत्नी रूबी देवी अपने स्कूटी पर सवार होकर अपने बच्चे के स्कूल कोय जा रहें थे तभी अचानक रास्ते में एक झाड़ी से मधुमक्खियों का झुण्ड निकला और उनपर हमला कर दिया और दोनों के चेहरा, सिर, हाथ सहित शरीर के खुले अंगों में डंक मारते रहे। इसी क्रम में एक अन्य स्थानीय युवक को भी मधुमक्खियों ने डंक मारा। हो- हल्ला करने के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से किसी तरह मधुमक्खियों के चुंगल से तीनों को बाहर निकाला गया। मधुमक्खियों के दंश के बाद दर्द के कराहते हुए पति- पत्नी सहित एक अन्य युवक ने अपने परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद बुरी तरह प्रभावित हुए पति- पत्नी को उनके परिजनों और दारू क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश प्रसाद के सहयोग से इलाज़ के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया और तत्काल उनके द्वारा इसकी सूचना सांसद मनीष जायसवाल को दी गई। जिसके बाद सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने घायलों के पहुंचने से पूर्व ही अस्पताल को एलर्ट कर रखा। उनके आने से पूर्व ही रंजन चौधरी अस्पताल पहुंचे और तत्काल इलाज के लिए घायल पति- पत्नी का प्राथमिक उपचार शुरू कराया। इस दौरान पहले मधुमक्खियों के डंक को बाहर निकलवाया और शरीर में संक्रमण ना फैले और दर्द कम हो इसके लिए चिकित्सक के निर्देश पर दवाई- सुई करवाया। चिकित्सकों ने दोनों को अस्पताल में भर्ती करने का भी सलाह दिया ।

सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया कि मधुमक्खी एक सामाजिक कीट है और यह कभी दूसरे को नुकसान पहुंचाने के लिए डंक नहीं मारते बल्कि वे अपनी आत्मरक्षा के लिए ऐसा करते हैं। मधुमक्खियों के दंश में जहर होता है जिससे शरीर में संक्रमण फैल सकता है। मधुमक्खी का शहद जितना मीठा होता है उसका दंश उतना ही घातक होता है। मधुमक्खी अगर डंक मार दे तो उस जगह पर सूजन आ जाती है। कईएक बार असहनीय दर्द और जहर के प्रभाव से बुखार आ जाता है और यह जानलेवा भी हो जाता है। अगर मधुमक्खी का छत्ता आपके आसपास कहीं हो तो उसे ना छेड़े और उससे दूर रहने का प्रयास करें ।

# अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने मंत्री योगेंद्र महतो से की शिष्टाचार भेंट



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने झारखंड विधानसभा, रांची में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री, माननीय योगेंद्र महतो से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता व्यवस्था, ग्रामीण जल प्रबंधन, जल जीवन मिशन की प्रगति, हैंडपंपों की मरम्मत और नए जलस्त्रोतों के विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में दुलमी प्रखंड और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता को लेकर विशेष चर्चा की गई। सुधीर मंगलेश ने माननीय मंत्री से अनुरोध किया कि गर्मियों के मौसम में जल संकट की समस्या को देखते हुए अतिरिक्त जल स्त्रोतों की स्थापना, पुराने जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार और पाइपलाइन विस्तार जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। मंत्री योगेंद्र महतो ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और सभी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंगलेश ने मंत्री योगेंद्र महतो के मार्गदर्शन और सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंत्री जी के सहयोग से क्षेत्र में जल आपूर्ति और स्वच्छता से जुड़े मुद्दों का समाधान तेजी से होगा, जिससे आमजन को राहत मिलेगी।

## हजारीबाग के उरीमारी में हाइवा में आगजनी और गोलीबारी का राहुल दुबे ने लिया जिम्मा

**हजारीबाग।** जिला के उरीमारी स्थितआशीर्वाद कंपनी में गोलीबारी और हाइवा में आगजनी का जिम्मा अपराधी राहुल दुबे ने लिया है. प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए राहुल दुबे ने कहा कि घटना की जिम्मेदारी मैं राहुल दुबे गिरोह लेता हूं. रात में 11 बजे जो घटना हुई है, इसका जिम्मा मैं लेता हूं. साथ ही लिखा है, चेतावनी दे रहे हैं जो भी उरीमारी में काम कर रहा है, हमसे बिना मैनेज के इसका परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे।

### डीसी एवं डीडीसी ने कुरडेग प्रखण्ड का किया दौरा

# कुरडेग प्रखंड अंतर्गत बड़कीबीउरा पंचायत में मनरेगा पार्क का हुआ उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**





**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु ने कुरडेग प्रखंड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बड़कीबीउरा पंचायत के रावण खोता एवं सराईपानी बड़ाईकटोली का निरीक्षण किया गया।मनरेगा पार्क लोगों के लिए रोजगार का सृजन कर रहा है।एक ऐसा पार्क, जहां सरकार की योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं, जो ग्रामीणों के वर्तमान से लेकर भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभायेगी।इसका उद्देश्य यह है कि मनरेगा अंतर्गत सभी अनुमन्य योजनाओं को मनरेगा पार्क के धरातल पर लाना एवं वहां के ग्रामीणों को आजीविका संवर्धन से जोड़ना है।इसी के तहत कुरडेग प्रखंड भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त द्वारा कुरडेग प्रखंड अंतर्गत बड़कीबीउरा पंचायत में मनरेगा पार्क का उद्घाटन किया गया।तत्पश्यात मनरेगा पार्क अंतर्गत संचालित मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में 8 एकड़ ने बिरसा हरित ग्रामीण योजना, 1 बिरसा सिंचाई कूप योजना, 1 वीर शहीद पोटो हो खेल विकाश योजना, 8 बर्मी कंपोस्ट पीट, 1 सोकपीट एवं1 ई0सी0बी0 देखा गया। संबंधित पदाधिकारी/ कर्मी को ग्रामीणों के सतत् विकास हेतु ग्रामीण परिवारों को पशुधन विकास योजना से जोड़ते हुए पशुशेड का निर्माण करना एवं बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत ड्रेगन फ्रूट की खेती के साथ स्ट्रॉबेरी की खेती करने हेतु ग्रामीणों को जागरूक एवं स्थल का चयन करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने बड़कीबीउरा पंचायत के रावण खोता में निवास करने वाले कोरवा पीभीटीजी परिवारों से मुलाकात की तथा उसके विभिन्न विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने बताया कि कई परिवारों का राशन कार्ड एवं कई बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड नहीं बना है। जिसके आलोक में उपायुक्त महोदय ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को कैंप आयोजन कर छुटे हुए सभी पीभीटीजी परिवारों का राशन कार्ड, बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड यथाशीघ्र बनाने का निर्देश दिया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी राशन कार्ड बनने के बाद उसे यथाशीघ्र डाकिया योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। महिलाओं ने पानी की समस्या से भी उपयुक्त को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कुआं का पानी पीते हैं जो की एक महीने में सूखा पड़ जाएगा। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग द्वारा निर्मित जल मिनार से काफी कम पानी आता है। कभी-कभी पानी की पूर्ति भी नहीं हो पाती है। उपायुक्त ने पानी की समस्या को जल्द ही दूर करने का आश्वासन दिया, उन्होंने कहा कि नई बोरिंग के माध्यम से पानी की सुविधा उपलब्ध की जायेगी।इसके पश्चात उपायुक्त ने पीएमजनमन योजना के तहत बने आवास का निरीक्षण किया, जिस लाभुक का आवास पूर्ण था उसे ताला-चाबी दिया गया। तथा दीवाल का प्लास्टर एवं जमीन ढलाई से संबंधित अधूरे निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु आवास कोऑर्डिनेटर एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लाभुक गुरुवारु कोरवा एवं करिला कोरवा का आवास निर्माण का जायजा लिया। उपायुक्त ने करिला कोरवा का बने दरवाजा जो मजबूत नहीं था उसे चेंज करते हुए एक सप्ताह के अंदर मजबूत दरवाजा लगाने का निर्देश दिया। वहीं पीएमजनमन के लाभुक गुरुवारु कोरवा उसके जीवन यापन की जानकारी ली। उपायुक्त ने गुरुवारु कोरवा को शराब न पीने/नशे से दूर रहने की बात कहीं।उन्होंने बच्चों को अच्छे से पढ़ने-लिखने और वन उत्पाद सामग्रियों को बाजार में बिक्री कर आय का स्रोत बनाने की बात कहीं।इसके पश्चात् उपायुक्त ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रावण खोता का भी निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों को दिए जाने वाले मिड डे मील की गुणवत्ता का जांच किया। मेनू के हिसाब से जितनी मात्रा में बच्चों को भोजन उपलब्ध कराना है वह नहीं पाया गया। रसोई घर में खाद्यान्न में दाल नहीं था जिसके कारण उचित दाल नहीं बना था। आज रसोइयां के बदले उसकी कोई अन्य भोजन बनाई जिसने दाल नहीं होने की बात कही। साथ ही बच्चों ने बताया कि प्रतिदिन भोजन नहीं दिया जाता है एक दिन छोड़ कर बच्चों को भोजन दी जाती है। दूरभाष के माध्यम से जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया कि प्रभारी प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई करें। तथा रावण खोता व सरई पानी के लोगों ने सड़क,पानी की समस्या रखी जिसे प्राथमिकता देते हुए पूरा करने का आश्वाशन दिया गया।लौटने के क्रम में सराईपानी बड़ाईकटोली में 10-12 महिलाओं ने उपायुक्त का गाड़ी रुकवा कर पानी की विशेष समस्याओं से वहां अवगत कराया। महिलाओं ने उपायुक्त को बताया कि वर्तमान में सभी लोग कुआं और डाढ़ी का पानी पीते हैं। जो की एक महीना के अंदर अप्रैल तक सुख जाएगा।

**7 मार्च को बीजेपी का अटल विरासत सम्मेलन**

## पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा सम्मेलन में होंगे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन किया जा रहा है. 07 मार्च, दिन शुक्रवार को अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित किया गया है. विरासत सम्मेलन में वक्ता के रूप में मधु कोड़ा, पूर्व मुख्यमंत्री संबोधित करेंगे. अटल बिहारी वाजपेई जी राजनैतिक, सांगठनिक कार्यों के साथ उनके बहुआयामी व्यक्तित्व के बारे में वक्तागण प्रकाश डालेंगे. जनसंघ काल, 74 आंदोलन और वनांचल आंदोलन से जुड़े लोग, अटल बिहारी वाजपेई जी के साथ काम किए हुए कार्यकर्ता, नेता जो अभी मौजूद है उन्हें इस सम्मेलन में सम्मानित किया जाएगा. सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के सभी जिला, मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जेस्ट श्रेष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता को आमंत्रित किया गया है. जिला संयोजक मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि अटल विरासत सम्मेलन को पार्टी के द्वारा भव्य रूप से मनाया जाएगा।

## बदहाल नेटवर्क व्यवस्था सुधारे सरकार : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने सिमडेगा विधानसभा के पालकोट सहित अन्य सभी स्थानों में बदहाल नेटवर्क की समस्या को सदन में जोरदार तरीके से उठाया है। विधायक ने सदन में अपनी बात रखते हुए कहा कि क्षेत्र में आज भी नेटवर्क व्यवस्था काफी खराब है। बदहाल नेटवर्क लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। बदहाल नेटवर्क के कारण सबसे ज्यादा परेशानी पीडीएस दुकान से राशन लेने वाले ग्रामीणों को होती है। इस कारण कई बार लोग तीन चार दिन तक पीडीएस दुकान का चक्कर लगाते हैं। जबकि बदहाल नेटवर्क के कारण कई स्थानों में फोन से भी बात नहीं हो पाती है। नेटवर्क विहीन ऐसे गांवों में मोबाइल में नेटवर्क खोजने के लिए पेड़ों पर अथवा पहाड़ की चोटी पर चढ़ना आम बात है। कई बार बदहाल नेटवर्क के कारण सांप कटी का शिकार होने अथवा बीमार होने पर एम्बुलेंस की व्यवस्था के लिए भी संपर्क नहीं हो पाता है। विधायक ने कहा कि जिले में बदहाल नेटवर्क व्यवस्था को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाय।

### मजदूरों को न्युनतम मजदूरी दे सरकार: भूषण बाड़ा

विधायक ने न्युनतम मजदूरी भुगतान कराने की भी सरकार से मांग की है। विस सत्र में विधायक ने




न्युनतम मजदूरी भुगतान का मामला उठाते हुए कहा कि सरकार द्वारा वर्ष 2024 में ही न्युनतम मजदूरी निर्धारित करने की अधिसूचना जारी की गई है। इसके बावजूद जिले के मजदूर आज भी न्युनतम मजदूरी के लिए तरस रहे हैं। न्युनतम मजदूरी नहीं मिलने के कारण गरीबों की रोजी रोटी में आफत आ गया है। यही कारण है की आज जिले के मजदूर भारी संख्या में पलायन कर रहे हैं। विधायक ने जल्द से जल्द न्युनतम मजदूरी भुगतान लागू करवाने के लिए उचित पहल करने की मांग की है।

### प्रखंडों एवं जिला मुख्यालय में सार्वजनिक शौचालय बनवाएं

विधायक ने विधानसभा सत्र में जिला मुख्यालय के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों एवं प्रखंड मुख्यालयों में सार्वजनिक शौचालय का भी मुद्दा उठाया है। साथ ही सभी सार्वजनिक स्थानों में सार्वजनिक शौचालय बनवाने की मांग की है। विधायक ने सरकार से सवाल पुछते हुए कहा कि आज घर घर शौचालय का निर्माण तो किया गया है। लेकिन सार्वजनिक स्थानों में शौचालय नहीं बना है। महिला शौचालय की व्यवस्था नहीं रहने पर महिलाओं को भारी परेशानी होती है। विधायक के सवाल पर सरकार ने जवाब देते हुए कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में कुल 23 सार्वजनिक शौचालय है। साथ ही सभी शौचालय चालु हालत में है। नप के जवाब पर विधायक ने असंतोष व्यक्त किया है।

### भंडारा के साथ अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम का समापन किया गया

**बानो।** बानो स्थित शिव मंदिर स्थापना दिवस सह तीन दिवसीय अंखड हरि कीर्तन महोत्सव आयोजन के अंतिम दिन नगर भ्रमण पूर्णाहुति व भंडारा के साथ अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम का समापन किया गया। अखंड हरि कीर्तन में टुटीकेल गोंझूटोली,पबुड़ा डुमरटोली दीपाटोली, समडेगा तेतरटोली, नौमिल, उकौली सेमरटोली, बानो हरिजन टोली, कनारावां, हाटिंगहोड़े सेमरटोली, निमतुर, कुड़रुम और मयंगसोर के कीर्तन मंडली ने भाग लिया। बुधवार को पुर्णाहुति व नगर भ्रमण भंडारा कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। पुरोहित प्रदीप पंडा, रंजित पंडा, मदन पंडा, मंदिर पुजारी मनोहर द्विवेदी संतोष कुमार द्विवेदी पूजा संपन्न करा रहे।

## पीएलएफआई के चार उग्रवादी को सिमडेगा पुलिस ने दबोचा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पीएलएफआई के चार उग्रवादियों को धर दबोचा है। पुलिस कई दिनों से इनके तलाश में थी। मामले में एसडीपीओ बैजू उरांव ने प्रेस वार्ता कर बताया कि सिमडेगा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के कई कण्डों में वांछित पीएलएफआई के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों में से एक सुनील उरांव उर्फ तूफान पाकरटांड़ थाना क्षेत्र में लेवी लेने की नियत से पहुंचा था। इसी दौरान सूचना मिलने पर उसे पुलिस ने घर दबोचा। उसके बाद उससे पूछताछ के दौरान कई राज खुलने लगे। जिसमें पाकर टांड़ और सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र के कई घटनाओं का खुलासा हुआ। जिसके बाद एसडीपीओ बैजू उरांव के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम बनाई गई। इसके बाद पुलिस की इस गठित टीम द्वारा गिरफ्तार उग्रवादी के निशानदेही पर पुलिस ने इसके तीन और साथियों आशीष मिंज उर्फ अनमोल मिंज, सिद्धांत कुमार बड़ाइक और राहुल उरांव को भी धर दबोचा। इन चारों पर सिमडेगा के पाकरटांड़ थाना क्षेत्र में रोड कंस्ट्रक्शन साइड पर आगजनी कर वाहन जलाने, रोड़ कंस्ट्रक्शन कंपनी से लेवी मांगने और सदर थाना क्षेत्र के खिजरी में पोस्टरबाजी कर दहशत फैलाने के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इस मामले में एक महिला उग्रवादी यमुना मिंज को भी गिरफ्तार कर एक दिन पूर्व में जेल भेजा है। सिमडेगा पुलिस को कई दिनों से इनकी तलाश थी। पुलिस को उनके पास से लेवी के 54400 रुपए सहित इनके द्वारा प्रयुक्त की जा रही बाइक और मोबाइल मिले हैं।

## ट्रेलर और ट्रक की भिड़ंत से नेशन हाइवे रहा 16 घंटो तक जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** ट्रेलर और ट्रक में आपसी भिड़ंत होकर दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण सिमडेगा कोलेबिरा मार्ग नेशनल हाईवे 143 करीब 16 घंटे से भी अधिक समय तक जाम रही।प्राप्त जानकारी के अनुसार कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलेबिरा-सिमडेगा मुख्य मार्ग स्थित नेशनल हाईवे 143 में गड़हा नाला के समीप ट्रक एवं टेलर में आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसके चलते नेशनल हाईवे 143 पूरी तरह जाम हो गया।घटना की सूचना मिलते ही कोलेबिरा थाना प्रभारी शशिशंकर सिंह पुलिस दलबल के साथ दुर्घटना स्थल पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त ट्रक एवं ट्रेलर को बीच सड़क से हटाने की काफी कोशिश की गई किंतु समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त वाहन को बीच सड़क से प्रशासन नहीं हटा पाई।इधर बुधवार सुबह हाइड्रा एवं जेसीबी के माध्यम से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को बीच सड़क से हटाया गया तब जाकर सुबह 10:00 बजे सड़क जाम हटी और आवागमन चालू हुआ। वहीं 16 घंटे से अधिक समय तक सड़क जाम हो जाने के कारण जाम दुर्घटना स्थल के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई जिसके चलते यात्रियों एवं चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।हालांकि पुलिस प्रशासन जाम हटवाने के लिए हर संभव प्रयास करती रही। काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया गया और पहले की तरह सुचारू रूप से वाहनों का आवागमन प्रारंभ हुआ।

## चालीसा काल मे पांच दिव्य रत्नों को पालन करने की जरूरत : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** राख बुध के साथ ईसाई धर्मावलंबियों का चालीसा काल शुरू हो गया है। चालीसा काल शुरू होने के मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने ईसाई धर्मावलंबियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि चालीसा काल के दौरान 40 दिनों तक पूरी निष्ठा के साथ आध्यात्म एवं तपस्या संबंधी नियम को पालन करें। साथ ही एक दूसरे की भलाई करने को कहा गया। नशापान समेत अन्य बुराईयों से दूर रहें।उन्होंने कहा कि चालीसा काल के दौरान मसीही त्याग-तपस्या करते हैं। ऐसा इसलिए कि कभी चालीस दिनों तक यीशु ने भी घोर तपस्या की थी, दुखभोग किया था। उसके बाद उनकी परीक्षा हुई। वे विजयी हुए।यह समय प्रभु यीशु मसीह के दुखभोग का समय है। अगले चालीस दिनों तक विश्वासी प्रार्थना, पश्चाताप और चिंतन मनन के द्वारा यीशु के दुखभोग को स्मरण करें। उन्होंने कहा कि चालीसा काल को सफल बनाने के लिए प्रार्थना, उपवास, दान, पश्चाताप और प्रेरणा जैसे पांच दिव्य रत्नों की जरूरत है। विधायक ने कहा कि लेंट यानी की चालीसा काल आत्मिक शुद्धता और ईश्वर के निकट आने में सहायक होता है।



### महज परंपरा नहीं, बल्कि हमारे आत्मिक जीवन के लिए भी हो प्रभावी: भूषण बाड़ा

विधायक ने कहा कि राख बुध और चालीसा कल हमारे लिए महज परंपरा न रहे, लेकिन हमारे आत्मिक जीवन के लिए प्रभावकारी और लाभदायक हो। इसके लिए हमें इन दोनों के विषयों पर गौर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाइबल और परंपरा में राख हमारे पापी होने और पछतावा करने की और संकेत करती है। पुराने व्यवस्थान में राख का व्यवहार संताप, नश्वरता और तपस्या का बोध करने के लिए किया जाता था। नये व्यवस्था में भी इसका जिक्र मिलता है। इस तरह हम पाते हैं कि राख हमारे मरणशील होने की सच्चाई को भी इंगित करता है।

### कोलेबिरा थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना परिसर में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से अंचलाधिकारी कोलेबिरा अनुप कच्छप थाना प्रभारी शशिशंकर सिंह उपस्थित थे।उन्होंने लोगों की जमीन संबंधित विवादों को सुनते हुए उन्हें आपसी समझौते के आधार पर सुलझाने का प्रयास किया। मौके पर पुलिस अधिकारी और अंचल कर्मी भी उपस्थित थे।थाना दिवस के अवसर पर ग्रामीणों के द्वारा जमीन विवाद से संबंधित कुल 04 आवेदन मिला।इस अवसर पर सीओ अनुप कच्छप और थाना प्रभारी कोलेबिरा शशिशंकर सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना में प्रत्येक बुधवार को थाना में थाना दिवस मनाया जाना है और इसमें विभिन्न मामलों का निपटारा किया जाएगा।भूमि संबंधित मामलों सभी 04 मामलों की सुनवाई की गई और निपटारा हेतु अगली तिथि दी गई है।सीओ ने आगे कहा कि पुलिस प्रशासन के साथ विवादित भू स्थल पर जाकर जमीन की मापी की जाएगी।

## सरईजोर जंगल के नदी किनारे घायल हाथी क़ी हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के सराईजोर जंगल में घायल हाथी क़ी मौत हो गई।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व एक जंगली हाथी घायल अवस्था में सराईजोर जंगल के नदी किनारे देखा गया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दिया।वन विभाग के द्वारा इसकी सूचना उच्च अधिकारियो क़ी दे दिया। घायल हाथी ज़ब चलने फिरने नहीं सक रहा था तब तब वन के पदाधिकारीयों द्वारा हाथी के लिए खाना, फल, पानी इत्यादि पहुँचाने के लिए दो लोगों को जिम्मेदारी दी गई।ग्रामीणों के अनुसार हाथी के पैर में तार फंस गया था जिससे उसका पैर सूज गया और पस से भर गया।वन विभाग के सी0एफ0 एवं डीएफओ ने घटना स्थल पहुंचकर हाथी का इलाज के लिए आदेश दिया। दो दिन पूर्व घायल हाथी के पैर में फंसे तार को काटकर निकाला गया और सम्पूर्ण इलाज किया गया। अंततः इलाज के तीसरे दिन घायल हाथी का घटना स्थल पर ही मौत हो गई।जंगली हाथी क़ी मौत के बाद वन विभाग के अधिकारी हैरान हो गए।विभाग का कहना था कि काफ़ी मेहनत करने के बाद भी हाथी की मौत हो जाने से वन विभाग काफ़ी दुःखित है।



### एक जानवर की जान आज इंसान ने ले ली है, चुप क्यों है संसार

काफी प्रयास के बावजूद घायल हाथी को नहीं बचाया जा सका। ज्ञात हो कि बोलबा प्रखंड के पिडयापोछ पंचायत के जंगल में बीते कुछ दिनों से घायल अवस्था में हाथी देखा जा रहा था। जो लोकल न्यूज और सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल होने के बाद वन अधिकारी और डॉक्टर रांची से आए , और इलाज करने के बावजूद जंगली हाथी को नहीं बचा पाए, हाथी के पाव का ड्रेसिंग किया गया था, दवाई, इंजेक्शन, फल, खाना वगैरह दिया जा रहा था। और दो आदमी को उसको देखने के लिए हमेशा ड्यूटी पर तैनात किया गया था। पर आज हाथी चलते हुए गिर गया। और उसकी मौत हो गई।

## न्यूज बॉक्स

### जोसिमा खाखा ने राज अस्पताल पहुंच मरीजों का हाल चाल जाना



**सिमडेगा।** जिप सदस्य जोसिमा खाखा बुधवार को राज अस्पताल पहुंच अस्पताल के विभिन्न वार्डो में भर्ती मरीजों का भी हाल चाल लिया। साथ ही सभी मरीजों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की। सभी मरीजों को साथ खड़ा रहने एवं हर सम्भव मदद करने का भी आश्वासन दिया। जोसिमा ने अस्पताल प्रबंधक से अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। वहीं अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ मधुर संबंध स्थापित करने का भी निर्देश दिया। जोसिमा ने अस्पताल में भर्ती कांग्रेस के सक्रीय कार्यक्रम सह पंचायत समिति सदस्य प्रतिमा कुजूर की माँ से मुलाकात की। जोसिमा ने चिकित्सकों को प्रतिमा की माँ बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया। वहीं जोसिमा ने उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की। मौके पर उर्मिला केरकेट्टा, प्रतिमा कुजूर आदि उपस्थित थे।

### कोलेबिरा प्रखंड सभागार में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों की मासिक बैठक



**कोलेबिरा।** प्रखंड सभागार में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अनुप कच्छप की अध्यक्षता में प्रखंड क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में ग्रीन कार्ड,चना दाल,नमक,पीएचएच चावल,सोना सोबरन धोती साड़ी सहित विभिन्न खाद्यान्न वितरण प्रणाली की समीक्षा की गई।बैठक में गत माह में लाभुकों को वितरण किए गए अनाज की भी समीक्षा की गई।समीक्षा के उपरांत सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को सही समय पर खाद्यान्न वितरण करने का निर्देश दिया गया।बैठक में अभिकर्ता डोर स्टेप डिलीवरी अंसार अहमद, विधायक प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद,कोलेबिरा डीलर राजेश प्रसाद,शेख कुरेश,बंदरचुवां मुखिया विलियम समद,टुटीकेल डीलर पतरस सुरीन,बरसलोया डीलर लखन राम,नंदकिशोर चौरसिया,बड़केतुंगा आनंद सिंह,सभी एस एच जी ग्रुप के महिला समूह और जन वितरण प्रणाली के दुकानदार उपस्थित थे।

### श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड के प्रांत-सह-सचिव का हुआ आगमन



**सिमडेगा।** श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड द्वारा संचालित शैक्षिक इकाई सरस्वती शिशु / विद्या मंदिर सलडेगा में हुआ श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड के प्रांत- सह- सचिव राजेश अग्रवाल का आगमन। उन्होंने विद्यालय के आचार्य-आचार्याओं के साथ बैठक कर छात्र-व्यवस्था एवं विद्यालय के विकास से संबंधित अनेकों महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा विद्यालय की विभिन्न समस्याओं की जानकारियां ली। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों सहित उपलब्ध सुविधाओं तथा व्यवस्थाओं का सुक्ष्म मुल्यांकन करते हुए विद्यालय में बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार , स्वावलम्बन और अनुशासन के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन हेतु निर्धारित कार्ययोजनाओं के अनुरूप प्रबलता पूर्वक सेवा-कार्य करने का संदेश दिया तथा कार्यालय पहुंच कर अकाउंट संबंधित विभिन्न खाता बही, रजिस्टर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### शिव-शक्ति मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के आयोजन का निर्णय, समिति का हुआ गठन



**रांची।** सिमडेगाः-सदर थाना परिसर स्थित हनुमान वाटिका मंदिर में श्रद्धालुओं की बैठक हुई। बैठक में परिसर में निर्माणाधीन शिव-शक्ति मंदिर में प्रतिमाओं की स्थापना पर विचार- विमर्श किया गया। आचार्य विद्याबंधु शास्त्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में 5 जून को प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया। आयोजन के मद्देनजर समिति का गठन करते हुए थाना प्रभारी विनोद कुमार को मुख्य संरक्षक और श्रीरामरेखा धाम के महंत अखंड दास जी को मार्गदर्शक मंडल का अध्यक्ष बनाया गया। धर्मेंद्र कुमार को अध्यक्ष, अमरनाथ बामलिया, उमाचरण केसरी, तारकेश्वर भारती, श्रीरामपुरी और आशीष शास्त्री को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसी तरह विजय बख्शी को सचिव, अजयेन्द्र किशोर प्रसाद को उपसचिव, अशोक मिश्रा को कोषाध्यक्ष और प्रदीप कुमार दत्ता को सहकोषाध्यक्ष बनाया गया। इसी तरह नवीन सिंह, प्रसन्न कुमार सिन्हा, कौशल राज सिंहदेव, मोतीलाल अग्रवाल, अनुज बक्शी, राजेंद्र बामलिया, बबलू केसरी, अंकित केसरी, सौरभ कुमार सिंह सहित कई लोगों को कार्यकारिणी समिति का सदस्य बनाया गया। अगली बैठक 9 मार्च

### महाबुआंग थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया



**बानो।** महाबुआंग थाना परिसर में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से अंचलाधिकारी बानो रवि भूषण प्रसाद,थाना प्रभारी अमरनाथ कुमार सोनी उपस्थित थे।उन्होंने लोगों की जमीन संबंधित विवादों को सुनते हुए उन्हें आपसी समझौते के आधार पर सुलझाने का प्रयास किया। मौके पर पुलिस अधिकारी और अंचल कर्मी भी उपस्थित थे।थाना दिवस के अवसर पर ग्रामीणों के द्वारा जमीन विवाद से संबंधित कुल 3 आवेदन मिला।इस अवसर पर सीओ रवि भूषण प्रसाद और थाना प्रभारी बानो अमरनाथ कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए कहा कि उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना में प्रत्येक बुधवार को थाना में थाना दिवस मनाया जाना है और इसमें विभिन्न मामलों का निपटारा किया जाएगा।भूमि संबंधित मामलों सभी 03 मामलों की सुनवाई की गई और निपटारा हेतु अगली तिथि दी गई है।सीओ ने आगे कहा कि पुलिस प्रशासन के साथ विवादित भू स्थल पर जाकर जमीन की मापी की जाएगी तत्पश्चात सत्यापन कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया जाएगा।

## धनबाद सांसद समेत 14 आरोपित बरी

**धनबाद।** धनबाद के भाजपा सांसद ढुलू महतो समेत 14 नामजद आरोपितों को धनबाद के एमपी एमएलए न्यायालय के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता नारायण ने नाजायज मजमा बनाकर गाली गलौज मारपीट करने के एक मामले में मंगलवार को साक्ष्य के अभाव में बाइज्जत बरी कर दिया हैं। प्राथमिकी कुंती देवी की शिकायत पर बरोरा थाने में 23 फरवरी 2022 को दर्ज की गई थी।अनुसंधान के बाद बरोरा थाने की पुलिस ने एक अप्रैल 23 को तत्कालीन विधायक व मौजूदा सांसद ढुलू महतो, प्रेम महतो ,अजय गोराई, बसंत राय, भोला राय, सुभाष सिंह, दशमी देवी, सुरेश महतो, नेमोती देवी, सुरेश साव, गुड्डू महतो, धर्मेंद्र गुप्ता ,कृष्ण रविदास एवं विकास सिंह के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। 24 सितंबर 23 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई हुई थी।

## एंटी क्राइम चेकिंग अभियान,देर रात तक जांच जारी



**कतरास।** गजलीटांड़ ओपी थाना की पुलिस ने मंगलवार की रात कतरास नदी किनारे सूरज मंदिर के पास एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान रात 8 बजे से 10 बजे तक चलाया गया। जिसमें दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों की डिक्की और दस्तावेजों की जांच की।रात का समय होने के कारण अधिकतर वाहन चालक जल्दबाजी में घर पहुंचना चाहते थे,लेकिन सभी को कानून का पालन करना पड़ा।पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई के दौरान किसी भी वाहन से कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। गजलीटांड़ ओपी थाना के इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में अपराध और गैरकानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाना था। पुलिस सूत्रों के अनुसार ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे।

## गजलीटांड़ स्थित कांटा घर के समीप झाड़ियों में लगी आग




**कतरास।** अंगारपथरा ओपी क्षेत्र अंतर्गत गजलीटांड़ स्थित कांटा घर के पास झाड़ियों में अचानक आग लग गई।जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई।घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग की लपटें तेज थीं,लेकिन समय रहते आग बुझाने की कोशिशों से बड़ा हादसा टल गया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है,हालांकि इस मामले की जांच जारी है।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस



**तिसरी।** तिसरी थाना क्षेत्र के बेलवाना में मंगलवार की रात एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका बेलवाना के परसनवा निवासी मो. करामुल की 25 वर्षीय पत्नी मेहरूनिशा थी, उसके 4 बच्चे भी थे । बताया जाता है कि मृतका का पति बाहर रहकर मजदूरी करता था। इसी बीच मंगलवार की रात उसने अपने कमरे में ही फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। हालांकि इसके पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना की जानकारी पर तिसरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही मामले की पड़ताल में जुट गई है।

### डीआरडीए निर्देशक ने जमुआ प्रखंड में की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक

# कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों को लगाई कड़ी फटकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमुआ/गिरिडीह।** लापरवाही बरतने वाले कर्मियों की अब खैर नहीं, सरकार द्वारा संचालित सभी तरह के योजनाओं को जमीन पर उतारना एवं जिले से दिए गए टारगेट को ससमय अचीव करना आप सभों की जवाबदेही है, ऊक्त बातें डीआरडीए निदेशक रंथू महतों ने बुधवार को प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान कर्मियों से कहा। श्री महतो ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष समाप्ति में महज 25 दिन शेष बचे है, ऐसे में पंचायतों को मिले सभी तरह की टारगेट को हरहाल में पूरा करना है, कहा कि जो पंचायत अपना टारगेट को पूरा नहीं करतें हैं वैसे पंचायतों के कर्मियों पर दंडनात्मक कार्यवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान




सर्वप्रथम पीएम आवास का सर्वे रिपोर्ट का पंचायत वॉर समीक्षा किया गया जहां सबसे कम टारगेट अचीव करने वाले प्रखंड के पालमो, बदडीह 02 एवं पांडेयडीह के पंचायत सचिव को कड़ी फटकार लगाई।

कहा कि शीघ्र ही सभी पंचायत के कर्मी छुटे हुवे लोगों का सर्वे करें ताकी जरूरतमंद लोग पीएम आवास योजना का लाभ मिल सके,कहा कि इस सर्वे में जो लोग छूट जातें हैं वैसे लोगों को कभी इसका लाभ नहीं मिल पायेगा।

कहा कि जमुआ में 19451 लोगों का सर्वे किया जाना है जिसमें अब तक मात्र 8410 लोगों का ही हो पाया है। वहीं न्यू पीएम आवास स्वीकृति का भी समीक्षा किया गया कहा की जो पंचायत अब तक टारगेट के अनुसार अपना अभिलेख नहीं दियें हैं वह शीघ्र अभिलेख जमा कर पेमेन्ट करें। समीक्षा के क्रम में मनरेगा मद से अबुवा आवास में दियें जाने वाले मजदूरी भुगतान एवं न्यू आवास को मनरेगा पोर्टल में ओंनगोइंग करने, टारगेट के अनुसार पीडी अचीव करने तथा ससमय मजदूरी भुगतान करने आदि का पंचायत वॉर समीक्षा किया गया। जिसमें सबसे खराब परफॉर्मेंस वाले पंचायत, मसलन बेरहाबाद, कुरहोबिन्दो, जरीडीह, धर्मपुर, शाली, चितरडीह, प्रतापपुर चकमन्जो आदि पंचायतों के कर्मियों को निर्देश देते हुवे वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले सभी माड्यूल में प्रगति लाने का निर्देश दिया।

## शादी समारोह में शामिल गांडेय मुखिया

**गांडेय, गिरिडीह ।** गांडेय पंचायत के मुखिया अमृत लाल पाठक की बाईक (जेएच10एपी0743) मंगलवार की रात्रि को एक शादी समारोह से चोरी हो गई । बुधवार की दोपहर मुखिया ने गांडेय थाना में आवेदन देकर पुलिस ने बाईक बरामदगी की मांग किया है । घटना की जानकारी देते हुए मुखिया अमृत लाल पाठक ने कहा कि वह अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ मंगलवार की रात्रि गांडेय गिरिडीह मुख्यमार्ग पर जोराआम गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे । अपनी बाईक शादी घर के बाहर खड़ी करके अंदर गए थे , लगभग आधे घंटे के बाद जब वह बाहर निकले तब देखा कि उक्त जगह पर बाईक खड़ी नहीं थी । काफी खोजबीन के बाद भी बाईक नहीं मिलने पर बुधवार को मुखिया ने थाना में आवेदन दिया ।

## मिशनरीज ऑफ चैरिटी में कराई गई 32 लोगों की निशुल्क हेयर कटिंग



**धनबाद ।** बुधवार को पंख एक नई दिशा के द्वारा मेमको मोड़ स्थित मिशनरीज ऑफ चैरिटी में आर लॉन्च की मदद से 32 लोगों का हेयर कटिंग करवाया गया। संस्था के इस अभियान में मंदबुद्धि बच्चों, बुजुगों एवं महिलाओं को हेयर कटिंग ट्रीमिंग,हेयर निःशुल्क कराया गया।अध्यक्ष पिंकी गुप्ता ने बताया कि मिशनरीज ऑफ चैरिटी में यह पहली बार इस तरह का कार्यक्रम किया गया। हमारी संस्था के सभी सदस्य हमेशा एक ऐसी जगह जाते हैं। जहां बहुत से लोगों को इस प्रकार की सेवाएं नहीं मिल पाती है।वहां पर संस्था के सभी सदस्य जाकर सेवा सम्मान देते है। जरूरतमंद लोगों तक सेवा पहुंचाना हमारा प्राथमिक मकसद है।

## छात्र की पिटाई मामले की शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने की जांच

**खूंटी(हि.स.)।** खूंटी प्रखंड के बगड़ू गांव में संचालित मॉडल स्कूल में कक्षा सात के छात्र की शिक्षक अशरफ परवेज की ओर से बेरहमी से की गई पिटाई के मामले की जांच करने के लिए मंगलवार को शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूल पहुंचे और पूरे मामले की जांच की। जांच के बाद विभाग को मारपीट मामले की सच्चाई पता चला। अधिकारियों को बताया गया कि मॉडल स्कूल में छात्र मोबाइल फोन लेकर जाते हैं, जिस पर लगाम लगाने के लिए स्कूल प्रशासन सख्त कदम उठाता है। इसी दौरान एक शिक्षक ने कक्षा सात के छात्र को अपने मोबाइल पर नागपुरी वीडियो देखते हुए देखा।

## भू-माफियाओं के खिलाफ आजसू पार्टी ने सीओ को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बाघमारा।** बुधवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव अमरदीप महतो के नेतृत्व में बाघमारा अंचल अधिकारी बालकिशोर महतो को ज्ञापन सौंपा गया।अमरदीप महतो ने बताया कि बाघमारा प्रखंड अंतर्गत निचितपुर वन में भू-माफियाओं द्वारा तालाब को काटकर सरकारी जमीन को हड़पा जा रहा हैं। जिसका न्यू केशलपुर के ग्रामीण विरोध करते हैं। जमीन माफिया के खिलाफ अंचल अधिकारी से मिलकर मामला को बताया एवं ज्ञापन दिया। मामले को संज्ञान में लेते हुए अंचल अधिकारी द्वारा जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया हैं। मौके पर बिट्टू महतो, उत्तम बाउरी,उपेन्द्र विश्वकर्मा,पप्पू प्रमाणिक सहित अन्य मौजूद रहें।

## झामुमो सदस्यता अभियान समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**कतरास।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का सदस्यता अभियान समारोह बुधवार को अंगारपथरा स्थित मधुर मिलन के समीप आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय सदस्य डॉ नीलम मिश्रा को सम्मानित करते हुए वार्ड 4 की भावी प्रत्याशी वंदना सिन्हा ने उन्हें बुके देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में दर्जनों लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और सदस्यता रसीद प्राप्त की। पार्टी के सदस्य बनने के लिए उपस्थित लोगों का उत्साह दिखाई दिया। सदस्यता अभियान के दौरान पार्टी ने प्रदेश में अपनी स्थिति को और मजबूत करने का संकल्प लिया और नए सदस्य जोड़ने के लिए अपना अभियान तेज किया।



इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के धनबाद जिला के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय सदस्य रमेश टुडू, धनबाद महानगर संयोजक मंडली सदस्य मंटू चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, कतरास महानगर संयोजक मंडली सदस्य सुमित महतो, कृष्णा लाला, विकी मालाकार, बंटी सिंह, घंटू त्रिगुणायत, वरीय नेता सुरेश लाल , अमित यादव, साहिल खान, आदेश पासवान, रंजीत रवानी, अमर पासवान, धनंजय विश्वकर्मा, सुमित यादव, संतोष राउत, मनोहर कुमार, शहीद खान, चंदन तुरी, मनु चौहान सहित पार्टी के अन्य प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## ट्राई का चाईबासा में उपभोक्ता आउटरीच कार्यक्रम आज

**रांची।** ट्राई का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है उपभोक्ता हितों की रक्षा करना और उपभोक्ता जागरूकता पैदा करना। इस उद्देश्य में, ट्राई, उपभोक्ता आउटरीच कार्यक्रम (सीओपी), उपभोक्ता संगठनों के क्षमता निर्माण पर कार्यशाला और उपभोक्ता हितों और संरक्षण के मुद्दों पर सेमिनार आदि आयोजित करता है। इसी कड़ी में, ट्राई (क्षेत्रीय कार्यालय-कोलकाता) आज गुरुवार को होटल सैफरन सूट, कॉलेज मोड़, मटकमहातु, चाईबासा में उपभोक्ता आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करेगा, ताकि जनता को उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए ट्राई द्वारा की गई विभिन्न पहलों के बारे में जानकारी दी जा सके।कार्यक्रम में आम जनता के अलावा दूरसंचार सेवा प्रदाता, उपभोक्ता संगठन भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। असीम दत्ता, आईआरआरएस, संयुक्त सलाहकार, ट्राई क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता, अपने स्वागत भाषण में भारत में दूरसंचार और प्रसारण सेवा के विधायी और नियामक ढांचे, ट्राई की भूमिका/कार्य और ऐसे उपभोक्ता आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य और प्रयोजन के बारे में संक्षिप्त भाषण देंगे। कार्यक्रम के दौराननिलय दत्ता, सीनियर रिसर्च ऑफिसर, ट्राई क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता द्वारा एक विस्तृत प्रस्तुति के माध्यम से, प्रतिभागियों को मूल्य वर्धित सेवाओं (वीएएस), अनचाहे वाणिज्यिक संचार (यूसीसी), मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी, शिकायत निवारण तंत्र, डेटा सेवाओं, प्रसारण नियमों और टैरिफ आदि से संबंधित विभिन्न उपभोक्ता केंद्रित नियमों, निदेशों और आदेशों के प्रावधानों के बारे में शिक्षित किया जाएगा।

प्रतिभागियों को विभिन्न मोबाइल ऐप (ट्राई माईस्पीड ऐप, ट्राई डीएनडी 3.0 ऐप, चैनल चयनकर्ता और ट्राई मायकॉल ऐप), टैरिफ पोर्टल और उपभोक्ता सशक्तीकरण के लिए ट्राई द्वारा विकसित नेटवर्क कवरेज मानचित्रों के लाभों के बारे में भी बताया गया और उपभोक्ता इन ऐप/पोर्टल का लाभ कैसे उठा सकते हैं। प्रतिभागियों को दूरसंचार के विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए ट्राई द्वारा की गई विभिन्न सिफारिशों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। उन्हें यूसीसी पर ट्राई के नए नियमों/निदेशों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी और उन्हें विभिन्न दूरसंचार धोखाधड़ी जैसे टावर धोखाधड़ी, धोखाधड़ी वाले संदेश/कॉल आदि के बारे में अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। सेलुलर टावरों से विद्युत चुम्बकीय विकिरण, इसकी सुरक्षित सीमा, संबंधित नियम और सरकार द्वारा निगरानी तंत्र पर एक प्रस्तुति भी दी जाएगी। प्रस्तुति के बाद एक जीवंत इंटरैक्टिव सत्र होगा जिसमें दूरसंचार सेवाओं के विभिन्न पहलुओं से संबंधित प्रतिभागियों के प्रश्नों का ट्राई टीम/टीएसपी द्वारा उपयुक्त रूप से उत्तर दिया जाएगा।

## बिरनी पुलिस ने फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार करके भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बिरनी।** बिरनी थाना कांड सांख्य 04/25 दर्ज करके फरार चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी बिरनी पुलिस ने धनबाद से गिरफ्तार करके गिरिडीह जेल भेजा है।बता दे की बीते 2 जनवरी को बिरनी थाना क्षेत्र के बिराजपुर स्थित सुरेश मोदी के राशन दुकान सह मकान मालिक को हथियार के भय दिखाकर पूरे परिवार को बंधक बनाकर लूटपाट घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद बिरनी थाना पुलिस अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा था। इसी दरमियान में गुप्त सूचना के आधार पर बिरनी पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तारी



अभियुक्त मोहम्मद सदीक सह मुखिया पिता अतीक श्यामडीह थाना कतरास जिला धनबाद का रहने वाला है। गिरफ्तार व्यक्ति के विरोध गिरिडीह धनबाद एवं बोकारो जिले में विभिन्न थानों में कई कांड दर्ज है तथा पूर्व में भी कई बार जेल जा चुका है। यह जानकारी थाना प्रभारी आकाश भारद्वाज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके जानकारी दी है। गिरफ्तारी अभियुक्त बम बनाने में एक्सपर्ट है। वर्ष 2008 में एक डकैती की योजना बनाने के क्रम में बम तैयार करते समय ब्लास्ट हो गया था।जिस कारण हाथ क्षतिग्रस्त हो गया था। तथा इलाज के क्रम में चिकित्सक द्वारा हाथ को काट दिया गया। इस छापेमारी दल में बिरनी थाना प्रभारी आकाश भरद्वाज, सरिया थाना प्रभारी आलोक कुमार, एवम बिरनी थाना रिजर्व गाड़ शामिल थे।

## वन विभाग ने पत्थर लदा ट्रैक्टर किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** मंगलवार की रात डीएफओ मनीष तिवारी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बेंगाबाद थाना क्षेत्र के फॉरेस्ट ब्लॉक एवं आसपास के इलाकों में सफेद पत्थर का अवैध खनन और परिवहन किया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर डीएफओ मनीष तिवारी के निदेर्शानुसार फॉरेस्टर दिवाकर कुमार तांती के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर तत्काल कार्रवाई के लिए भेजा गया। वन विभाग की टीम ने रात करीब 11 बजे बथनबारी से घुठिया जाने वाली सड़क पर सफेद पत्थर लदे एक स्वराज ट्रैक्टर को पकड़ लिया।जबकि ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहे। ट्रैक्टर को जब्त कर वन विभाग कार्यालय लाया गया। एवं संलिप्त अभियुक्तों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है यह पिछले एक महीने में वन विभाग द्वारा अवैध खनन के खिलाफ की गई चौथी बड़ी कार्रवाई है। फॉरेस्टर दिवाकर तांती ने स्पष्ट रूप से कहा कि अवैध खनन एवं परिवहन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पत्थर माफियाओं का मनोबल तोड़ना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वन एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। इस अभियान में विभाग की टीम में वनपाल प्रभारी दिवाकर कुमार तांती वनरक्षी रमेश टुडू, सुनील हेंब्रम, मुकेश दास,एंथोनी हेंब्रम आदि शामिल थे। वन विभाग अवैध खनन के खिलाफ अपनी कार्रवाई को और अधिक तेज करेगा और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

## पुलिस ने फर्जी लूटकांड का किया खुलासा, पांच शातिर अपराधी गिरफ्तार

**सरायकेला।** जिले के राजनगर थाना पुलिस ने फर्जी लूटकांड का खुलासा करते हुए पांच शातिर जालसाजों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों में तीन भारत फाइनेंस के कलेक्शन एजेंट भी शामिल हैं। गिरफ्तार अपराधियों में निवारण प्रधान, वासुदेव महतो, सुदीप भगत, अरुण पुराण और विवेकानंद पातर आदि शामिल हैं। इस संबंध में बुधवार को प्रेस वार्ता कर जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि बीते वर्ष सितंबर महीने से राजनगर थाना क्षेत्र में भारत फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंटों के साथ लूट की घटनाएं हो रही थीं। हर 15-15 दिनों के अंतराल पर एफआईआर दर्ज कराई जा रही थी, जिससे पुलिस को शक हुआ। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। टीम ने जांच के दौरान तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर लूटकांड का खुलासा किया । उन्होंने बताया कि लूट की घटनाएं पूरी तरह फर्जी थीं और इसमें कंपनी के ही कलेक्शन एजेंट शामिल थे। एसपी ने बताया कि कलेक्शन एजेंट ही अपराधियों को किराए पर हायर करते थे और उन्हें लोकेशन मुहैया कराते थे। फिर ये एजेंट खुद को लूट का शिकार बताकर पुलिस में एफआईआर दर्ज करा देते थे।

## खूंटी में सात मार्च से होगा दो दिवसीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

**खूंटी(हि.स.)।** जिला कृषि कार्यालय और कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), खूंटी के संयुक्त तत्वावधान में सात और आठ 08 मार्च 2025 को कचहरी मैदान, खूंटी में दो दिवसीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिले के किसानों को नवीन कृषि तकनीकों, वैज्ञानिक विधियों एवं आधुनिक कृषि उपकरणों की जानकारी देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि आठ मार्च को प्रातः नौ बजे से 11 बजे तक प्रदर्शनी की प्राप्ति एवं पंजीकरण, पूर्वाह्न 11 से 12 बजे तक कृषक गोष्ठी, 12 से एक बजे तक तक कृषक वैज्ञानिक अंतरमिलन और अपराह्न 12.30 बजे से 1.30 बजे तक सर्वोत्तम प्रदर्शनी का निर्णायक समिति की ओर से चयन किया जाएगा। आठ मार्च को अपराह्न तीन से चार बजे तक पारितोषिक वितरण समारोह और पांच बजे समापन होगा। इसमें जिले के प्रगतिशील किसानों, कृषि वैज्ञानिकों एवं विभिन्न कृषि उपकरण निमार्ताओं की सहभागिता रहेगी। जिला कृषि पदाधिकारी ने अधिक से अधिक किसानों से इस मेले में भाग लेने की अपील की है, ताकि वे उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर उत्पादन में वृद्धि कर सकें।

## एसएसबी ने मोटरसाइकिल रिपेयरिंग व पोल्ट्री फार्मिंग के 44 प्रशिक्षुओं को दिया प्रमाणपत्र

### पिछले कई दिनों से दिया जा रहा था निःशुल्क प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**तिसरी (गिरिडीह)।** 35 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ई समवाय तिसरी द्वारा पिछले कई दिनों से चल रहे निःशुल्क मोटरसाइकल रिपेयरिंग और पोल्ट्री फार्मिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया। इस दौरान एसएसबी ई समावय के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि 35 वीं वाहिनी के उप कमांडेंट किसल्या उपाध्याय व विशिष्ट अतिथि के रूप में दक्षिणी छोर के जिला परिषद सदस्य रामकुमार राउत और चंदौरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार दयाल के अलावे ई समवाय के इंस्पेक्टर पार्थ घोष उपस्थित थे।

उप कमांडेंट किसल्या उपाध्याय ने मौके पर उपस्थित प्रशिक्षुओं से एक - एक कर प्रशिक्षण के बाबत जानकारी ली। साथ ही कहा कि भारत सरकार द्वारा केंद्रीय बलों के मार्फत लोगों को सशक्त बनाने की कवायद की जा रही है। एसएसबी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत कई प्रकार के निःशुल्क प्रशिक्षण व कार्यक्रम चलाये जाते हैं। ताकि लोगों का स्किल डेवलप हो और इससे लाभान्वित होकर उनके समक्ष रोजगार के साधन उपलब्ध हो सके। उन्होंने ट्रेनिंग ले चुके सभी प्रशिक्षुओं से इसे अपनी आजीविका के लिए उपयोग करने की अपील की।

वहीं जिप सदस्य रामकुमार राउत ने एसएसबी के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में रोजगार का भारी अभाव है, लोग पलायन को मजबूर हैं। ऐसे में एसएसबी द्वारा दिए जा रहे निःशुल्क प्रशिक्षण से लोगों के समक्ष रोजगार के नए साधन उपलब्ध होंगे और उनकी आजीविका में सहायता होगी।

इसके उपरांत मुख्य व विशिष्ट अतिथियों के हाथों मोटरसाइकिल रिपेयरिंग प्रशिक्षण के 24 व पोल्ट्री फार्मिंग प्रशिक्षण के 20 प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। वहीं एसएसबी द्वारा मोटरसाइकिल रिपेयरिंग वाले प्रशिक्षुओं को टूल्स किट भी भेंट की गई।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग**

आदेश सं0 281हजारीबाग/दिनांक 05.03.2025

**-:सूचना:-**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–41/2024-25 जिसका पी0आर0 न0 PR 347532 (Rural Development) 2024-25 (D) के द्वारा आमंत्रित निविदा को अपरिहार्य कारण वश स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
हजारीबाग

PR 347882 (Rural Development)24-25*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, रॉंची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–108/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 12.03.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 15.03.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 15.03.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation work of First Class Veterinary Hospital at Sonahatu Ranchi | 2318300 | 46400 | 5000 | Two Months |
| 2 | Construction of Boundary wall and Paver approach Road at First Class Veterinary Hospital Ormanjhi Ranchi | 4447100 | 89000 | 5000 | Two Months |
| 3 | Proposed Construction of Paver approach Road and Street Light Between LDC-01 to Black Top Road at NHM Campus Namkum Ranchi | 4890750 | 97900 | 5000 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 347818 Building(24-25)#D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

दृढ़ निश्चय कर लीजिए कि आप समस्याओं से प्रभावित नहीं होंगे, आप चिड़चिड़े नहीं बनेंगे, आप आदतों एवं मनोभावों के शिकार नहीं बनेंगे, आप एक पंछी की तरह स्वतंत्र बनेंगे। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# बर्बाद पाकिस्तान की ओर बांग्लादेश के बढ़ते कदम

बांग्लादेश मुसीबत रूपी पाकिस्तान से दोस्ती बढ़ा रहा है। 30 लाख बांग्लादेशी लोगों की हत्या करने वाला पाकिस्तान अब दोस्त बन गया है और हर तरह से मदद करने वाला भारत दुश्मन। बांग्लादेश और पाकिस्तान की बढ़ती नजदीकियां, बांग्लादेश का भारत विरोध और पाकिस्तान प्रेम इस मुल्क पर भारी पड़ सकता है और भारी पड़ रहा है। भले ही 54 सालों में पहली बार बांग्लादेश और पाकिस्तान सीधा कारोबार शुरू हुआ है। देखने वाली बात यह भी है कि पाकिस्तान और भारत के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं और व्यापार ठप्प है। ऐसे में इसका असर भारत पर नहीं पाकिस्तान पर जरूर पड़ा है और वहां की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। बांग्लादेश के लिए भारत जो मायने रखता है, उसकी भरपाई पाकिस्तान तो कतई नहीं कर सकता है। जिस बांग्लादेश को पाकिस्तानी क्रूरता से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत ने तमाम कुर्बानियों के बाद जन्म दिया, उसका भारत-विरोधी रवैया दुर्भाग्यपूर्ण है। अब अगर बांग्लादेश ने तय ही कर लिया है कि भारत से संबंध खराब करने की हर कीमत चुकाने के लिए तैयार है तो कुछ भी कहना बेमानी है। जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान की राह पर चलने की ठान ही ली है, तो उनके दुष्परिणाम भी उसे ही भुगतने होंगे। बांग्लादेश के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, आम जनता पर दु:खों, परेशानियों एवं समस्याओं के पहाड़ टूटने लगे हैं। वहां जैसी आंतरिक गुटबाजी, प्रशासनिक शिथिलताएं, अराजकताएं और अव्यवस्थाएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए सेना प्रमुख जनरल वकार उज-जमां ने सेना की भूमिका बढ़ाने की बात कही है। उनका संकेत साफ है, यदि अंतरिम सरकार हालात को संभाल पाने में नाकाम रहती है, तो सेना मोर्चा संभालने को तैयार है। दरअसल, शेख हसीना की विदाई के साथ वहां जिस तरह से राजनीतिक अस्थिरता एवं अराजकता बढ़ी है, उसका नुकसान पूरे देश को हो रहा है। न सिर्फ निवेश पर प्रभाव पड़ा है, विदेशी संबंध भी चरमरा रहे हैं, आर्थिक गिरावट तेजी से बढ़ रही है। भारत जैसे देश के साथ सामान्य व्यापार और ढांचागत विकास संबंधी योजनाओं में भी रुकावटें पैदा हुई हैं। बांग्लादेश भारत की सदाशयता एवं उदारता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आ रहा है, उसका अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा को लेकर भी ऐसा ही रवैया है, जिस बारे में वह भले ही अब दलील दे रहा है कि हालिया बांग्लादेश में हिन्दुओं से जुड़ी हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कारणों से हुई हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका साफ है। बांग्लादेश से हाल ही में आई रिपोर्ट चिंताजनक हैं। चल रहे राजनीतिक संकट और राज्य पुलिस की गिरावट ने अल्पसंख्यक समुदायों, खासकर हिंदुओं पर लक्षित हमलों के लिए अनुकूल स्थिति पैदा कर दी है। 1947 से, हिंदू आबादी 30 प्रतिशत से घटकर 9 प्रतिशत से भी कम हो गई है। शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद से स्थिति और खराब हो गई है, जो 2009 से सत्ता में थी। यह संकट पूर्वी पाकिस्तान और आधुनिक बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रत्यक्ष और गुप्त नरसंहार के लंबे इतिहास को दर्शाता है।

*बांग्लादेश के लिए भारत जो मायने रखता है, उसकी भरपाई पाकिस्तान तो कतई नहीं कर सकता है।*

# भारत का तकनीकी पुनर्जागरण विकसित भारत की यात्रा को गति



महाराष्ट्र के बारामती में एक छोटा किसान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के साथ कृषि के नियमों को फिर से निर्धारित करने में जुटा है। यह बात अपने-आप में अद्वितीय है। हम उर्वरक के इस्तेमाल में कमी, जल संसाधन के बेहतर इस्तेमाल से अधिक उपज के बारे में बात करते हैं, जो एआई समर्थित है। यह भारत की एआई-संचालित क्रांति की एक झलक मात्र है। तकनीक और नवाचार अब प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन को बखूबी बदल रहे हैं। कई अर्थों में इस किसान की कहानी एक बहुत बड़े परिवर्तन का सूक्ष्म रूप है। यह सूक्ष्म रूप 2047 तक विकसित भारत की ओर हमारे प्रस्थान का है।

### डिजिटल नियति का निर्धारण

भारत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई), एआई, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पर जोर देकर अपने डिजिटल भविष्य को आकार दे रहा है। दशकों से, भारत सॉफ़्टवेयर के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी रहा है, किंतु अब यह हार्डवेयर विनिर्माण में भी बड़ी प्रगति कर रहा है। पांच सेमीकंडक्टर संयंत्र निर्माणाधीन हैं, जो वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में भारत की भूमिका को मजबूत करते हैं। आज इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद हमारे शीर्ष तीन निर्यातों में शुमार हैं और जल्द ही हम एक प्रमुख मील के पत्थर यानी इस साल भारत की पहली "मेक इन इंडिया" चिप के लॉन्च तक पहुंच जाएंगे।

### एआई का निर्माण : कंप्यूट, डेटा और इनोवेशन

सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स इसकी रीढ़ हैं, जबकि डीपीआई भारत की तकनीकी क्रांति को आगे बढ़ाने वाली प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करता है। भारत अपने तरह की एक एआई संरचना के माध्यम से इसे सभी के लिए सुलभ बनाकर एआई का लोकतंत्रीकरण कर रहा है। इस संबंध में एक प्रमुख पहल 18,000 से अधिक ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) के साथ भारत की कॉमन कंप्यूट सुविधा है। 100 रुपए प्रति घंटे से कम की रियायती लागत पर उपलब्ध, यह पहल सुनिश्चित करेगी कि अत्याधुनिक अनुसंधानकर्ताओं, स्टार्टअप, शिक्षाविदों और अन्य हितधारकों के लिए सुलभ हो। यह पहल मूलभूत मॉडल और अनुप्रयोगों सहित एआई -आधारित प्रणालियों को विकसित करने के लिए जीपीयू तक आसान पहुंच को सक्षम करेगी। भारत विविध और उच्च-गुणवत्ता वाले डेटा पर एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए बड़े पैमाने पर गैर-व्यक्तिगत अनाम डेटासेट भी विकसित कर रहा है। यह पहल पूर्वाग्रहों को कम करने और सटीकता में सुधार करने में मदद करेगी, जिससे एआई सिस्टम अधिक विश्वसनीय और समावेशी बनेंगे। ये डेटासेट कृषि, मौसम पूर्वानुमान और यातायात प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एआई-संचालित समाधानों को शक्ति प्रदान करेंगे। सरकार भारत के अपने आधारभूत मॉडलों के विकास में सहायता कर रही है, जिसमें बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) और भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप समस्या-विशिष्ट एआई समाधान शामिल हैं। एआई से जुड़े अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए, कई उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित किए गए हैं।

आज की बात



**अश्विनी वैष्णव**

### भारत का डीपीआई, डिजिटल नवाचार की रूपरेखा

डीपीआई में भारत के अग्रणी कार्य ने वैश्विक डिजिटल परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से आकार दिया है। कॉर्पोरेट या राज्य-नियंत्रित मॉडल के विपरीत, भारत का सरल सार्वजनिक-निजी दृष्टिकोण का आधार, यूपीआई और डिजीलॉकर जैसे प्लेटफ़ॉर्म बनाने के लिए सार्वजनिक धन का उपयोग करता है। निजी क्षेत्र के दिग्गज डीपीआई के शीर्ष पर उपयोगकर्ता के अनुकूल, एप्लिकेशन-विशिष्ट समाधान बनाते हैं और नवाचार प्रस्तुत करते हैं। इस मॉडल को अब एआई के साथ सुपरचार्ज किया जा रहा है, क्योंकि यूपीआई और डिजीलॉकर जैसे वित्तीय और शासन प्लेटफॉर्म बुद्धिमान समाधानों को एकीकृत करते हैं। भारत की डीपीआई संरचना में वैश्विक रुचि जी20 शिखर सम्मेलन में स्पष्ट थी, जहां विभिन्न देशों ने मॉडल को दोहराने की इच्छा व्यक्त की थी। जापान ने भारत की यूपीआई भुगतान प्रणाली को पेटेंट प्रदान किया है, जो इसकी व्यापकता का प्रमाण है।

### महाकुंभ, परंपरा और तकनीक का संगम

भारत ने महाकुंभ 2025 के निर्बाध संचालन के लिए अपने डीपीआई और एआई-संचालित प्रबंधन का लाभ उठाया, जो अब तक का सबसे बड़ा मानव समागम है। एआई -संचालित उपकरणों ने प्रयागराज में रेलवे स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए तत्क्षण रेलवे यात्रियों की आवाजाही की निगरानी की।

भाषिणी, कुंभ सहायक चैटबॉट में एकीकृत, सभी के लिए आवाज आधारित खोया और पाया सुविधा, तत्क्षण अनुवाद और बहुभाषी सहायता सक्षम करती है। भारतीय रेल और उत्तर प्रदेश पुलिस जैसे विभिन्न विभागों के साथ इसके सहयोग ने समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संचार प्रणाली को सुव्यवस्थित किया। डीपीआई का लाभ उठाकर, महाकुंभ 2025 ने तकनीक-सक्षम प्रबंधन के लिए एक वैश्विक मानदंड स्थापित किया है, जो इसे अधिक समावेशी, कुशल और सुरक्षित बनाता है।

### भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का निर्माण

भारत का कार्यबल इसकी डिजिटल क्रांति के केंद्र में है। देश हर हफ्ते एक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) जोड़ रहा है, जो वैश्विक आरएंडआई और तकनीकी विकास के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करता है। हालांकि, इस वृद्धि को बनाए रखने के लिए शिक्षा और कौशल विकास में निरंतर निवेश की आवश्यकता होगी। सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुसार, एआई, 5जी और सेमीकंडक्टर डिजाइन को शामिल करने के लिए विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में बदलाव करके इस चुनौती का समाधान कर रही है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि स्नातक रोजगार के लिए तैयार कौशल के साथ कार्यबल में प्रवेश करें, जिससे शिक्षा और रोजगार के बीच का फासला कम हो।

### एआई को विनियमित करने के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण

भारत भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का निर्माण कर रहा है। इसकी एआई नियामक संरचना को उत्तरदायी तैनाती सुनिश्चित करते हुए नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए। 'कठोर' नियामक संरचना के प्रतिकूल, जो नवाचार को दबाने का जोखिम उठाता है, या 'बाजार संचालित शासन', जो अक्सर कुछ लोगों के हाथों में शक्ति केंद्रित करता है, भारत एक व्यावहारिक, तकनीकी-कानूनी दृष्टिकोण का पालन कर रहा है। एआई से संबंधित जोखिमों को दूर करने के लिए केवल कानून पर निर्भर रहने के बजाय, सरकार तकनीकी सुरक्षा से जुड़े उपायों में निवेश कर रही है। सरकार डीप फेक, गोपनीयता संबंधी सरोकारों और साइबर सुरक्षा के जोखिमों से निपटने के लिए उपकरण विकसित करने के क्रम में शीर्ष विश्वविद्यालयों और आईआईटी में एआई संचालित परियोजनाओं को वित्तपोषित कर रही है।

***(लेखक भारत सरकार के केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, रेल तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री हैं।)***

# सुरक्षित जीवन के लिए सुरक्षा महत्वपूर्ण है

राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस, जो हर साल 4 मार्च को मनाया जाता है, कार्यस्थलों से लेकर सार्वजनिक स्थानों तक जीवन के सभी पहलुओं में सुरक्षा के महत्व की एक महत्वपूर्ण याद दिलाता है। 1972 में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) द्वारा शुरू किए गए इस दिन का उद्देश्य दुर्घटनाओं और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा चेतना, प्रतिबद्धता और सक्रिय उपायों की संस्कृति को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2025 के अवसर पर इसके महत्व, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और विभिन्न तरीकों पर विचार करना अनिवार्य है, जिससे व्यक्ति और संगठन सभी के लिए सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा देने में भाग ले सकते हैं।राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस हर साल 4 मार्च को मनाया जाता है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के स्थापना दिवस का प्रतीक है। 2025 में, यह मंगलवार को पड़ता है, जो सुरक्षा जागरूकता और कार्यान्वयन के लिए समर्पित एक सप्ताह के अभियान की शुरुआत है।राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2025 की थीम विकसित भारत के लिए सुरक्षा और कल्याण महत्वपूर्ण है। यह थीम भारत के विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में सुरक्षा और कल्याण की अभिन्न भूमिका को रेखांकित करती है। यह इस बात पर जोर देता है कि किसी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक विकास से नहीं बल्कि उसके नागरिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण से भी मापी जाती है।भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की स्थापना 4 मार्च, 1966 को भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा एक गैर-लाभकारी, स्व-वित्तपोषित निकाय के रूप में की गई थी। इसका प्राथमिक उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण (एसएचई) पर एक स्वैच्छिक आंदोलन उत्पन्न करना, विकसित करना और बनाए रखना है। सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता को पहचानते हुए, एनएससी ने 4 मार्च, 1972 को अपने स्थापना दिवस के साथ पहला राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस शुरू किया। तब से, यह पालन एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान बन गया है, जिसमें विभिन्न उद्योग, ट्रेड यूनियन, सरकारी क्षेत्र और आम जनता सुरक्षा से संबंधित गतिविधियों में शामिल हो रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस कई महत्वपूर्ण उद्देश्यों को पूरा करता है। जागरूकता पैदा करना: यह लोगों और कर्मचारियों को दैनिक जीवन और कार्यस्थल में सुरक्षा के महत्व के बारे में शिक्षित करता है। निवारक उपाय: दुर्घटनाओं और व्यावसायिक खतरों को रोकने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**संजय गोस्वामी**

# समानता के लिए समाज को बदलना चाहिए

भारत भले ही आज़ाद हो चुका है, लेकिन क्या सच में भारतीय मानसिकता गुलामी से मुक्त हुई है? घर से लेकर दफ्तर तक, समाज से लेकर राष्ट्र तक, क्या आज भी एक वर्ग को दूसरे पर शासन करने की मानसिकता से आज़ादी मिल पाई है?

"ज़रा एक गिलास पानी लाना। देखो, पानी गंदा है, गिलास भी गंदा है। बदलकर लाओ। पानी में कुछ पड़ा तो नहीं? देखकर नहीं देती? आंखों पर पर्दा पड़ा है क्या? ज़रा बत्ती बुझा दो। बाथरूम कितना गंदा हो गया है. साफ कर देना। तौलिया तो देना..."

वाह! क्या खूब! लेकिन सवाल यह है कि खुद पानी क्यों नहीं ले सकते? बाथरूम खुद क्यों नहीं साफ कर सकते? तौलिया खुद साथ लेकर क्यों नहीं जा सकते?

### गुलामी सिर्फ बाहरी नहीं, मानसिक भी है

यह सिर्फ घर की बात नहीं है। ऑफिस जाओ तो वही मानसिकता- "ज़रा ये काम कर दो, हेड ऑफिस जाना है, चले जाना। सिन्हा साहब, आप कोई भी काम ढंग से करते क्यों नहीं? आपको कुछ आता भी है या नहीं?"

मतलब घर हो, दफ्तर हो, पड़ोस हो या फिर पूरा समाज-हर जगह मानसिक गुलामी व्याप्त है। आज समाज में प्रेम, संवेदनाएं और सहानुभूति कम होती जा रही हैं। अगर आप अच्छा काम करेंगे, तो शायद कोई तारीफ़ न मिले, लेकिन ज़रा सी गलती हुई तो आपका आत्म-सम्मान धज्जियां उड़ जाएगा। समाज आपको कटघरे में खड़ा कर देगा, उपेक्षा अलग मिलेगी, और सबसे बड़ी बात-आप खुद अपनी नज़रों में गिर जाएंगे।

आज का इंसान इतना स्वार्थी कैसे हो सकता है? खुशी देना ही असली खुशी है, प्यार का असली अर्थ त्याग है। लेकिन आज का समाज दो चेहरों वाला बन चुका है। ऊपर से ईमानदारी और सहिष्णुता का नकाब, लेकिन अंदर से स्वार्थ और संकीर्णता।

तो फिर सवाल उठता है-लोग इस मानसिक गुलामी को सह क्यों रहे हैं?


कहां गए भगत सिंह, राम प्रसाद बिस्मिल और अशफाकउल्लाह खान जैसे विचार?

लोगों ने इतनी डिग्रियां क्यों ली हैं, अगर वे न्याय और अन्याय में फर्क तक नहीं कर सकते?

अब समय आ गया है कि ऐसे लोगों को उनकी हकीकत बताई जाए। सही और गलत में फर्क समझाया जाए। उन्हें न्याय और अन्याय की परिभाषा सिखाई जाए। सिर्फ खुद से प्यार करने की बजाय दूसरों के सम्मान को भी समझना होगा।

यह सच है कि आज भी कुछ लोग ईमानदार हैं, संवेदनशील हैं, दूसरों की परवाह करते हैं और भरोसा बनाए रखते हैं। लेकिन ऐसे लोग लाखों में एक हैं। समाज को बदलना होगा, तभी देश बदलेगा। परिवर्तन की शुरुआत घर, पड़ोस और समाज से होनी चाहिए, जो पूरे राष्ट्र तक फैले। वरना, भारतीय संस्कृति और संवेदनशीलता खोखली हो जाएगी और आने वाली पीढ़ियां भारतीय होने पर गर्व नहीं कर सकेंगी। अब वक्त आ गया है बदलाव का!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



आपकी बात



**प्रतिभा शांडिल्य**
(स. शिक्षिका) राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बड़कागांव, मेदिनीनगर सदर (पलामू)।

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

देश बढ़ा कुछ इस तरह, जैसे बढ़े उधार।
क ई देश ठुक ठुक करें, भारत बना लुहार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# भारत : बदलते विश्व आर्थिक परिदृश्य का नया नायक

**व्यापार युद्ध की आंधी में भारत के लिए नए अवसर**

भारत आज वैश्विक मंच पर एक नए, स्वर्णिम युग की ओर दृढ़ कदमों से अग्रसर हो रहा है। जब समूचा विश्व व्यापार युद्ध की उलझनों, आर्थिक अस्थिरता और अनिश्चितता के भँवर में फँसा हुआ है, तब भारत अपनी अद्वितीय रणनीतिक दूरदर्शिता, आत्मनिर्भरता की अटूट शक्ति और प्रखर सूझ-बूझ के बल पर नवीन संभावनाओं का सृजन कर रहा है। वैश्विक पटल पर अमेरिका, चीन, कनाडा और मैक्सिको के बीच व्यापारिक तनाव अपने चरम पर पहुँच चुका है। अमेरिका द्वारा नए टैरिफ लागू करने के साहसिक निर्णय ने वैश्विक व्यापार व्यवस्था में भूचाल ला दिया है, तो वहीं चीन और कनाडा ने भी जवाबी शुल्कों के साथ इस युद्ध को और प्रचंड बना दिया है। ऐसे में भारत के लिए यह एक दुर्लभ अवसर है कि वह स्वयं को एक अडिग, विश्वसनीय और प्रभावशाली व्यापारिक शक्ति के रूप में स्थापित करे।

टैरिफ की इस आंधी ने अनेक अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को नए विनिर्माण ठिकानों की खोज के लिए विवश कर दिया है। यदि भारत अपने 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' जैसे दूरदर्शी अभियानों को और अधिक प्रबल गति प्रदान करे, तो वह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का एक अपरिहार्य अंग बनने की क्षमता रखता है। विदेशी निवेश को आकर्षित करने हेतु व्यावसायिक सुगमता को सशक्त करने, नवाचार को प्रोत्साहन देने और अनुसंधान के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाने से भारत इस व्यापार संग्राम से अभूतपूर्व लाभ अर्जित कर सकता है। यह समय भारत के लिए अपनी आर्थिक नींव को सुदृढ़ करने और वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक नई पहचान गढ़ने का है।

भारतीय कृषि क्षेत्र भी इस संकटमय वैश्विक परिदृश्य में एक सुनहरे अवसर की प्रतीक्षा में है। जब विश्व खाद्य सुरक्षा और पोषण की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब भारत अपनी प्राचीन और समृद्ध कृषि परंपरा का उपयोग कर वैश्विक बाजार में एक नया मुकाम हासिल कर सकता है। मोटे अनाज, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'श्री अन्न' का सम्मानजनक नाम देकर पुनर्जनन प्रदान किया, आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुपरफूड के रूप में उभर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष' घोषित करना भारत की कृषि शक्ति और दूरदर्शिता का ज्वलंत प्रमाण है। यह पहल न केवल भारतीय किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है, बल्कि भारतीय कृषि उत्पादों को वैश्विक मंच पर एक सम्मानजनक स्थान भी दिला रही है।

व्यापार और कृषि के साथ-साथ भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था भी एक अभूतपूर्व उड़ान भर रही है। 'स्टार्टअप इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे अभियानों ने देश में तकनीकी क्रांति की नींव रखी है। जब वैश्विक कंपनियाँ नए तकनीकी केंद्रों की तलाश में हैं, तब भारत अपनी नवाचार क्षमता, कुशल मानव संसाधन और स्थिर नीतियों के दम पर एक डिजिटल महाशक्ति बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय स्टार्टअप्स को वैश्विक स्तर पर मिल रही मान्यता इस बात का साक्ष्य है कि भारत अब केवल एक उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि नवाचार और उद्यमशीलता का एक सशक्त केंद्र बन चुका है। यह तकनीकी उन्नति भारत को विश्व में एक नई पहचान देने का संकल्प रखती है। साथ ही, भारत की ऊर्जा नीति भी आत्मनिर्भरता और हरित भविष्य की ओर एक प्रेरक संकेत दे रही है। जब विश्व ऊर्जा संकट की चपेट में है और बड़े देश तेल व गैस की आपूर्ति को लेकर संशय में हैं, तब भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक अनुपम कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में भारत ने अपनी प्रभावी उपस्थिति से विश्व को आश्चर्यचकित कर दिया है। यह प्रगति न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मील का पत्थर है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी भारत को नेतृत्वकारी भूमिका में स्थापित कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्वास्थ्य, स्वच्छता और योग को एक नई ऊँचाई प्रदान की है। 'फिट इंडिया मूवमेंट' और 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' की अभूतपूर्व सफलता इस बात का प्रमाण है कि भारत न केवल आर्थिक व तकनीकी क्षेत्र में, बल्कि सांस्कृतिक और जीवनशैली सुधारों में भी विश्व का मार्गदर्शक बन रहा है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### औरंगजेब के बयान पर सपा पर बरसे सीएम योगी, कहा

# अबू आजमी को उत्तर प्रदेश भेज दो, इलाज हम कर देंगे

**लखनऊ (आईएएनएस)**

मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा करने वाले समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अबू आज़मी पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जमकर आक्रोश निकाला। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अबू आजमी को पार्टी से बाहर निकालो और नहीं तो यूपी भेज दो, बाकी ऐसे लोगों का उपचार हम अपने आप करवा देंगे। यूपी विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, "उस व्यक्ति को (समाजवादी) पार्टी से निकालो और यूपी भेज दीजिए, बाकी इलाज हम अपने आप करवा देंगे। जो व्यक्ति छत्रपति शिवाजी महाराज की परंपरा पर गर्व करने



के बजाय लज्जा महसूस कर रहा हो और औरंगजेब को अपना नायक मान रहा हो, क्या उसे भारत के अंदर रहने का अधिकार होना चाहिए? समाजवादी पार्टी को इसका जवाब देना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, ''एक तरफ आप महाकुंभ को दोष देते रहते हैं, दूसरी तरफ आप औरंगजेब जैसे क्रूर व्यक्ति की प्रशंसा करते हैं, जिसने देश के मंदिरों को नष्ट किया हो। आप अपने उस विधायक को नियंत्रित क्यों नहीं कर सकते? आपने उसके बयान की निंदा क्यों नहीं की? उन्होंने यह भी कहा कि शाहजहां ने अपनी जीवनी में लिखा है कि तुमसे (औरंगजेब) अच्छे तो हिन्दू हैं, जो माता-पिता की जीवित रहते तो सेवा करते ही हैं। उनकी मृत्यु के पश्चात उन्हें तर्पण के माध्यम से जल तो देते हैं। महाकुंभ का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जिसकी जैसी दृष्टि थी, उसको वैसी ही सृष्टि प्रयागराज में देखने को मिली।

उधर, औरंगजेब की तारीफ करने पर सपा नेता अबू आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित कर दिया गया है। महाराष्ट्र के संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने सदन के पटल पर अबू आजमी के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया, जिसे सदन ने पारित कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, इस सत्र के दौरान अबू आसिम आजमी के विधानसभा परिसर में घुसने पर भी पाबंदी रहेगी। इससे पहले अबू आजमी ने औरंगजेब वाले बयान पर सोशल मीडिया के जरिए सफाई दी। उन्होंने कहा था कि उनके शब्दों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया।

**अबू आजमी ने कहा- मैंने अपमानजनक टिप्पणी नहीं की**

अबू आजमी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़कर दिखाया गया है। औरंगजेब रहमतुल्लाह अलेह के बारे में मैंने वही कहा है, जो इतिहासकारों और लेखकों ने कहा है। मैंने छत्रपति शिवाजी महाराज, संभाजी महाराज या अन्य किसी भी महापुरुषों के बारे में कोई अपमानजनक टिप्पणी नहीं की है। लेकिन, फिर भी मेरी इस बात से कोई आहत हुआ है तो मैं अपने शब्द, अपना स्टेटमेंट वापस लेता हूं।

## यूपी विधानसभा परिसर में पान-मसाला और गुटखा पर बैन, स्पीकर ने कहा- 1000 जुर्माना

**एजेंसी**

**उत्तर प्रदेश।** यूपी विधानसभा में पान-मसाला थूकने की घटना के एक दिन बाद, सदन के अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा परिसर में पान-मसाला और गुटखा पर बैन लगा दिया है। साथ ही एक हजार जुर्माने का भी प्रावधान रखा गया है। सतीश महाना ने कहा कि विधानसभा परिसर में पान-मसाला और गुटका का सेवन तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाता है। यदि कोई भी व्यक्ति विधानसभा परिसर में पान-मसाला और गुटका का सेवन करता है, तो उन पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा और उनके खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले मंगलवार को स्पीकर सतीश महाना



उस समय क्रोधित हो गए जब उन्होंने देखा कि विधानसभा के मुख्य द्वार पर किसी ने थूक दिया था। महाना ने जहां विधानसभा कर्मचारियों को दाग साफ कराने का आदेश दिया, वहीं उन्होंने इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया। महाना ने कहा कि सुबह मुझे सूचना मिली कि हमारी विधान सभा के इस कक्ष में किसी सदस्य ने पान मसाला खाकर थूक दिया है। इसलिए, मैं यहां आया और इसे बोल रहा।

## पीएम आवास की चाबी पाकर खिले लाभार्थियों के चेहरे सरकार का जताया आभार



**समस्तीपुर (आईएएनएस)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पीएम आवास योजना के तहत राज्य के 3 लाख परिवारों के खाते में 1,200 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए, जिनमें समस्तीपुर जिले के 35,114 लाभार्थी भी शामिल हैं। इसके साथ ही 4,509 लोगों को पीएम आवास योजना की चाबी भी सौंपी गई। दरअसल, समस्तीपुर जिले के विभिन्न प्रखंडों के 35,114 लोगों को बुधवार को पीएम आवास की राशि की पहली किस्त 40-40 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर की गई।

## बिहार विधान परिषद में राबड़ी देवी के जवाब पर लगे ठहाके, दिलीप को बताया 'भाई'



**पटना (आईएएनएस)।** बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसकी धमक विधानमंडल के चालू बजट सत्र में भी देखने को मिल रही है, जहां विभिन्न मुद्दों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर नोकझोंक हो रही है। इसी बीच, विधान परिषद में बुधवार को माहौल हल्का हुआ, जब पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के एक जवाब में जमकर ठहाके लगने लगे।

### प्रधानमंत्री रोजगार सृजन पर बजट के बाद वेबिनार को संबोधित किया, कहा-


# भारत एआई अनुसंधान के लिए भाषा मॉडल स्थापित करेगा : पीएम

**नई दिल्ली (हि।स।)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) अनुसंधान के लिए एक राष्ट्रीय वृहद भाषा मॉडल (एलएलएम) स्थापित करेगा। उन्होंने उद्योगों से इस क्षेत्र में निवेश के लिए कहा। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार सृजन पर बजट के बाद वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का केन्द्रीय बजट मजबूत कार्यबल और बढ़ती अर्थव्यवस्था का मार्ग प्रशस्त करता है। मोदी ने कहा कि देश का भविष्य इनोवेशन में किए जा रहे निवेश से निर्धारित होता है। भारत की अर्थव्यवस्था में एआई कई लाख करोड़ रुपये की ग्रोथ दे सकती है। उन्होंने कहा कि भारत एआई की क्षमताओं को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय वृहद भाषा मॉडल (एलएलएम) की स्थापना भी करेगा। इस दिशा में हमारे प्राइवेट सेक्टर को भी दुनिया से एक कदम आगे रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक विश्वसनीय, सुरक्षित और लोकतांत्रिक देश जो एआई में किफायती समाधान दे सके विश्व को उसका इंतज़ार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश एक ऐसी थीम है, जो विकसित भारत के रोडमैप को परिभाषित करती है। इस साल के बजट में इसका प्रभाव भी बहुत बड़े स्तर पर दिख रहा है। इसलिए ये बजट भारत के भविष्य का ब्लूप्रिंट बनकर सामने आया है। उन्होंने कहा कि हमने निवेश में जितनी प्राथमिकता बुनियादी ढांचे और उद्योगों को दी है, उतनी ही प्राथमिकता लोगों, अर्थव्यवस्था और इनोवेशन को भी दी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों में निवेश का विजन शिक्षा, कौशल और स्वास्थ्य सेवा जैसे तीन स्तंभों पर खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि आज भारत का शिक्षा प्रणाली कई दशक के बाद कितने बड़े परिवर्तन से गुजर रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, आईआईटी का विस्तार, शिक्षा में तकनीक को शामिल करना, एआई का इस्तेमाल और 22 भारतीय भाषाओं में शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराना जैसे बड़े कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2014 से अब तक 3 करोड़ से ज्यादा युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया है। हमने एक हजार आईटीआई संस्थानों को अपग्रेड करने और 5 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने का ऐलान किया है। हमारा लक्ष्य युवाओं को ऐसी ट्रेनिंग देना है, जो इंडस्ट्री की जरूरतों को पूरा कर सके।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने युवाओं को नए अवसर और व्यावहारिक कौशल देने के लिए पीएम इंटर्नशिप योजना शुरू की है। इस योजना में हर स्केल पर ज्यादा से ज्यादा उद्योगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि हमने इस बजट में 10 हजार अतिरिक्त मेडिकल सीटों की घोषणा की है। हम अगले 5 सालों में मेडिकल लाइन में 75 हजार सीटें जोड़ने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में टेलीमेडिसिन सुविधा का विस्तार हो रहा है। डे-केयर कैंसर सेंटर और डिजिटल हेल्थकेयर इन्फ्रास्ट्रक्चर के जरिए हम गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को लास्ट माइल तक पहुंचाना चाहते हैं।



**देश भर में 50 गंतव्यों को टूरिज्म पर फोकस करते हुए विकसित किया जाएगा**

प्रधानमंत्री ने पर्यटन की संभावनाओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि देश की जीडीपी में पर्यटन क्षेत्र का 10 प्रतिशत तक योगदान रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में करोड़ों युवाओं को रोजगार देने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि इस बजट में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टूरिज़्म को बढ़ावा देने के लिए कई फैसले लिये गए हैं। देश भर में 50 गंतव्यों को टूरिज्म पर फोकस करते हुए विकसित किया जाएगा। इन गंतव्यों में होटलों को बुनियादी ढांचे का दर्जा दिए जाने से पर्यटन में आसानी बढ़ेगी, स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इस बजट में कई कदम उठाए हैं। रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ाने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का कॉर्पस फंड पास किया गया है। इससे डीप टेक फंड ऑफ फंड्स के साथ उभरते क्षेत्रों में निवेश बढ़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि ज्ञान भारतम मिशन के माध्यम से भारत की समृद्ध पांडुलिपि विरासत को संरक्षित करने की घोषणा बहुत ही अहम है। इस मिशन के माध्यम से एक करोड़ से अधिक पांडुलिपियों को डिजिटल फॉर्म में बदला जाएगा।

## भरतपुर के गांठौली गांव का गुलाल कुंड, राधा-कृष्ण की 'होली लीला' का प्रमाण



**भरतपुर (आईएएनएस)**

हमारे देश में होली के कई रंग हैं। इस त्योहार से जुड़ी कई मान्यताएं हैं। राजस्थान के भरतपुर जिले के डीग बॉर्डर से सटे गांव गांठौली का 'गुलाल कुंड' भी ऐसी ही कहानी कहता है। ये कुंड कृष्ण राधा की होली लीला का साक्षात प्रमाण है। स्थानीय लोग दावा करते हैं कि भगवान कृष्ण और राधा ने अपनी सखियों संग होली इसी कुंड में खेली थी। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस गांव का नाम गांठौली रखे जाने के पीछे की कहानी भी होली लीला से जुड़ी है। गांठौली वासी कहते हैं कि जब राधा और श्रीकृष्ण सखियों संग होली खेलकर थक गए, तो सखियों ने ठिठोली की। दोनों सिंहासन पर विराजे थे। यहीं पर श्रीकृष्ण के अंगवस्त्र और राधा की चुनरी से गांठ बांध दी गई। बस वो गांठ इसके नाम का सबब बनी। गांव का नाम पड़ गया गांठौली।

दोनों ने जिस कुंड में जी भरकर अबीर गुलाल उड़ाया, उसका नाम ही गुलाल कुंड पड़ गया। कहा ये भी जाता है कि राधा रानी और भगवान श्री कृष्ण ने इसी कुंड में अपने होली में भीगे कपड़े भी धोए थे। गुलाल कुंड की होली लीला में शामिल होने विभिन्न राज्यों और शहरों से वैष्णव आते हैं। होली की आभा वैसी ही होती है जैसे बरसाने और वृंदावन में। यहां के लोग मानते हैं कि होली तो युगल जोड़े ने यहीं खेली। इससे जुड़ा दिलचस्प तथ्य साझा करते हैं। कहते हैं बरसाना राधाजी का मायका था। कोई भी बेटी मायके में होली नहीं खेलती। इसलिए युगल ने गांठौली के गुलाल कुंड पर आकर होली खेली थी। हर बार की तरह इस बार भी भक्त गण जुटने लगे हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।


**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## गोदावरी जल योजना के बारे में तेलंगाना को चिंता करने की जरूरत नहीं : नायडू

**एजेंसी**

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन। चंद्रबाबू नायडू ने तेलंगाना के लोगों को आश्वासन दिया कि गोदावरी नदी के पानी को पोलावरम से बानाकाचेरला की ओर मोड़ने की उनकी सरकार की योजना के बारे में उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य केवल उस अतिरिक्त पानी का उपयोग करना है, जिसका इस्तेमाल नहीं किया गया तो वो समुद्र में बह जाएगा। विधान परिषद के दो स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में हुए चुनावों में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) की जीत का जश्न मनाने के लिए वे आयोजित पार्टी बैठक में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दावा किया कि एक राजनीतिक पार्टी समुद्र में बह रहे पानी को बचाने की आंध्र प्रदेश की रणनीति का 'राजनीतिकरण' कर रही है। नायडू ने



कहा, ''मैं फिर से अपील कर रहा हूं कि जब समुद्र में बहने वाले पानी को अकालग्रस्त क्षेत्र में ले जाया जाता है तो किसी को बुरा नहीं लगना चाहिए। सभी को इसके बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं कि आंध्र प्रदेश को समुद्र में जाने वाले पानी का मार्ग बदलने का क्या अधिकार है। नायडू ने आश्चर्य व्यक्त किया कि तेलुगु समाज किस ओर जा रहा है। पोलावरम-बनकाचेरला लिंक परियोजना का लक्ष्य पोलावरम में गोदावरी नदी से 200 टीएमसी बाढ़ के पानी को एक नहर के माध्यम से नंदयाल जिले के बनकाचेरला तक पहुंचाना है।

## बेटे की शादी का कार्ड बांटने गई मां की सड़क दुर्घटना में मौत

**नवादा।** नवादा जिले में एक सड़क दुर्घटना में बुधवार को बेटे की शादी की कार्ड बांटने गई मां की जान चली गई। रूपौ थाना क्षेत्र के चारौल गांव की 45 वर्षीय किरण देवी अपने बड़े बेटे की शादी का निमंत्रण बांटने गई थीं। इस दौरान रोह प्रखंड के हरला गांव के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने किरण देवी को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया लेकिन दुर्भाग्यवश, रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेजा। परिजन ने बताया कि निमंत्रण बांटकर लौटते समय, जब वह सड़क किनारे खड़ी थीं, तभी एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

## महानिर्वाणी अखाड़े के नागा साधु संतों ने शुरू की पंचकोसी यात्रा

- **काशी में एक दिन का निवास मनुष्य के जीवन को समृद्ध कर देता है**

**वाराणसी (आईएएनएस)**

महानिर्वाणी अखाड़े के नागा साधु-संतों ने बुधवार से पंचकोसी यात्रा की शुरुआत की। यह यात्रा पांच दिनों तक चलेगी। लगभग 500 नागा साधु इसमें शामिल होंगे। यात्रा वाराणसी के प्रसिद्ध मणिकर्णिका घाट से शुरू होकर वहीं समाप्त होगी। धार्मिक मान्यता के अनुसार, पंचकोसी यात्रा प्रभु श्री राम और पांडवों द्वारा भी की गई थी। अब यह यात्रा महानिर्वाणी अखाड़े के साधु संतों द्वारा पुनः शुरू की गई है, जो विश्व के कल्याण के लिए प्रार्थना करेंगे। महानिर्वाणी अखाड़ा के अध्यक्ष महंत रवींद्र



पुरी ने आईएएनएस को बताया कि पंचकोसी यात्रा बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। यात्रा की शुरुआत प्रयाग के महाकुंभ से होती है, जो 2025 में अलौकिक और दिव्य अनुभव रहा। पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सभी श्री पंच परमेश्वर के सचिव भगवान कपिल महा मुनि, जो हमारे इष्ट देवता हैं, उनके विग्रह के साथ हम लोग काशी आते हैं। सबसे पहले महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ का अभिषेक होता है। इसके बाद अंतरगिरि यात्रा की जाती है। फिर हम लोग शुक्ल पक्ष में पंचकोसी यात्रा करते हैं, जो एक प्राचीन परंपरा है। आज इस यात्रा का प्रारंभ हो रहा है।

उन्होंने कहा कि काशी खुद में एक अलौकिक और दिव्य नगरी है, जैसा कि शास्त्रों में कहा गया है कि जो व्यक्ति काशी में एक दिन भी रहता है, उसे एक साल के बराबर पुण्य मिलता है। काशी में एक दिन का निवास मनुष्य के जीवन को समृद्ध कर देता है। हालांकि आजकल के व्यस्त जीवन में लोगों के पास समय नहीं है, फिर भी महानिर्वाणी अखाड़ा ने इस परंपरा को जीवित रखा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में लगभग 1,000 से 1,200 महात्मा पैदल चलकर भगवान कपिल के आशीर्वाद से यात्रा करते हैं।

# दो बार फेल गांधी को पीएम बनाना गलत : अय्यर

**नई दिल्ली। एजेंसी**

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने राजीव गांधी के अकादमिक रिकॉर्ड पर अपनी नवीनतम टिप्पणी से एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। एक साक्षात्कार में, अय्यर ने कहा कि पूर्व प्रधान मंत्री कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में असफल रहे, उन्होंने कहा कि असफल होना बहुत कठिन था क्योंकि विश्वविद्यालय कभी भी अपनी छवि खराब नहीं करेगा। भाजपा फिलहाल मणिशंकर अय्यर का एक वीडियो साक्षा कर रही है। वीडियो साक्षा करते हुए भाजपा ने कहा कि राजीव गांधी को अकादमिक रूप से संघर्ष करना पड़ा, यहाँ तक कि कैम्ब्रिज में असफल भी हुए, जहाँ से उत्तीर्ण होना अपेक्षाकृत आसान है। अय्यर ने आगे बताया कि इसके बाद वह इंपीरियल कॉलेज लंदन चले गए लेकिन वहां भी असफल रहे। कई लोगों ने सवाल उठाया कि इतने अकादमिक रिकॉर्ड वाला कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री कैसे बन सकता है। बीजेपी ने आगे कहा, 'पर्दा हटने दीजिए।' अपने इंटरव्यू में अय्यर ने कहा, "जब राजीव पीएम बने तो मुझे लगा कि वह एक एयरलाइन पायलट हैं और दो बार फेल हो चुके हैं। मैंने उनके साथ कैंब्रिज में पढ़ाई की थी, जहां वह फेल हो गए। कैंब्रिज में फेल होना बहुत मुश्किल है क्योंकि वे यूनिवर्सिटी की प्रतिष्ठा खराब नहीं करना चाहते। इसके बावजूद राजीव फेल हो गए।"इसके अलावा, अय्यर ने कहा, राजीव फिर इंपीरियल कॉलेज गए, जहां वह फिर से असफल हो गए। उन्होंने



कहा, ''मैंने सोचा कि ऐसे व्यक्ति को प्रधानमंत्री क्यों बनाया जाए?'' अमित मालवीय ने लिखा कि स्वर्गीय के. कामराज की औपचारिक शिक्षा बहुत कम थी, फिर भी उन्होंने बेहद सफल मध्याह्न भोजन कार्यक्रम की शुरुआत की, जो हर दिन 130 मिलियन से अधिक बच्चों को खाना खिलाता है। तो, मुद्दा शिक्षा या इसकी कमी नहीं है, बल्कि कांग्रेस द्वारा गांधी परिवार और उनकी कथित उपलब्धियों के बारे में फैलाया गया झूठ है, जिसे उजागर करने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि नेहरू-गांधी परिवार के अधिकांश सदस्य सामान्य व्यक्ति हैं, जिन्हें उनकी मेज़ के टुकड़ों पर पनपने वाले चापलूस पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा जीवन से भी बड़े दर्जे तक ऊपर उठाया गया है। अंततः, वामपंथी खान मार्केट प्रकार का सावधानी से तैयार किया गया मुखौटा ढह रहा है। यह इंटरव्यू भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर साझा किया है ।

## रोहतक में शिविर के बाहर पंचायत सदस्य ने किया आत्मदाह का प्रयास

**रोहतक।** गांव कंसाला निवासी बलवान ने रोहतक डीसी ऑफिस में चल रहे समाधान शिवर के बाहर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत काबू कर आग बुझाई। घटना के बाद उपायुक्त ने पीड़ित को अपने कमरे में बुलाया उससे पूछताछ कर इलाज के लिए पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर भेज दिया। बलवान का आरोप है कि गांव सरपंच ने मनरेगा में धांधली की हुई है जिसकी शिकायत वह कई बार अधिकारियों से कर चुका है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उसने आरोप लगाया कि अधिकारी सरपंच को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। आज भी उसने समाधान शिविर में अपनी बात रखी थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उपायुक्त ने उसे उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। उपयुक्त धीरेंद्र खडगटा ने बताया कि गांव कंसाला निवासी पंच बलवान ने मनरेगा में भ्रष्टाचार की शिकायत की हुई थी।

आज दूसरा सेफा
द.अफ्रिका Vs न्यूजीलैंड
वेन्यू : दुबई
समय : दोपहर 2:30 बजे से



# चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत व न्यूजीलैंड में होगी टक्कर

एजेंसी। लाहौर

चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा. न्यूजीलैंड ने दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को पराजित किया. भारतीय टीम ने पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर फाइनल में एंट्री की थी। आईसीसी चैम्पयिंस ट्रॉफी 2025 में दूसरा सेमीफाइनल न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया. लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका पर 50 रनों से जीत हासिल की. साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 363 रनों का टारगेट मिला था, जिसके सामने उसके बैटर्स बेबस नजर आए. साउथ अफ्रीकी टीम 50 ओवरों में 9 विकेट पर 312 रन ही बना सकी. यानी बड़े मुकाबलों में अफ्रीकी टीम एक बार फिर चोकर्स साबित हुई.




## विलियमसन और रवींद्र के धमाकेदार शतक

इससे पहले टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए न्यूज़ीलैंड ने 50 ओवरों में 6 विकेट पर 362 रन बनाए. चैम्पियंस ट्रॉफी के इतिहास का ये सबसे बड़ा स्कोर रहा. न्यूज़ीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिसने मौजूदा संस्करण में इंग्लैंड के खिलाफ 5 विकेट पर 356 रन बनाकर मैच जीत लिया था.मुकाबले में न्यूज़ीलैंड की शुरुआत अच्छी रही. विल यंग और रचिन रवींद्र ने मिलकर 7.5 ओवरों में 48 रनों की पार्टनरशिप की. यंग 22 रन बनाकर लुंगी एनगिडी का शिकार बने. इसके बाद केन विलियमसन और रचिन रवींद्र ने मिलकर मिलकर दूसरे विकेट के लिए 164 रनों की पार्टनरशिप की. इस दौरान रचिन रवींद्र ने अपने वनडे इंटरनेशनल करियर का पांचवां शतक पूरा किया. खास बात यह है कि रवींद्र ने ये पांचों शतक आईसीसी टूर्नामेंट्स में बनाए हैं. रचिन रवींद्र ने 13 चौके और एक सिक्स की मदद से 101 गेंदों पर 108 रन बनाए. रवींद्र को कगिसो रबाडा ने हेनरिक क्लासेन के हाथों कैच आउट कराया. रवींद्र के आउट होने के कुछ देर बाद केन विलियमसन ने भी अपना शतक पूरा कर लिया. विलियमसन के ओडीआई करियर का ये 15वां शतक रहा. विलियमसन भी शतक जड़ने के कुछ देर बाद वियान मुल्डर की गेंद पर लुंगी एनिगडी के हाथों लपके गए।

### मिलर का शतक, कीवी स्पिनर्स ने बिगाड़ा खेल

टेम्बा बावुमा के आउट होने के बाद विकेटों की झड़ी लग गई. सेंटनर ने बावुमा के बाद अपना दूसरा शिकार डुसेन को बनाया, जो शानदार बैटिंग कर रहे थे. डुसेन ने चार चौके और दो छक्के की मदद से 66 बॉल पर 69 रन बनाए. फिर क्लासेन भी सेंटनर की फिरकी में फंस गए. एडेन मार्करम (31) को रचिन रवींद्र ने चलता किया, जिससे साउथ अफ्रीका का स्कोर पांच विकेट पर 189 रन हो गया. इसके बाद वियान मुल्डर (8) स्पिनर माइकल ब्रेसवेल का शिकार बने. वहीं मार्को जानसेन (3) और केशव महाराज (1) को ग्लेन फिलिप्स ने चलता किया. 218 रनों पर आठ विकेट गिरने के बाद डेविड मिलर ने तूफानी शॉट्स लगाकर मैच का पासा पलटने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी.।

### इटली में 7 से 17 मार्च तक होंगे विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल

**नई दिल्ली ।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के लिए 49 सदस्यीय भारतीय टीम के आधिकारिक विदाई समारोह में शामिल होंगे। विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल 7 से 17 मार्च तक इटली के ट्यूरिन में आयोजित किए जाने हैं। भारतीय टीम में 30 एथलीट, तीन अधिकारी और कोच सहित 16 सहायक कर्मचारी शामिल हैं, जो सबसे बड़ा दल है। विशेष एथलीट छह खेलों - अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नो शूइंग में प्रतिस्पर्धा करेंगे।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत केंद्रीय खेल मंत्रालय ने दिव्यांग एथलीटों को समर्थन देने पर जोर दिया है। इस संबंध में, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने इन एथलीटों के लिए विभिन्न भारतीय शहरों - चंडीगढ़, नारकंडा, नई दिल्ली, ग्वालियर, नोएडा और गुड़गांव में 11 राष्ट्रीय कोचिंग शिविर आयोजित किए, ताकि उन्हें विश्व शीतकालीन खेलों के लिए अच्छी तरह से तैयार होने में मदद मिल सके।

## सचिन तेंदुलकर ने पद्माकर शिवालकर को श्रद्धांजलि दी

मुंबई(आईएएनएस)

भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने पूर्व रणजी ट्रॉफी स्टार और मुंबई क्रिकेट के दिग्गज पद्माकर शिवालकर के निधन पर शोक व्यक्त किया, जिनका सोमवार को उम्र संबंधी समस्याओं के कारण निधन हो गया। तेंदुलकर, जो खुद मुंबई से निकलकर प्रेरणास्रोत रहे हैं, ने 13 साल की उम्र में शिवालकर के खिलाफ खेलने को याद किया और उनकी 'सुगम क्रिया और लय देखना एक शानदार अनुभव था' की सराहना की। तेंदुलकर ने एक्स पर पोस्ट किया, "पैडी सर के रूप में मुंबई क्रिकेट ने एक बेहतरीन और शानदार इंसान को खो दिया है। मैं 13 साल का था जब मुझे शिवाजी पार्क में कुछ मौकों पर नेट्स में उनका सामना करने का मौका मिला। उनकी सहज क्रिया और लय देखने लायक थी। उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति हार्दिक संवेदना।'' मंगलवार को रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम बाएं हाथ के स्पिनर के सम्मान में ऑस्ट्रेलिया के साथ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल मुकाबले के दौरान काली पट्टी बांधे हुए थी। वह 84 वर्ष के थे और उन्हें राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक



माना जाता था। 14 सितंबर, 1940 को जन्मे शिवालकर बाएं हाथ के स्पिनर थे, जिन्होंने दो दशक लंबे करियर में मुंबई क्रिकेट की शानदार सेवा की और 50 वर्ष की उम्र में संन्यास ले लिया।

शिवालकर दुर्भाग्यशाली रहे कि उन्हें भारतीय टेस्ट टीम में नहीं चुना गया क्योंकि उनका करियर महान बाएं हाथ के स्पिनर बिशन सिंह बेदी के करियर के साथ मेल खाता था। शिवालकर, जिन्हें मुंबई क्रिकेट में पैडी सर के नाम से जाना जाता है, ने 124 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिसमें उन्होंने 19.69 की औसत से 589 विकेट लिए। उन्होंने 43 बार पांच विकेट लिए और 13 मौकों पर एक मैच में 10 विकेट लिए और 1972-73 के रणजी ट्रॉफी सीज़न में तमिलनाडु के खिलाफ 8-16 का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन किया। घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड आज भी उनके नाम है।

## चैंपियंस ट्रॉफी : राजीव शुक्ला ने लाहौर में पीसीबी अध्यक्ष नकवी के साथ सेमीफाइनल देखा

लाहौर (आईएएनएस)

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला बुधवार को यहां गद्दाफी स्टेडियम में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दूसरे सेमीफाइनल में क्रिकेट बोर्ड के प्रतिनिधियों में शामिल थे।


भारत की पाकिस्तान में भागीदारी को लेकर हाल ही में राजनयिक तनाव को देखते हुए, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच हाई-प्रोफाइल मैच में शुक्ला की उपस्थिति ने काफी ध्यान आकर्षित



किया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अनुसार, नॉकआउट मुकाबले के लिए पांच अलग-अलग क्रिकेट बोर्डों के कुल पांच प्रतिनिधि उपस्थित थे। शुक्ला के अलावा, अन्य उपस्थित लोगों में रोजर ट्वोस (न्यूजीलैंड क्रिकेट), फारूक अहमद (बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड), फोलेत्सी इसाक मोसेकी और डॉ. मोहम्मद मूसाजी (दोनों क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका) शामिल थे। पीसीबी ने एक्स पर पोस्ट किया, "पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला के साथ गद्दाफी स्टेडियम में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में शामिल हुए। बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी भी यह मैच देख रहे हैं।

### फीफा ने 2026 विश्व कप फाइनल के लिए पहली बार हाफ-टाइम शो की घोषणा की

**डलास (यूएसए)।** फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने घोषणा की है कि फीफा विश्व कप 2026 में टूर्नामेंट के फाइनल के दौरान मेटलाइफ स्टेडियम में पहली बार हाफ-टाइम शो होगा। टूर्नामेंट के अंतिम सप्ताहांत के दौरान टाइम्स स्क्वायर पर अलग-अलग कार्यक्रमों के साथ-साथ हाफ-टाइम शो को जोड़ने के निर्णय की घोषणा बुधवार को डलास में फीफा कमर्शियल एंड मीडिया पार्टनर्स कन्वेंशन में की गई।



"डलास में फीफा विश्व कप 26: फीफा कमर्शियल एंड मीडिया पार्टनर्स कन्वेंशन में भाग लेने वाले दोस्तों और सहकर्मियों के साथ बात करना मेरे लिए खुशी की बात थी, जहां हमने 2026 में सबसे बड़े फीफा विश्व कप के लिए कुछ बहुत ही रोमांचक योजनाओं पर चर्चा की। "मैं ग्लोबल सिटीजन के सहयोग से न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी में फीफा विश्व कप फाइनल में पहली बार हाफ-टाइम शो की पुष्टि कर सकता हूं। यह फीफा विश्व कप के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा और दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजन के लिए एक शो होगा।

## स्पेशल ओलंपिक भारत ने विश्व शीतकालीन खेलों के लिए अब तक का सबसे बड़ा भारतीय दल रवाना किया

नई दिल्ली (आईएएनएस)

स्पेशल ओलंपिक भारत ने इटली के ट्यूरिन में होने वाले स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार 49 सदस्यीय दल (जिसमें 30 एथलीट और 19 सहायक कर्मचारी शामिल हैं) के लिए बुधवार को एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया।

मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में हुए इस समारोह में युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया, स्पेशल ओलंपिक



भारत की अध्यक्ष मल्लिका नड्डा और स्पेशल ओलंपिक भारत के कार्यकारी निदेशक वी.के. महेंद्रू मौजूद थे।

मांडविया ने इस अवसर पर कहा, "स्पेशल ओलंपिक विश्व खेलों में भाग लेने वाले हमारे अविश्वसनीय भारतीय एथलीट दृढ़ संकल्प, लचीलापन और उत्कृष्टता की भावना को दर्शाते हैं। आपका समर्पण और जुनून देश को प्रेरित करता है, यह साबित करता है कि असली ताकत सीमाओं को लांघने के साहस में निहित है। पूरा देश आप सभी को एक्शन में देखने के लिए बेहद उत्साहित है। अपनी सफलता से तिरंगा ऊंचा फहराएं, पूरा देश आपका समर्थन कर रहा है।

8 से 15 मार्च तक इटली में होने वाले स्पेशल ओलंपिक विंटर वर्ल्ड गेम्स में टीम इंडिया के 30 खिलाड़ी 6 खेल विधाओं - अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट-ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में भाग लेंगे। स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स में 102 देशों के 1500 एथलीट हिस्सा लेंगे, जो आठ खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे।



## भारत के टेबल टेनिस दिग्गज शरत कमल चेन्नई में डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर के बाद संन्यास लेंगे

चेन्नई (आईएएनएस)

पांच बार के ओलंपियन और भारत के सबसे मशहूर पैडलर अचंत शरत कमल ने टेबल टेनिस से संन्यास की घोषणा की है, चेन्नई में होने वाला आगामी डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर भारत के लिए उनका आखिरी मैच होगा। 42 वर्षीय शरत, जो रिकॉर्ड 10 बार राष्ट्रीय चैंपियन रह चुके हैं, वर्तमान में भारत के शीर्ष रैंक वाले पुरुष एकल खिलाड़ी हैं, जिन्हें नवीनतम डब्ल्यूटीटी रैंकिंग सूची में 42वां स्थान मिला है। शरत ने चेन्नई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "चूंकि मैंने चेन्नई में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेला था और मैं अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच भी चेन्नई में ही खेलूंगा। मेरे पास राष्ट्रमंडल खेलों के पदक, एशियाई खेलों के पदक हैं, लेकिन ओलंपिक पदक कुछ ऐसा है जो मेरे पास नहीं है।

## हरमनप्रीत की टीम के खिलाफ दीप्ति एंड कंपनी का करो या मरो का मुकाबला

लखनऊ (आईएएनएस)

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के खिलाफ सुपर ओवर में मिली जीत के बाद यूपी वारियर्ज को लगातार दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। अब छह मैचों में उनके नाम सिर्फ चार अंक हैं और उनका नेट रन रेट (एनआरआर) भी सभी टीमों में सबसे ख़राब है। ऐसे में यह मैच उनके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाता है। एक और हार से वह लगभग इस प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगी। पांच मैचों में छह अंक और पॉजिटिव एनआरआर के साथ एमआई फिलहाल अच्छी स्थिति में है। हालांकि उनकी अपनी चिंताएं हैं। यास्तिका भाटिया और हेली मैथ्यूज की सलामी जोड़ी ने पांच पारियों में 14.60 की औसत और 5.03 के रन रेट से सिर्फ 73 रन जोड़े हैं। तीन बार तो ऐसा हुआ है कि 10 रन से पहले ही यह सलामी जोड़ी टूट गई है।

## सकारात्मक समापन के लिए भिड़ेंगे पंजाब एफसी और हैदराबाद एफसी

हैदराबाद (आईएएनएस)

हैदराबाद एफसी गुरुवार को शाम 7:30 बजे जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में पंजाब एफसी की मेजबानी करेगी। ये दोनों टीमें पहले ही प्लेऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी हैं और वे अपने अभियान का सकारात्मक समापन करना चाहेंगी, ताकि अब तक किए गए काम को पूरा किया जा सके और आगामी अभियान की नींव रखी जा सके।

पंजाब एफसी 22 मैचों में सात जीत, तीन ड्रा और 12 हार से 24 अंक लेकर तालिका में दसवें स्थान पर है और आईएसएल में हैदराबाद एफसी पर लीग डबल पूरा करना चाहेगी, क्योंकि उसने रिवर्स फिक्स्चर 2-0 से जीता था। वहीं, हैदराबाद एफसी 22 मैचों में चार जीत, पांच ड्रा और 13 हार से 17 अंक लेकर तालिका में 12वें स्थान पर है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### भारतीय शेयर बाजार की दमदार वापसी

## सेंसेक्स 740 अंक बढ़ा, निवेशकों को हुआ 9 लाख करोड़ रुपये का फायदा

मुंबई (आईएएनएस)


भारतीय शेयर बाजार में बुधवार के कारोबारी सत्र में दमदार तेजी देखने को मिली। निफ्टी ने लगातार 10 दिनों की गिरावट के ट्रेंड को तोड़ा और एक प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 740 अंक या 1.01 प्रतिशत की तेजी के साथ 73,730 और निफ्टी 254 अंक या 1.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,337 पर था। बाजार में तेजी के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केटकैप 9 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 393 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो कि मंगलवार को 384 लाख करोड़ रुपये था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी देखी गई है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,160 अंक या 2.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,168 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 436.50 अंक या 2.96 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,199 पर बंद हुआ।



बाजार में करीब सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा और पीएसई सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। व्यापक बाजार का रुझान भी सकारात्मक था। बीएसई पर 3,241 शेयर हरे निशान में, 771 शेयर लाल निशान में और 89 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। असित सी मेहता इन्वेस्टमेंट इंटरमीडिएट्स लिमिटेड में तकनीकी विश्लेषक, रोहन

### अदाणी ग्रुप के शेयरों में तूफानी तेजी, 11 प्रतिशत तक उछले स्टॉक

अदाणी ग्रुप के शेयरों में बुधवार को तूफानी तेजी देखने को मिली। पोर्ट्स से लेकर एनर्जी तक कारोबार करने वाले कारोबारी समूह के सभी शेयरों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। इस तेजी का नेतृत्व अदाणी ग्रीन एनर्जी की ओर से किया गया। अदाणी ग्रुप की रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी का शेयर 81.40 रुपये या 10.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 849.95 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर ने 857.90 रुपये के उच्चतम स्तर और 769 रुपये के न्यूनतम स्तर को छुआ। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 60.35 रुपये या 9.33 प्रतिशत की तेजी के साथ 707 रुपये पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में शेयर ने 731.50 रुपये के उच्चतम स्तर और 646 रुपये के न्यूनतम स्तर को छुआ। अदाणी टोटल गैस का शेयर 35.05 रुपये या 6.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 582.20 रुपये पर बंद हुआ। दिन के दौरान शेयर ने 600 रुपये का उच्चतम स्तर और 544.35 रुपये का न्यूनतम स्तर बनाया।




### भारत का हाउसिंग फाइनेंस मार्केट अगले 6 वर्षों में दोगुना से ज्यादा हो जाएगा : रिपोर्ट

**मुंबई।** केयरएज रेटिंग्स द्वारा बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में इंडिविजुअल हाउसिंग फाइनेंस मार्केट, जिसका वर्तमान मूल्य 33 लाख करोड़ रुपये है, वित्त वर्ष 25-30 के बीच 15-16 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़कर 77-81 लाख करोड़ रुपये होने की उम्मीद है। केयरएज रेटिंग्स का मानना है कि यह वृद्धि मजबूत संरचनात्मक तत्वों और अनुकूल सरकारी प्रोत्साहनों की वजह से देखी जाएगी, जिससे 'हाउसिंग फाइनेंस' ऋणदाताओं के लिए एक आकर्षक परिसंपत्ति वर्ग बन जाएगा। इसमें कहा गया है कि आवासीय संपत्तियों का बाजार उछाल पर बना हुआ है, जो हाउसिंग फाइनेंस इंडस्ट्री का एक प्रमुख चालक है, जो 2019 से 2024 तक 4.6 लाख यूनिट तक 74 प्रतिशत की वृद्धि देख रहा है। जबकि, 2024 में बिक्री प्रदर्शन सामान्य हो गया। वित्त वर्ष 2021-24 के दौरान, बैंकों ने हाउसिंग लोन स्पेस में 17 प्रतिशत की सीएजीआर से वृद्धि की है, जबकि हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों (एचएफसी) में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## भारतीय रेलवे वित्त निगम को मिला 'नवरत्न' का दर्जा

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी), जो भारतीय रेलवे मंत्रालय के तहत एक प्रमुख वित्तीय संस्थान है, को भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित 'नवरत्न' का दर्जा दिया गया है। यह मान्यता आईआरएफसी के सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे को समर्थन देने वाला एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (सीपीएसई) है। अपने सफर का आंकड़ा जारी करते हुए सीएमडी और सीईओ मनोज कुमार दुबे ने बताया है कि 12 दिसंबर 1986 को 100 प्रतिशत सरकारी स्वामित्व वाली संस्था के रूप में स्थापित आईआरएफसी




ने भारतीय रेलवे के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए वित्तपोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समय के साथ, यह एक प्रमुख वित्तीय खिलाड़ी बन गया है, जिसने 1993 में कंपनी अधिनियम के तहत एक सार्वजनिक वित्तीय संस्था के रूप में पंजीकरण कराया, 1998 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तहत एनबीएफसी के रूप में पंजीकरण कराया और 2010 में एक इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी के रूप में रजिस्टर्ड हुआ। उन्होंने बताया कि मार्च 2018 में इसे मिनी-रत्न श्रेणी-I का दर्जा दिया गया था। इसके बाद कंपनी जनवरी 2021 में आईपीओ के जरिए शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुई थी, जिसकी कीमत 26 रुपये थी, जो अब बढ़कर करीब 140 रुपये हो गई है।

### टेक्नोलॉजी देश की विकास दर को 2 से 3 प्रतिशत बढ़ा सकती है, स्किल पर करना होगा निवेश : नीति आयोग सीईओ

**नई दिल्ली ।** नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि टेक्नोलॉजी हमारी विकास दर को 2 से 3 प्रतिशत तक बढ़ा सकती है और हमें स्किल बढ़ाने के लिए अधिक निवेश करना होगा। भारत को एक टेक केंद्रित देश बनाने के लिए नीति आयोग ने नीति फ्रंटियर टेक हब (नीति-एफटीएच) को लॉन्च किया है, जो कि फ्रंटियर टेक एक्शन टैंक होगा। इसका उद्देश्य विकसित भारत की दिशा में तेज आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए एडवांस टेक्नोलॉजी इनोवेशन और उसके उपयोग को बढ़ाने के लिए देश को सक्षम बनाना है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले अदाणी फाउंडेशन ने मुंद्रा में 1,000 से ज्यादा 'लखपति दीदियों' को सम्मानित किया

**मुंद्रा ।** अदाणी फाउंडेशन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) से पहले बुधवार को गुजरात के कच्छ के मुंद्रा में एक इवेंट में 1,000 से ज्यादा 'लखपति दीदियों' को सम्मानित किया। अदाणी फाउंडेशन कच्छ में महिलाओं के सशक्तीकरण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। इसके लिए आवश्यक सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करके और उनके कौशल विकास और उद्यमिता के अवसरों को सुविधाजनक बनाकर, फाउंडेशन उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाने और उनकी वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### ओबीसी ट्रिपल टेस्ट की जांच के लिए पलामू पहुंचा पिछड़ा वर्ग आयोग

# वार्डों का भौतिक सत्यापन कर परखा जाएगा सर्वे की सच्चाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर झारखंड सरकार द्वारा कराए गए ओबीसी ट्रिपल टेस्ट की जांच के लिए झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की टीम पलामू पहुंची। आयोग के राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ. संजय सिंह और सांख्यिकी विशेषज्ञ विनोद कुमार ने स्थानीय परिषद में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जांच प्रक्रिया की जानकारी दी।

डॉ. संजय सिंह ने बताया कि ओबीसी आरक्षण को लेकर कराए गए ट्रिपल टेस्ट की जिला स्तर पर रिपोर्ट मिलने के बाद आयोग इसकी सत्यता की जांच कर रहा है। इस दौरान कई जिलों से मिली शिकायतों के आधार पर अब तक पांच जिलों की जांच पूरी हो चुकी है, जबकि पलामू जिले में बुधवार से सत्यापन शुरू किया गया। विश्रामपुर नगर परिषद में हुए सर्वेक्षण की समीक्षा के दौरान पूर्व वार्ड पार्षदों व जनप्रतिनिधियों से जानकारी ली गई। साथ ही, सूची में शामिल नामों का मिलान कर भौतिक सत्यापन किया गया। उन्होंने बताया कि अब तक के निरीक्षण में विश्रामपुर नगर परिषद में कोई त्रुटि नहीं मिली है।

सांख्यिकी विशेषज्ञ विनोद कुमार ने जानकारी दी कि गुरुवार से मेदनीनगर निगम के 35 वार्डों में ओबीसी आरक्षण को लेकर हुए सर्वे की जांच की जाएगी। इस दौरान स्थानीय लोगों से मिलकर वस्तुस्थिति का आकलन भी किया जाएगा।

#### 70% सत्यापन कार्य पूरा, मामूली त्रुटियों पर कार्रवाई जारी

डॉ. संजय सिंह ने बताया कि सभी जिलों की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है, और 70% सत्यापन कार्य पूरा हो चुका है। कई नगर निकायों में मामूली त्रुटियां, जैसे अन्य वर्गों के लोगों के नाम ओबीसी सूची में होना या वार्ड संख्या में बदलाव, सामने आई हैं। आयोग इन त्रुटियों पर त्वरित संज्ञान लेकर आवश्यक सुधार कर रहा है।

## अवैध खनन रोकने की मांग जनता मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन

**खनन नियमों के उल्लंघन और पर्यावरण को नुकसान का लगाया आरोप**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जनता मजदूर संघ के पलामू प्रमंडलीय संयोजक राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने पलामू उपायुक्त और जिला खनन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि पलामू जिला के पांकी प्रखंड अंतर्गत आसेहार सौरव स्टोन माइंस में माइंस एक्ट, सेफ्टी एक्ट, प्रदूषण एक्ट और माइनिंग नियमों का उल्लंघन कर उत्खनन किया जा रहा है। माइंस संचालक कुमार सौरव द्वारा तय सीमा से अधिक खनन किया जा चुका है, और अब भी उत्खनन जारी है, जो गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।

**सुरक्षा मानकों और पर्यावरण संरक्षण नियमों की अनदेखी :** संघ ने आरोप लगाया कि माइंस में बिना चालान पत्थर धुलाई का कार्य हो रहा है, जिससे खनन अधिनियम 1977 और पर्यावरण संरक्षण नियम 1986 के मानकों का उल्लंघन हो रहा है। धूल उत्सर्जन रोकने के लिए जरूरी उपायों को नजरअंदाज किया गया है, जिससे श्रमिकों, किसानों और पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसके अलावा, सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के तहत प्रभावित किसानों और श्रमिकों को राहत और सामुदायिक विकास योजनाओं से वंचित रखा गया है। माइंस संचालक द्वारा एक भी वृक्षारोपण नहीं किया गया, जिससे पर्यावरण असंतुलन बढ़ रहा है।

**15 दिन में कार्रवाई नहीं तो उच्च न्यायालय में याचिका :** संघ ने जिला प्रशासन से 15 दिनों के भीतर उच्च स्तरीय जांच कर अवैध उत्खनन पर रोक लगाने की मांग की है। अन्यथा 20 मार्च 2025 को झारखंड उच्च न्यायालय और संबंधित प्राधिकरणों के समक्ष न्याय की गुहार लगाई जाएगी।इस अवसर पर रंजीत पासवान, विवेक कुमार सिंह, अशोक चौहान, भीमसेन सहित अन्य संघ के

## न्यूज | बॉक्स

### बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देने पर प्रधानाध्यापक ने दिया जोर



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने केवालटोला, रजवाडीह की अभिवंचित बस्ती का भ्रमण कर अभिभावकों को 'अभिभावक-शिक्षक बैठक' में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान शिक्षक विजय कुमार ठाकुर भी उनके साथ मौजूद रहे। प्रधानाध्यापक ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक बैठक एक प्रभावी मंच है, जहां शैक्षिक संवाद, सुझाव संग्रहण और आवश्यक सुधार की पहल की जा सकती है। भ्रमण के दौरान उन्होंने देखा कि कुछ अभिभावक बच्चों को घर की देखभाल का जिम्मा देकर काम पर चले जाते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने इसे बच्चों के साथ गैर-इरादतन नाइंसाफी बताया और कहा कि अभिभावकों को यह समझना होगा कि घर संभालने से ज्यादा जरूरी विद्यालय जाना है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि वह जल्द ही केवालटोला का पुनः भ्रमण करेंगे और अभिभावकों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कोविड-19 के दौरान भी यहां 'पढ़बे करब टोला कक्षा अभियान' चलाया था, जिससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो।

### टीबी मरीजों की पहचान के लिए सक्रिय खोज अभियान जारी

**मेदिनीनगर।** क्षय रोग (टीबी) के मरीजों की पहचान के लिए सक्रिय केस खोज अभियान 21 फरवरी से शुरू किया गया है, जो 17 मार्च तक जारी रहेगा। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीम घर-घर जाकर टीबी के लक्षणों की जांच कर रही है। अभियान के दौरान प्रत्येक टीम में दो स्वयंसेवक (वॉलंटियर्स) शामिल हैं, जो घर-घर जाकर लोगों से पूछताछ कर रहे हैं कि क्या किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय से बुखार, खांसी, बलगम में खून आना, वजन कम होना या शाम के समय अत्यधिक पसीना आने जैसी समस्याएं हैं। यदि किसी में ये लक्षण पाए जाते हैं, तो बलगम का सैंपल लेकर माइक्रोस्कोपी, ट्रूनेट या सीबी-नेट टेस्ट के लिए भेजा जा रहा है।

### सदर थाना प्रभारी ने तीन दुकानों को हटवाया, राहगीरों को होगी सुविधा

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सुआ कौड़िया गोदाम चौक के पास सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। चाट-चाउमिन, चाय और मिठाई की दुकानों के कारण राहगीरों और वाहनों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की शिकायत पर सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और तीन दुकानों को हटवा दिया। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि सड़क पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि वे सड़क या रास्ते में दुकान लगाकर अतिक्रमण करते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया और राहत की सांस ली।

## पड़वा मोड़ पर सड़क मरम्मत यात्रियों को मिली राहत

**● स्थानीय पहल से सुलझी वर्षों पुरानी समस्या**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के सीआईटी सह ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस के संयुक्त महासचिव बीएम पांडेय ने समाजसेवा की मिसाल कायम करते हुए पड़वा मोड़ की जर्जर सड़क की मरम्मत करवाई। लंबे समय से इस सड़क में बने गड्ढों के कारण स्थानीय लोगों और यात्रियों को भारी परेशानी हो रही थी। कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से इस समस्या के समाधान की मांग की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय निवासियों के अनुरोध पर बीएम पांडेय ने निजी खर्च पर सड़क की मरम्मत करवाई, जिससे यातायात सुगम हो गया और लोगों को राहत मिली। इस पहल के लिए स्थानीय लोगों ने उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क आम जनता के लिए महत्वपूर्ण है और इसकी मरम्मत से यात्रियों को सुरक्षित और सहज आवागमन का लाभ मिलेगा।

### विधानसभा में आलोक चौरसिया का सवाल

## जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरा, सड़क जाम और जल संकट का समाधान कब?



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने सड़क जाम, पेयजल आपूर्ति और अन्य महत्वपूर्ण समस्याओं को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। सदन में बुधवार को ध्यानाकर्षण के दौरान उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से सरकार से सवाल पूछे।

विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि पलामू जिले के मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में गर्मी के दिनों में पानी का जलस्तर काफी नीचे चला जाता है, जिससे आमजन को पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या पंपू कल और शिवाला घाट रामजानकी मंदिर के पास आरसीसी बियर के निर्माण से जलस्तर में सुधार होगा और सरकार इस दिशा में क्या कदम उठा रही है?

इसके अलावा, विधायक ने मेदिनीनगर के रेड़मा चौक पर आए दिन लगने वाले भारी जाम की समस्या को उठाते हुए कहा कि चारों तरफ से गाड़ियों की लंबी कतारें लगती हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बन रहे नेशनल हाईवे से जाम की समस्या का समाधान नहीं होगा, क्योंकि बड़ी गाड़ियां तो बाईपास से निकल जाएंगी, लेकिन छोटे वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे समस्या जस की तस बनी रहेगी।

विधायक चौरसिया ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बजट में इन गंभीर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है, जिससे साफ जाहिर होता है कि सरकार जनहित के प्रति संवेदनशील नहीं है। उन्होंने सरकार से तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की।

### भंडरिया में 7 मार्च को किसान प्रदर्शनी का आयोजन

**भंडरिया।** भंडरिया पंचायत भवन प्रांगण में 7 मार्च को प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रखंड कार्यालय के एटीएम शशिकांत शर्मा ने जानकारी दी कि इस मेले में किसान अपनी उपजाई हुई फसलों की प्रदर्शनी लगाएंगे। चयनित किसानों को पुरस्कृत किया जाएगा। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण गढ़वा के परियोजना निदेशक के निदेशानुसार यह मेला 2024-25 में आत्मा समिति सहायता अनुदान योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है, ताकि वे अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर सकें और कृषि तकनीकों की नई जानकारी प्राप्त कर सकें। इस आयोजन में जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाएगा।

## बड़े भाई की प्रथम पुण्यतिथि पर डीटीओ ने दिया समाजसेवा का संदेश

**● बाल आश्रय गृह में बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री व मिठाइयों का वितरण किया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के केश्वर आहर स्थित बाल आश्रय गृह में बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) सुरेंद्र कुमार पहुंचे और बच्चों के बीच मिठाइयां व पाठ्य सामग्री वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम उनके बड़े भाई स्व. चिरंजीवी कुमार की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया है। स्व. चिरंजीवी कुमार अमेरिका स्थित ओरेकल कंपनी में डायरेक्टर के पद पर कार्यरत थे और पिछले वर्ष उनका निधन हो गया था। उन्होंने हमेशा समाज के असहाय लोगों की मदद के लिए कार्य करने की सोच रखी थी। उनके इसी विचार को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से डीटीओ सुरेंद्र कुमार लगातार जरूरतमंदों की सहायता में जुटे रहते हैं। उन्होंने समाज के समृद्ध लोगों से अपील की कि वे समय-समय पर इन संस्थानों में आकर जरूरतमंदों की मदद करें और दूसरों को भी इस नेक कार्य के लिए प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार सिन्हा, दिनेश

## महिलाएं सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बन रही हैं : पूनम देवी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि महिलाएं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत आयोजित वायलर कुक्कुट पालन कार्यक्रम में कहा कि इस योजना से महिलाएं मुर्गी व बत्तख पालन कर आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। सरकार मामूली अंशदान पर इस योजना का लाभ दे रही है। कार्यक्रम में लाभुकों में टेमकी की मानो देवी, मोंगर की अमृता देवी, तरवाडीह के इजराइल अंसारी और जंगलदगा की प्रतिमा देवी को वायलर चूजे, मुर्गी दाना, दवाइयां और बर्तन वितरित किए गए। मौके पर पशु शल्य चिकित्सक डॉ. रविनंदन, बीएएसओ डॉ. हरेंद्र पाल भगत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### धुरकी पुलिस ने चलाया सख्त वाहन चेकिंग अभियान

**धुरकी।** पुलिस ने विभिन्न चौक-चौराहों पर यातायात नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए कड़ाई से वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट, ट्रिपल लोडिंग, अधूरे दस्तावेजों और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के चलाए जा रहे मोटरसाइकिलों को जब्त कर चालान काटा गया। थाने के एएसआई अजय कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर यह अभियान प्रतिदिन चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले चेतावनी देकर छोड़ा गया था, लेकिन अब सख्ती बरती जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में भय का माहौल बन गया है, और लोग अब यातायात नियमों के प्रति अधिक सतर्क हो रहे हैं।

## पेज एक के शेष

**सभी के सहयोग...**

प्रखंड स्तर पर कौशल विकास के प्रशिक्षण की है व्यवस्था : मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के कौशल विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को अब प्रखंड स्तर पर ही कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। मेरा नौजवानों से आग्रह है कि वे कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में आएं और अपने को दक्ष बनाएं। आपकी दक्षता आपके करियर को नई दिशा देगी।

**अभियंताओं पर करें...**

फिर प्रभारी मंत्री द्वारा एफआईआर नहीं कराने पर प्रदीप यादव ने कहा कि ऐसे में वह सदन में धरना पर बैठ जाएंगे। वहीं हेमलाल मुर्मू ने कहा कि बिना कार्यपालक अभियंता के रोकड़पाल गबन नहीं कर सकता है। प्रभारी मंत्री के रूख से लग रहा है कि वह बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी नीयत पर सवाल उठता है। देर तक चली बहस में प्रभारी मंत्री ने कहा कि सात दिन के भीतर कार्रवाई कर अवगत कराया जायेगा। इस पर प्रदीप यादव ने आसन से आग्रह किया कि इस प्रश्न को 7 दिन के लिए स्थगित कर दिया जाए। जिसके बाद स्पीकर ने इस प्रश्न को सात दिन के लिए स्थगित कर दिया। अब इस प्रश्न पर सात दिन के बाद चर्चा होगी।

**केदारनाथ की यात्रा...**

इस रोपवे परियोजना पर करीब 4,081 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इस रोपवे को डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर विकसित किया जाएगा। रोपवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटैचेबल गोंडोला (3एस) तकनीक पर आधारित है। जिसकी डिजाइन क्षमता 1,800 यात्री प्रति घंटे प्रति दिशा (पीपीएचपीडी) होगी और यह प्रतिदिन 18,000 यात्रियों को ले जाएगा। रोपवे परियोजना निर्माण और संचालन के दौरान और साथ ही पूरे वर्ष आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय (एफएंडबी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करेगी। रोपवे परियोजना का विकास संतुलित सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, पहाड़ी क्षेत्रों में अंतिम मील संपर्क को बढ़ाने और तेजी से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केदारनाथ मंदिर की यात्रा गौरीकुंड से 16 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और वर्तमान में पैदल या टट्टू, पालकी और हेलीकॉप्टर द्वारा तय की जाती है। केदारनाथ उत्तराखंड राज्य के रुद्रप्रयाग जिले में 3,583 मीटर (11968 फीट) की ऊंचाई पर स्थित 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यह मंदिर अक्षय तृतीया (अप्रैल-मई) से दिवाली (अक्तूबर-नवंबर) तक साल में लगभग 6 से 7 महीने तीर्थयात्रियों के लिए खुला रहता है और इस मौसम में सालाना लगभग 20 लाख तीर्थयात्री यहां आते हैं।

**सारंडा में नक्सलियों...**

जहां विस्फोट हुआ है, वह क्षेत्र नक्सल प्रभावित माना जाता है। मौके पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनात की गयी है।

नक्सलियों के खिलाफ लगातार जारी है अभियान : नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। जिसको लेकर सुरक्षाबलों द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान सोमवार को नक्सली संगठन के शीर्ष नेता अजय महतो और उनके दस्ता सदस्यों के सारंडा क्षेत्र में भ्रमणशील होने की सूचना मिली। जिसको लेकर गुवा थाना के आसपास के पहाड़ी और जंगली इलाकों में सर्च अभियान शुरू किया गया है।

**2 अप्रैल से...**

उन्होंने इसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को फिर से अमीर और महान बनाने के लिए जरूरी कदम बताया। ट्रंप ने यह भी कहा कि यूरोपीय संघ, चीन, ब्राजील, भारत और अन्य देशों ने दशकों से अमेरिका पर अधिक टैरिफ लगाए हैं, और अब वह समय आ गया है जब अमेरिका इन देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएगा।

### सहिजना देवी मंडप में देवी संघ अखाड़ा के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** बुधवार को सहिजना देवी मंडप के प्रांगण में देवी संघ अखाड़ा द्वारा आगामी रामनवमी पूजा को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में रामनवमी पूजा को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा की सफलता के लिए संगठन ने एक टीम का गठन किया, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए पंकज कुशवाहा, उपाध्यक्ष पद के लिए सोनू पाल, मिथुन चंद्रवंशी और सुमन चंद्रवंशी को चुना गया। सचिव पद पर शशिकांत दुबे, लक्ष्मण उपाध्याय, और उप सचिव पद पर जितेंद्र मेहता, अभिषेक कुमार, नवनीत दुबे, अतुल तिवारी को जिम्मेदारी दी गई। वहीं, कोषाध्यक्ष राहुल कुमार, सह कोषाध्यक्ष रवि रंजन कुमार और मीडिया प्रभारी प्रकाश पंडित बनाए गए। पूजा-पाठ के लिए उमेश्वर पांडे, जजमान रामदेव राम, सत्यनारायण सिंह और कमलकांत अमन तिवारी को चुना गया। संगठन के सदस्य के रूप में अनंत कुमार, रुपेश मेहता, रामप्रवेश मेहता, पवन, मनोज, रवि, विपुल, सनी, अमर, आनंद, प्रांजल, गौतम, अंकित, निलेश, हरि ओम दुबे, राजीव दुबे, सत्यम पाठक, अक्षय, सक्षम, ओमप्रकाश मेहता, राजेंद्र मेहता आदि का नाम शामिल है। संगठन के संरक्षकों में बृजमोहन प्रसाद, जितेंद्र सिंह, रंजन भारद्वाज, नंदलाल तिवारी शामिल हैं।

### टेंपो पलटने से छह स्कूली छात्र घायल, चालक मौके से फरार

**भवनाथपुर।** खरौंधी मुख्य मार्ग पर मकरी के बड़का आहर के पास एक टेंपो पलटने से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छह छात्र और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। घटना सुबह 8:45 बजे की है, जब टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। घायलों में दीपांजल कुमारी, काजल कुमारी, आंचल कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, अंशु गुप्ता, पीयूष कुमार और अवधेश बैठा शामिल हैं।

### श्री बंशीधर महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे अधिकारी



**श्री बंशीधर नगर।** आगामी 19-20 मार्च को आयोजित होने वाले श्री बंशीधर महोत्सव की तैयारियों को लेकर अनुमंडल प्रशासन सक्रिय हो गया है। बुधवार को एसडीओ प्रभाकर मिर्धा और एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह ने समारोह स्थल गोसाईबाग मैदान और श्री बंशीधर मंदिर का निरीक्षण किया। उन्होंने मैदान परिसर में बनी अनधिकृत झोपड़ियां, गिट्टी, बालू और बांस हटाने के निर्देश दिए। इसके अलावा बड़ी गाड़ियों के लिए वैकल्पिक बाईपास रोड का भी निरीक्षण किया गया। 9 मार्च को अनुमंडल कार्यालय सभागार में अधिकारियों, मंदिर ट्रस्ट, नगर पंचायत और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बैठक होगी, जिसमें महोत्सव की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### मुखिया व बीपीएम ने किया मध्य विद्यालय सिंहपुर का निरीक्षण, मिली कई खामियां

**केतार।** मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह और बीपीएम रवि कुमार वैद ने बुधवार को मध्य विद्यालय सिंहपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में सफाई, मध्यान्ह भोजन, रसोईघर और उपस्थिति पंजी की जांच की गई। मुखिया मूंगा साह ने कहा कि बच्चों को पोशाक, जूते और कीट का वितरण नहीं किया गया है, जबकि विभाग को शत-प्रतिशत वितरण की रिपोर्ट भेजी गई है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति की निष्क्रियता पर भी सवाल उठाया। बीपीएम रवि कुमार वैद ने विद्यालय प्रभारी राजेंद्र राम को जल्द से जल्द सुधार के निर्देश दिए और वंचित बच्चों को पोशाक वितरित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान शिक्षक रामकुमार राम, धनंजय तिवारी, अनुज सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**प्रतियोगिता**

### मां चतुर्भुजी प्रीमियर लीग में खेले गए रोमांचक मुकाबले

## सुंडीपुर और गमहरिया ने दर्ज की जीत, आलोक तिवारी व पप्पू बने मैन ऑफ द मैच



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** मां चतुर्भुजी प्रीमियर लीग सीजन-1 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को दो मुकाबले खेले गए। पहला मैच कधवन और गमहरिया के बीच हुआ, जिसमें गमहरिया की टीम ने 8.2 ओवर में 1 विकेट खोकर जीत दर्ज की। इस मैच में गमहरिया के आलोक तिवारी ने 43 रनों की शानदार पारी खेली और मैन ऑफ द मैच बने। दूसरा मुकाबला सुडीपुर और सोनडीहा के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सुडीपुर की टीम ने 10 ओवर में 87 रन बनाए। जवाब में सोनडीहा की टीम 6.4 ओवर में 43 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इस मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले सुडीपुर के पप्पू को मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट के आयोजनकर्ता पंकज सिंह, अध्यक्ष बिट्टू सिंह, श्याम बिहारी राम, गौतम पाल, रविंद्र सोनी, मदन पटेल, हेमंत मेहता, चंदन पासवान, अभिमन्यु सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 'वेल्थ रिपोर्ट 2025 : अमेरिका और चीन के बाद भारत तीसरे स्थान पर

# बढ़ रही करोड़पतियों और अरबपतियों की संख्या

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नाइट फ्रैंक की ताजा 'वेल्थ रिपोर्ट 2025' के अनुसार, भारत में करोड़पतियों और अरबपतियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के अरबपतियों की कुल संपत्ति 950 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गई है, जो अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार, 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 83 करोड़ रुपए) से अधिक की संपत्ति वाले भारतीय उच्च-निवल-मूल्य वाले व्यक्तियों की संख्या 2024 में 6% बढ़कर 85,698 हो गई। यह संख्या 2028 तक बढ़कर 93,753 होने का अनुमान है, जो भारत के धन सृजन की तेजी को दर्शाता है।



### संयुक्त संपत्ति 950 अरब डॉलर

भारत के अरबपतियों की कुल संपत्ति 950 अरब अमेरिकी डॉलर आंकी गई है, जो अमेरिका (5.7 ट्रिलियन डॉलर) और मेनलैंड चीन (1.34 ट्रिलियन डॉलर) के बाद वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर है। नाइट फ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि भारत की यह संपत्ति वृद्धि देश की आर्थिक मजबूती और दीर्घकालिक विकास क्षमता को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि भारतीय धनिक वर्ग न केवल संपत्ति बढ़ा रहा है, बल्कि अपनी निवेश प्राथमिकताओं में भी बदलाव कर रहा है। अब वे रियल एस्टेट के साथ वैश्विक इक्विटी और अन्य परिसंपत्ति वर्गों में भी निवेश कर रहे हैं। बैजल के अनुसार, अगले दशक में भारत का वैश्विक संपत्ति सृजन में प्रभाव और अधिक मजबूत होने की संभावना है।

### भारत में अब 191 अरबपति

भारत में अरबपतियों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में देश में कुल 191 अरबपति हो चुके हैं, जिनमें से 26 नए अरबपति पिछले साल इस सूची में शामिल हुए। 2019 में यह संख्या मात्र 7 थी, जिससे स्पष्ट होता है कि भारत में संपत्ति सृजन की गति तेज हुई है।

## भारत वसूलता है 100 फीसदी ऑटो टैरिफ डोनाल्ड ट्रंप का आरोप कितना सही?

न्यूयॉर्क (आईएएनएस)



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पारस्परिक टैरिफ लगाने की अपनी धमकियों को दोहराते हुए भारत पर ऑटो पर 100 प्रतिशत से अधिक टैरिफ लगाने का आरोप लगाया, जबकि भारत ने उच्चतम दर को घटाकर 70 प्रतिशत कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंगलवार को कांग्रेस के संयुक्त सत्र में अपनी नीतियों को रेखांकित करते हुए कहा, "भारत ऑटो पर 100 प्रतिशत से अधिक टैरिफ लगाता है।"
हालांकि, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले महीने अपने बजट में घोषणा की थी कि लग्जरी कारों पर टैरिफ को 125 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत किया जा रहा है। उन्होंने हाई-एंड मोटरसाइकिलों पर भी टैरिफ को 50 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया।
वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अमेरिकी अधिकारियों के साथ टैरिफ पर चर्चा करने के लिए वाशिंगटन का दौरा करेंगे। ट्रंप ने टैरिफ बढ़ाने के अपने फैसले को उचित ठहराते हुए कहा, "अनगिनत अन्य देश जितना हम वसूलते हैं उससे बहुत अधिक टैरिफ वसूलते हैं।" उन्होंने घोषणा की कि, "वे हमसे जो भी टैरिफ लगाएंगे, हम उन पर टैरिफ लगाएंगे।"
पारस्परिक टैरिफ या रेसिप्रोकल टैरिफ 2 अप्रैल से लागू होंगे। बता दें टैरिफ उस कर को बोला जाता है जो देश में प्रवेश करने वाले सामानों पर लगाया जाता है, जो आयात के मूल्य के अनुपात में होता है।

### 30 लाख की 20 टन प्रतिबंधित खैर लकड़ी जब्त, दो गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की मसूरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 20 टन प्रतिबंधित खैर प्रजाति की लकड़ी बरामद की। इसकी कीमत लगभग 30 लाख रुपए है। पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार भी किया है। घटना के संबंध में थाना मसूरी पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने बताया है कि आरोपियों की पहचान दीपक तिवारी (36), निवासी ग्राम बसई, थाना बसई, जिला दतिया, मध्य प्रदेश और हरी सिंह परिहार (38), निवासी ग्राम बसई, थाना बसई, जिला दतिया, मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया है कि मसूरी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग ट्रक में प्रतिबंधित खैर प्रजाति की लकड़ी का परिवहन कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने ईस्टर्न पेरीफेरल अंडरपास के पास से ट्रक को रोका और जांच की। ट्रक से करीब 20 टन खैर प्रजाति की लकड़ी बरामद हुई, जिसकी कीमत लगभग 30 लाख रुपए है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि वे लकड़ी मध्य प्रदेश से चोरी-छुपे लेकर आ रहे थे और हिमाचल प्रदेश के सागर कत्था फैक्ट्री में पहुंचाने की योजना थी।

## बांग्लादेश चाहता है भारत से मजबूत संबंध

# ढाका को जल्द वीजा बहाली की उम्मीद

ढाका (आईएएनएस)

मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा कि उनका देश भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाना चाहता है और वे इस बारे में हमेशा स्पष्ट रहे हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, हुसैन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय उच्चायोग जल्द ही बांग्लादेशियों को वीजा जारी करना फिर से शुरू कर देगा।

उन्होंने मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के विचारों को दोहराया। युनूस ने कहा था कि भारत और बांग्लादेश के बीच अच्छे संबंध बनाए रखने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय में मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए हुसैन ने कहा, "मुख्य सलाहकार की ओर व्यक्त किए गए विचार हमारे रुख को दर्शाते हैं। मैंने पहले भी आपसी सम्मान के आधार पर रचनात्मक कार्य संबंध की जरुरत पर जोर दिया है। बाकी बातें समय के साथ सामने आएंगी। दोनों पक्षों के अपने-अपने हित हैं और रिश्ते उसी के अनुसार विकसित होंगे। भारतीय उच्चायोग की तरफ से वीजा सेवाओं की बहाली के बारे में किसी भी अपडेट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, "ऐसी जानकारी भारत से आनी चाहिए। हमने वीजा संबंधी जटिलताएं पैदा नहीं की हैं। वीजा जारी करना एक संप्रभु विशेषाधिकार है। यदि कोई देश कुछ व्यक्तियों या समूहों को वीजा न देने का निर्णय लेता है, तो यह उसका अधिकार है, और कोई आपत्ति नहीं उठाई जा सकती। हमें उम्मीद है कि वे अपने निर्णय की जानकारी हमें देंगे और संभावित यात्रियों के लिए प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने की कोशिश करेंगे। पिछले महीने हुसैन ने मस्कट में हिंद महासागर सम्मेलन के दौरान भारत के विदेश मंत्री (ईएएम) एस. जयशंकर से मुलाकात की थी। इस बैठक के दौरान, दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों में चुनौतियों को पहचाना और उनसे निपटने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता पर चर्चा की।
भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, ईएएम जयशंकर ने कहा था कि यह महत्वपूर्ण है कि बांग्लादेश को आतंकवाद को सामान्य नहीं बनाना चाहिए।



### विरोध प्रदर्शन के बाद भारत ने बांग्लादेशियों को वीजा जारी करना बंद कर दिया था

बैठक के बाद बांग्लादेशी मीडिया ने यह भी बताया कि विदेश मंत्री जयशंकर और हुसैन ने द्विपक्षीय संबंधों के मौजूदा संदर्भ में उत्पन्न चुनौतियों को दूर करने के लिए काम करने के महत्व पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने इस वर्ष के अंत में बैंकॉक में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान यूनुस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बैठक के 'आयोजन के विषय' पर भी चर्चा की। पिछले वर्ष दक्षिण एशियाई देश में बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद भारत ने बांग्लादेशियों को वीजा जारी करना बंद कर दिया था। इस विरोध प्रदर्शन के कारण दक्षिण एशियाई देश में हिंसा और दंगे भड़क उठे थे। भारत और बांग्लादेश के संबंध पूर्व पीएम शेख हसीना के तख्ता पलट के बाद से बिगड़ने लगे थे। हसीना के देश छोड़ने के बाद से देश में अल्पसंख्यक समुदायों और उनके धार्मिक स्थलों पर निशाना साधे जाने लगा जिसकी भारत ने आलोचना की।

## ट्रंप ने पाकिस्तान को कहा 'शुक्रिया'

# इस्लामिक स्टेट का एक आतंकवादी हुआ गिरफ्तार

वाशिंगटन (आईएएनएस)



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि काबुल एयर पोर्ट के बाहर 2021 में हुए एक घातक आत्मघाती बम विस्फोट के लिए कथित रूप से जिम्मेदार इस्लामिक स्टेट के एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया है। 26 अगस्त, 2021 को अफगानिस्तान से भागने की कोशिश कर रहे लोगों को निशाना बनाते हुए हमलावर ने एक डिवाइस में विस्फोट किया था। धमाके में लगभग 170 अफगानी और 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई थी।

अप्रैल 2023 में, व्हाइट हाउस ने घोषणा की कि हमले की साजिश में शामिल इस्लामिक स्टेट के एक कमांडर को अफगानिस्तान की नई तालिबान सरकार के एक ऑपरेशन में मार दिया गया। अपने दूसरे कार्यकाल में पहली बार कांग्रेस को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि पाकिस्तान ने 'उस अत्याचार के लिए जिम्मेदार शीर्ष आतंकवादी' की गिरफ्तारी में मदद की। उन्होंने कहा, "और वह अमेरिकी न्याय की तेज तलवार का सामना करने के लिए यहां आ रहा है। ट्रंप ने अपने पूर्ववर्ती जो बाइडेन की 'अफगानिस्तान से विनाशकारी और अक्षम वापसी' की निगरानी पर कटाक्ष किया। उन्होंने 'इस राक्षस को गिरफ्तार करने में मदद करने के लिए' पाकिस्तान को धन्यवाद दिया, लेकिन संदिग्ध या गिरफ्तारी अभियान का कोई विवरण नहीं दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों ने पकड़े गए व्यक्ति की पहचान मोहम्मद शरीफुल्लाह के रूप में की है। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक काश पटेल ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट किया, "मैं रिपोर्ट कर सकता हूं कि आज रात एफबीआई, डीओजे (न्याय विभाग), और सीआईए (केंद्रीय खुफिया एजेंसी) ने अफगानिस्तान से वापसी के दौरान एबी गेट पर 13 अमेरिकी सैनिकों की हत्या के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों में से एक को प्रत्यर्पित किया।

## किसानों का चंडीगढ़ मार्च रोकने के लिए पुलिस ने की नाकेबंदी : डीआईजी गुरचरण सिंह भुल्लर

चंडीगढ़ (आईएएनएस)

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के चंडीगढ़ कूच के ऐलान के बाद पंजाब पुलिस ने पूरे राज्य में सुरक्षा बढ़ा दी है और किसानों के मूवमेंट को रोकने के लिए कड़ी नाकेबंदी की है। पंजाब पुलिस के डीआईजी गुरचरण सिंह भुल्लर ने कहा कि सभी नाकों पर कड़ी नाकाबंदी की गई है और पुलिस मुस्तैद है। अब तक किसानों का कोई मूवमेंट नहीं हुआ है और सब कुछ शांतिपूर्वक चल रहा है। डीआईजी भुल्लर ने यह भी कहा कि प्रदेश के चंडीगढ़ को जोड़ने वाले सभी रास्ते सामान्य हैं और पूरे पंजाब में शांतिपूर्ण माहौल बना हुआ है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी कीमत पर किसानों को चंडीगढ़ नहीं आने दिया जाएगा। पंजाब में सुरक्षा के लिए बहुत मजबूत नाके लगाए गए हैं और नाकेबंदी की गई है, जिससे किसानों की कोई भी गतिविधि रुक गई है। उन्होंने यह भी बताया कि पंजाब में किसी भी स्थान पर किसानों को आने की कोशिश करने पर इलाके की पुलिस उन्हें रोककर अलग कर देती है, और पूरे पंजाब में ट्रैफिक सामान्य रूप से चल रहा है।

डीआईजी ने यह कहा कि किसानों को राउंड अप किया गया है तथा यदि और किसान आकर आंदोलन करने की कोशिश करेंगे, तो उन्हें भी राउंड अप किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ पुलिस के साथ पूरा संयोजन स्थापित किया गया है और दोनों पुलिस बल मिलकर काम कर रहे हैं। चंडीगढ़ पुलिस की एसएसपी भी मदद कर रही हैं।

हमें चाहिए बुनियादी हक

## पाक-ईरान में मुश्किल हालात का सामना कर रहे अफगान शरणार्थियों ने मांगी मदद

**काबुल ।** पाकिस्तान और ईरान में लगातार उत्पीड़न का सामना कर रहे अफगानिस्तान के शरणार्थियों ने तालिबान सरकार और विभिन्न मानवाधिकार संगठनों से मदद की गुहार लगाई है। शरणार्थियों ने कहा कि वैध कानूनी दस्तावेज होने के बावजूद उन्हें स्थानीय अधिकारियों [खासकर पाकिस्तान में] की तरफ से अवैध हिरासत, निर्वासन और भेदभाव का खतरा बना हुआ है। एक शरणार्थी ने अफगानिस्तान के टोलो न्यूज नेटवर्क से कहा, "पुलिस अधिकारी किसी भी बहाने से अफगान शरणार्थियों को हिरासत में ले लेते हैं, चाहे उनके पास कानूनी दस्तावेज हों या नहीं। वे सभी को निर्वासित कर देते हैं, जिससे उनकी पत्नियां और बच्चे बिना किसी सहारे के फंस जाते हैं।

## ईरान से लौटे विद्वानों की गिरफ्तारी पर गिलगिट-बाल्टिस्तान में तनाव

लाहौर (आईएएनएस)

ईरान से लौटने के बाद तीन धार्मिक विद्वानों की गिरफ्तारी के खिलाफ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगिट-बाल्टिस्तान क्षेत्र के लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी खारमंग से सैयद

### सड़क पर उतरे लोग

आगा अली अब्बास, स्कार्दू से शेख गुलाम अब्बास और शिगर से शेख अख्तर हुसैन की तत्काल रिहाई की मांग कर रहे हैं, जिन्हें 25 फरवरी को बलूचिस्तान क्षेत्र में ईरान के साथ सीमा पार करके पाकिस्तान में प्रवेश करने के बाद गिरफ्तार किया गया था। अत्यधिक ठंड और भारी बर्फबारी के बावजूद, बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पिछले एक सप्ताह से धरना दे रहे हैं और खारमंग में कारगिल मार्ग को भी अवरुद्ध कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप है कि तीनों विद्वानों को पाकिस्तानी सुरक्षा एजेंसियों ने बिना किसी अपराध के हिरासत में लिया है। मंगलवार देर शाम अपुष्ट रिपोर्टों में कहा गया कि प्रदर्शनकारियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए अधिकारियों ने दो विद्वानों को रिहा करने का वादा किया है, लेकिन शेख अख्तर हुसैन को हिरासत में रखने की योजना बनाई है।

कहानी फिल्म जगत की

# पिता की मौत के 6 दिन बाद प्रियंका ने मां को दिया था जॉन अब्राहम

ग्लोबल स्टार बन चुकी प्रियंका चोपड़ा का जन्म जमशेदपुर में गुमलावासी नाना के घर हुआ था, इन दिनों एसएस राजामौली की फिल्म एसएसएमबी 29 के साथ भारतीय सिनेमा में एंट्री करने जा रही है। प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा ने लेहरन रेट्रो के दिए एक इंटरव्यू में उस पल को याद किया कि कैसे उनके पति की मौत के बाद प्रियंका ने जॉन अब्राहम के साथ मिलकर उन्हें एक बड़ा सरप्राइज दिया था । मधु चोपड़ा ने खुलासा किया कि प्रियंका ने उनके पति अशोक चोपड़ा के मौत के 6 दिन बाद ही उनके लिए जन्मदिन की पार्टी आयोजित करने पर जोर दिया और उस पल को याद किया। मधु ने आगे बताया कि "उनका निधन 10 जून को हुआ और मेरा जन्मदिन 16 जून को है। मैं 60 साल की होने वाली थी और प्रियंका ने मेरे लिए एक बड़ी पार्टी का प्लान बनाया था। पति की बीमारी के कारण पूरा परिवार पहले से ही वहां मौजूद था। उनके निधन के बाद, हम शोक में थे, लेकिन प्रियंका ने जोर देकर कहा कि हम पार्टी के साथ आगे बढ़ें और सभी को रुकने के लिए कहा। प्रियंका ने कहा, 'पिताजी यही चाहते थे'।

### मधु चोपड़ा जॉन अब्राहम की फैन

मधु चोपड़ा खुलासा किया कि वह जॉन अब्राहम की बहुत बड़ी फैन हैं और आगे बताया कि, " प्रियंका ने जॉन से आधी रात को आने का अनुरोध किया था और जॉन बर्थडे के गिफ्ट की तरह पैक होकर आए। कल्पना कीजिए! प्रियंका ने कहा, 'नहीं, मम्मी को अपना पल बिताना है।' यह डीजे और म्यूजिक के साथ एक मजेदार पार्टी थी। लेकिन परिवार के बाकी लोग उदास होकर बैठे रहे, और कह रहे थे, 'उसे देखो! वह नाच रही है! क्या मधु अपने पति के लिए दुखी नहीं है?' इस बीच, मैं सोच रही थी, 'मेरी बेटी ने यह सब व्यवस्थित किया है; मेरे बच्चों ने बहुत प्रयास किया है। वे सभी पीड़ित और दुखी हैं, लेकिन प्रियंका इस तरह से अपने पिता का सम्मान कर रही है।' प्रियंका ने यहां तक कहा, 'मैं उनकी इच्छा का सम्मान कर रही हूं, और बेहतर होगा कि आप भी उनके साथ चलें।' वह ऐसी ही इंसान हैं। मधु ने आगे बताया कि जॉन बो टाई पहने हुए आए थे और बहुत प्यारे लग रहे थे। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने बर्थडे पार्टी की कोई फोटो ली है, तो मधु ने कहा कि उन्हें याद नहीं है कि किसी ने उस पल को कैद करने के बारे में सोचा भी था या नहीं।

### प्रियंका चोपड़ा के अपकमिंग प्रोजेक्ट

प्रियंका चोपड़ा एसएस राजामौली की फिल्म एसएसएमबी 29 में नजर आएगी। इस फिल्म में महेश बाबू भी है। बता दें कि, यह फिल्म इंडियाना जोन्स जैसी ही एक एक्शन-एडवेंचर है और यह इस साल जनवरी में हैदराबाद में लॉन्च किया गया था। प्रियंका के पास जॉन सीना और इदरीस एल्बा के साथ हेड्स ऑफ स्टेट और रूसो ब्रदर्स की सीरीज सिटाडेल का दूसरा सीजन भी पाइपलाइन में है।

